सूर्योदय 6:00 सूर्यास्त 6:39

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16.6 न्यू | 22.5 अधि |
| धर्मशाला | 20.0 न्यू | 28.2 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82559.84 |
| निफ्टी | 25278.70 |
| सोना 72,760 | चांदी 87,317 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in




गायक सोनू निगम ने शिव मंदिर बैजनाथ में टेका माथा

पृष्ठ 5 पर


आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | मंगलवार, 3 सितंबर 2024 | 19 भाद्रपद, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 257, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### सुप्रीम कोर्ट से बिभव को मिली जमानत



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पीए बिभव कुमार को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी है। विभव राज्यसभा सांसद स्वाती मालीवाल पर कथित हमले के आरोप में जेल में बंद थे। सुप्रीम अदालत ने आदेश दिया है कि जब तक सभी प्रमुख गवाहों से पूछताछ नहीं हो जाती, तब तक बिभव कुमार केजरीवाल के निजी सचिव के तौर पर काम नहीं करेंगे और न ही मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास में घुसेंगे।

### जेएंडके चुनाव: कांग्रेस ने की 6 कैंडिडेट की लिस्ट जारी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे फेज के 6 कैंडिडेट की लिस्ट जारी की है। रियासी विधानसभा से मुमताज खान, राजौरी से इफ्तार अहमद, श्री माता वैष्णो देवी से भूपेंद्र जामवाल, सेंट्रल शाल्टेंग से तारिक हमीद कर्रा और थन्नामंडी से शाविद अहमद खान, सूरनकोट से मोहम्मद शहनवाज चौधरी को टिकट दिया है।

### मानहानि केस: केजरीवाल की याचिका हुई खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को अरविंद केजरीवाल की मानहानि से जुड़े मामले उनकी दायर याचिका को खारिज किया। केजरीवाल ने केस से जुड़ी कार्यवाही रद्द करने की मांग की थी। 2019 में भाजपा पर आरोप लगाया था कि पार्टी ने मतदाता सूची से अग्रवाल मतदाताओं के नाम कटवाने थे। उनके इस आरोप पर दिल्ली बीजेपी के नेता राजीव बब्बर ने केजरीवाल के खिलाफ मानहानि का केस दर्ज कराया था।

### शराब घोटाले में विजय नायर को मिली जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में 'आप' के पूर्व संचार प्रभारी विजय नायर को जमानत दे दी और कहा कि स्वतंत्रता 'अनुल्लंघनीय' होती है। शीर्ष अदालत ने कहा कि मुकदमे से पूर्व जेल में बंद करना सजा नहीं हो सकती। पीठ ने कहा कि नायर धनशोधन मामले में पिछले 22 महीने से जेल में हैं, जहां अधिकतम सजा सात साल की है।

### ईडी ने किया 'आप' विधायक अमानतुल्लाह को गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** ईडी ने धनशोधन के मामले में जांच के तहत 'आप' के विधायक अमानतुल्लाह खान और कुछ अन्य लोगों को गिरफ्तार किया है। अमानतुल्लाह पर आरोप है कि उन्होंने दिल्ली वक्फ बोर्ड का अध्यक्ष रहते हुए 32 लोगों की अवैध भर्ती करवाई और फंड का गलत इस्तेमाल किया। वहीं, ईडी ने कोर्ट में पेश कर 10 दिन की हिरासत में भेजने का अनुरोध किया, जिस पर फैसला सुरक्षित रख लिया।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- स्थगन प्रस्ताव पर अविलंब चर्चा करवाने का कोई औचित्य नहीं -पेज 3
- यूथ आइकन निषाद कुमार की सफल उड़ान -पेज 7
- अनेक रोगों की दवा है दाड़ू का अनारदाना -पेज 9
- धोखे से फोरलेन मुआवजे के 40 लाख डकारे -पेज 12
- पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी कुमार नितेश ने पैरालंपिक में जीता स्वर्ण -पेज 14


# स्वास्थ्य संस्थानों की दशा सुधार रही सरकार : सुक्खू

## मुख्यमंत्री बोले- भाजपा सरकार के समय हुआ काफी नुकसान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**विधानसभा** के मानसून सत्र के पांचवें दिन मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रश्नकाल के दौरान सदन को बताया कि पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में स्वास्थ्य संस्थानों को काफी नुकसान हुआ है। कांग्रेस सरकार स्वास्थ्य संस्थानों में स्टाफ व उपकरणों की कमी को दूर कर रही है।

**दावा: 2027 तक आत्म निर्भर बनेगा हिमाचल**

सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र को और सुधारना चाहती है। सभी 68 विधानसभा क्षेत्रों में आदर्श स्वास्थ्य संस्थान खोले गए हैं।

यहां नौ स्टाफ नर्स, ओटीए और हर जगह उपकरण देने का काम किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने स्वास्थ्य संस्थानों सहित कई विभागों में सही से काम नहीं किया, अगर हम सही से काम करते हैं तो 2027 तक हिमाचल आत्मनिर्भर बनेगा।

इससे पहले सदन में प्रश्नकाल के दौरान लाहौल-स्पीति की कांग्रेस विधायक अनुराधा राणा के प्रश्न के उत्तर में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में जल्दी ही भर्तियां होने वाली हैं। काजा और केलांग अस्पतालों में महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के पद भरेंगे। दोनों क्षेत्रों में आदर्श स्वास्थ्य संस्थान खोले हैं। जल्द आयोग के माध्यम से डॉक्टरों के 200 पद और एनएचएम के माध्यम से 600 पद भरे जा रहे हैं।



विधानसभा मानसून सत्र के पांचवें दिन प्रश्नकाल के दौरान जवाब देते सीएम सुक्खू।

### अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए कड़े फैसले लेंगे

**सीएम** सुक्खू ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था में सुधार लाने के लिए राज्य सरकार अगले छह महीने में और कड़े फैसले लेगी। आने वाले बजट में अर्थव्यस्था में सुधार होता नजर आएगा। कांग्रेस विधायक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि सरकार को मुफ्त बिजली की सुविधा बंद करने से राज्य सरकार को कितनी आय प्राप्त होगी। इस पर मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि यह महत्वपूर्ण प्रश्न है। यह प्रदेश की अर्थव्यवस्था और पिछली सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन से जुड़ा है। चुनाव से छह महीने पहले 125 यूनिट बिजली माफ कर दी गई। पानी का बिल भी माफ कर दिया गया। हिमाचल की जनता ने कांग्रेस की सरकार को सत्ता में लाया। बिजली बोर्ड को भी आत्मनिर्भर बनाना है।

-विधानसभा विशेष पेज- 3

# स्पीकर के खिलाफ विपक्ष ने खोला मोर्चा विधानसभा सचिव को सौंपा अविश्वास प्रस्ताव

## विपिन परमार को नहीं मिली बात रखने की अनुमति; साथी सदस्यों के साथ किया वॉकआउट

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

**नेता** प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और भाजपा विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया के व्यवहार को लेकर विधानसभा सचिव को अविश्वास प्रस्ताव सौंपा। जयराम ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष की ओर से 6 विधायकों पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी। अध्यक्ष से टिप्पणी पर खेद व्यक्त करने का आग्रह किया था, लेकिन उनका रवैया अलग तरह का हो गया।

विपक्ष की ओर से इस विषय पर सदन में बोलने के लिए समय मांगा गया, लेकिन समय नहीं दिया गया। इससे कुछ देर के लिए सदन में गतिरोध भी रहा। इसके बाद संसदीय कार्यमंत्री की ओर से सदन में निंदा प्रस्ताव लाया गया। जब भी कोई प्रस्ताव लाया जाता है, तो उसमें विपक्ष की सहभागिता होती है, लेकिन इसके बाद भी हमें बोलने का अवसर नहीं दिया। वहीं, जैसे ही विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने प्रश्नकाल शुरू किया तो विपक्ष के सदस्य विपिन सिंह परमार ने सदन में अपनी बात रखने का आग्रह किया, लेकिन विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें बात रखने की अनुमति नहीं दी। इस पर हंगामा शुरू हो गया। सत्तापक्ष के विधायक हंगामे के बीच मंत्रियों से प्रश्न करते रहे। विधानसभा अध्यक्ष ने भाजपा विधायकों के प्रश्नकाल में भाग नहीं लेने पर उन्हें गैरहाजिर मानते हुए सदन की कार्यवाही को आगे बढ़ाया। कुछ देर बाद विपक्ष ने वॉकआउट कर दिया और नारेबाजी करते हुए सदन से बाहर आ गए। (अनंत ज्ञान)



सदन से वॉकआउट के बाद बाहर आकर नारेबाजी करते हुए विपक्षी नेता।

### राजनीतिक मंशा से मुद्दे उठा रहा विपक्ष : सुक्खू

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि विपक्ष के सदस्य राजनीतिक मंशा से मुद्दे उठा रहे हैं। यह प्रदेश की जनता सब जानती है। सुक्खू ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष ने प्रश्नकाल से पहले ड्रोन की जासूसी वाले व्यवस्था के प्रश्न पर पहले जयराम को बोलने का मौका दिया। कई बार इन्हें अवसर दिए गए। कानून-व्यवस्था और वित्तीय स्थिति पर भी सरकार चर्चा करने को तैयार है, लेकिन विपक्ष नहीं।

### आर्थिक संकट पर चर्चा जरूरी : जयराम

**नेता** प्रतिपक्ष जयराम ने कहा कि एक तारीख बीतने के बावजूद कर्मचारियों पेंशनरों के खाते में सैलरी-पेंशन क्यों नहीं आई, इसलिए हमने स्थगन प्रस्ताव दिया था। इतिहास में पहले कभी ऐसा नहीं हुआ कि कर्मचारियों व पेंशनर्स को एक तारीख को सैलरी व पेंशन न मिली हो। मुख्यमंत्री कभी कहते हैं कि आर्थिक संकट है, कभी कहते हैं प्रदेश में आर्थिक स्थिति खराब नहीं है। हिमाचल में आर्थिक संकट आ गया है, ऐसी सूरत में इस पर चर्चा होनी चाहिए।

# जम्मू में सुंजवां आर्मी कैंप पर की फायरिंग, 1 जवान घायल

**अशोक ठाकुर, जम्मू**



**जम्मू** के सुंजवां मिलिट्री स्टेशन पर सोमवार को सुबह 11 बजे आतंकियों ने गोलीबारी की। इस हमले में सेना का एक जवान घायल हो गया है। वहीं, सेना के जवानों ने आतंकियों की तलाश में सर्च अभियान चलाया है और पूरे इलाके को घेर लिया है।

ड्रोन से भी इलाके की निगरानी की जा रही है। यह हमला सुंजवां मिलिट्री स्टेशन के सेंट्री पोस्ट एरिया के पास के इलाके में हुआ। यहां पर 36 इंफेंट्री ब्रिगेड के जवान तैनात हैं। यहां सोमवार को संदिग्ध गतिविधियां देखने को मिलीं, जिसके बाद जवानों ने गोलीबारी की। (अनंत ज्ञान)

### सांबा में 3 पिस्तौल व गोला-बारूद बरामद

**जम्मू**-कश्मीर के सांबा में सुरक्षाबलों ने 3 पिस्तौल और गोला-बारूद बरामद किया है। सुरक्षाबलों ने बताया कि ये हथियार ड्रोन से गिराए गए थे। बीएसएफ और पुलिस को अलर्ट पर रखा गया है। जम्मू-कश्मीर में 5 दिन में यह दूसरा हमला है। इससे पहले 29 अगस्त को कुपवाड़ा में एनकाउंटर में 3 आतंकी मारे गए थे।

# शंभू बॉर्डर अभी नहीं खुलेगा सुप्रीम कोर्ट ने बनाई कमेटी

## कमेटी ट्रैक्टर हटाने के लिए किसानों से करेगी बात, कहा- मुद्दों का राजनीतिकरण न हो

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**हरियाणा**-पंजाब का शंभू बॉर्डर अभी नहीं खुलेगा। सोमवार को इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम हाईपावर कमेटी गठित कर रहे हैं, लेकिन कोई मुद्दे तय नहीं कर रहे हैं। यह अधिकार कमेटी को दे रहे हैं। इस कमेटी में पंजाब और हरियाणा के अधिकारी भी शामिल हैं। हाईपावर कमेटी को आंदोलनकारी किसानों के बीच पहुंचकर अपने ट्रैक्टर हटाने का अनुरोध करना चाहिए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने समिति को निर्देश दिया कि एक सप्ताह के अंदर वह अपनी पहली बैठक बुलाए। सुप्रीम कोर्ट ने नसीहत दी कि इस मामले का राजनीतिकरण न किया जाए। मुद्दे बहुत संवेदनशील होते हैं, इसलिए संतुलित रुख अपनाना चाहिए। किसानों को उनका शांतिपूर्ण आंदोलन वैकल्पिक स्थानों पर ले जाने की आजादी होगी। सुप्रीम कोर्ट में हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली हरियाणा सरकार की याचिका पर सुनवाई हुई। आदेश में सरकार से अंबाला के पास शंभू सीमा पर लगाए गए अवरोधकों को एक सप्ताह में हटाने को कहा गया था, जहां प्रदर्शनकारी किसानों ने 13 फरवरी से डेरा डाल रखा है। पिछली 2 सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने शंभू बॉर्डर को आंशिक तौर पर यानी एक लेन खोलने को कहा था। इस मामले में किसानों की पंजाब और हरियाणा के अधिकारियों से मीटिंग्स भी हुईं, जो बेनतीजा रहीं।



# अडानी पावर की याचिका पर हिमाचल सरकार को नोटिस

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने अडानी पावर की याचिका पर हिमाचल सरकार को नोटिस जारी किया है। कंपनी ने याचिका में हिमाचल हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी है, जिसमें जल विद्युत परियोजना से संबंधित 280 करोड़ रुपए का प्रीमियम वापस करने के एकल पीठ के फैसले को पलट दिया था।

अडानी पावर लिमिटेड ने किन्नौर जिले में 969 मेगावॉट की जंगी थोपन विद्युत प्रोजेक्ट के संबंध में हिमाचल सरकार से 280 करोड़ रुपए की वापसी की मांग की है। 18 जुलाई को जस्टिस विवेक सिंह ठाकुर और जस्टिस बिपिन चंद्र नेगी की खंडपीठ ने हिमाचल सरकार की ओर से दायर चुनौती के बाद अडानी पावर के रिफंड दावे को खारिज कर दिया था। यह विवाद साल 2005 में उस वक्त शुरू हुआ था, जब हिमाचल प्रदेश ने 480 मेगावॉट की दो जलविद्युत परियोजनाओं जंगी थोपन और थोपन पोवारी के लिए वैश्विक बोलियां आमंत्रित कीं। ब्रेकल कॉर्पोरेशन एनवी सबसे बड़ी बोली लगाने वाली कंपनी के रूप में उभरी थी। ब्रेकेल की ओर से अग्रिम प्रीमियम जमा करने में विफल रहने के बाद रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने नीदरलैंड की कंपनी की बोली के बराबर की राशि देने की पेशकश की, जिसके कारण एक लंबी कानूनी लड़ाई चली।



**280 करोड़ रिफंड से जुड़ा है मामला**

### वैष्णो देवी मंदिर मार्ग पर भू-स्खलन, दो महिलाओं की मौत, एक घायल



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में वैष्णो देवी मंदिर के नए रास्ते पर सोमवार को लैंडस्लाइड होने से दो महिला तीर्थयात्रियों की मौत हो गई, जबकि एक लड़की गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल लड़की को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

अधिकारियों ने बताया कि दोपहर करीब 2:30 बजे भवन से तीन किलोमीटर आगे पांजी के पास लैंडस्लाइड हुआ। मिट्टी गिरने से मार्ग के ऊपर बना टीन शेड गिर गया। इसकी चपेट में कई लोग आ गए।

### बुलडोजर एक्शन कानून के खिलाफ: सुप्रीम कोर्ट

# कोई दोषी हो, तब भी नहीं गिराई जा सकती प्रॉपर्टी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट में सोमवार को देशभर में आरोपियों के खिलाफ बुलडोजर एक्शन पर महत्वपूर्ण फैसला सुनवाया है। कोर्ट ने कहा कि भले ही कोई व्यक्ति दोषी पाया जाए, तब भी उसकी प्रॉपर्टी को बिना कानूनी प्रक्रिया के ध्वस्त नहीं किया जा सकता।

कोर्ट ने टिप्पणी की कि अगर कोई आरोपी है तो उसकी संपत्ति को कैसे ध्वस्त किया जा सकता है और अगर वह दोषी है तो भी संपत्ति को ध्वस्त नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि वह सार्वजनिक सड़कों को बाधित करने वाले किसी भी अवैध ढांचे को संरक्षण नहीं देगा। कोर्ट ने संबंधित पक्षों से सुझाव देने को कहा, ताकि शीर्ष अदालत अचल संपत्तियों के विध्वंस से संबंधित मुद्दे पर अखिल भारतीय आधार पर उचित दिशा-निर्देश जारी कर सके। जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने हाल ही में यूपी, मध्य प्रदेश और राजस्थान में हुई घटनाओं का हवाला देते हुए याचिका दायर की थी। याचिका में अल्पसंख्यक समुदाय को निशाना बनाने का आरोप लगाया है।



### शिमला में कॉलेज प्रोफेसर ने छात्रा से की छेड़छाड़

**शिमला।** हिमाचल के एकमात्र फाइन आर्ट कॉलेज लोहारब (घणाहट्टी) शिमला में कॉलेज प्रोफेसर की ओर से छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। छात्रा की शिकायत पर महिला पुलिस थाना में मामला दर्ज किया गया है। छात्रा ने शिकायत में बताया कि कॉलेज के प्रोफेसर पवन कुमार ने उसके साथ अश्लील हरकतें करता था और किसी को न बताने की धमकी देता था। आरोपी शिक्षक छात्रा के साथ कितने समय से छेड़छाड़ कर रहा था, अभी जानकारी नहीं मिल पाई है। पुलिस ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ भारतीय न्याय सहिंता की धारा 354, 354 ए और 506 के तहत मामला दर्जकर छानबीन शुरू कर दी है।






**हुड़दंग** बर्थडे पार्टी में शामिल होने जा रहे वक्त की मस्ती, गाड़ी में सायरन बजाने पर भुगतना पड़ा 5 हजार जुर्माना

# बिलासपुर में एम्स के ट्रेनी डॉक्टरों ने एसपी पर झाड़ा रौब

**शुभम राही, बिलासपुर**

**बिलासपुर के** कोठीपुरा स्थित एम्स के ट्रेनी डॉक्टरों को बर्थडे पार्टी करना महंगा पड़ गया। पांच ट्रेनी डॉक्टर पंजाब नंबर (पीबी 43 एफ 2300) की टाटा सफारी गाड़ी से मस्ती करते हुए सेलिब्रेशन के लिए जा रहे थे। वह अपने रुतबे की धौंस जमाने के लिए गाड़ी में लगा सायरन बजाते हुए बिलासपुर की ओर आ रहे थे।

एसपी संदीप धवल भी अपनी निजी गाड़ी से गश्त पर निकले हुए थे। एसपी ने शोर-शराबे को देखते हुए रास्ते में उन्हें रोकने की काफी कोशिश की, लेकिन जन्मदिन की खुशी में डूबे एम्स ट्रेनी डॉक्टर रुकने का नाम नहीं ले रहे थे। यहां तक कि उन्होंने एसपी की गाड़ी को भी ओवरटेक करने की कोशिश की। ऐसे में एसपी ने तुरंत प्रभाव से सिटी चौकी बिलासपुर की टीम की मदद से गाड़ी को सिटी चौकी के पास रोक लिया। ट्रेनी डॉक्टर गाड़ी से उतरते ही एसपी पर रौब झाड़ने लग गए और कहने लगे कि लो अमृतसर के एसएसपी से बात करो और हमें जाने दो। फिर क्या था, एसपी ने नियमों की अवेहलना करने पर पांच हजार रुपए का चालान काट कर उन्हें थमा दिया। साथ ही गाड़ी में लगा सायरन भी जब्त कर लिया। मामला रविवार देर रात का है। ट्रेनी डॉक्टरों से सिटी चौकी में पूछताछ की गई। गाड़ी में तीन युवतियां और दो युवक मौजूद थे। पुलिस के अनुसार, ट्रेनी डॉक्टर जन्मदिन की पार्टी करने के लिए किसी निजी रेस्टोरेंट में जा रहे थे।

इस संदर्भ में जब बिलासपुर के एएसपी शिव कुमार चौधरी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि एम्स के ट्रेनी डॉक्टरों ने गाड़ी में सायरन बजाया था, जिसके चलते पुलिस ने उनके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई है। एसपी बिलासपुर स्वयं प्रत्येक स्थानों का औचक निरीक्षण करते हैं। बिलासपुर में शांतिप्रिय माहौल बनाए रखने के लिए बिलासपुर पुलिस दिन-रात कार्यरत है। (अनंत ज्ञान)






गाड़ी में सायरन बजाने पर पांच ट्रेनी डॉक्टरों का पांच हजार रुपए का चालान किया गया है। नियमों की अवहेलना करने वालों को बिलकुल बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस प्रशासन जिलेभर के विभिन्न स्थानों पर नाका लगाकर नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रहा है।

**-संदीप धवल, एसपी बिलासपुर।**

## न्यूज ब्रीफ

### मनुष्य को समाज के साथ चलना चाहिए : सुशीला



**अनंत ज्ञान, शिमला।** जवाहर नवोदय विद्यालय ठियोग में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का शुभारंभ विद्यालय मुख्यातिथि समाज सेवक राजन द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सुशीला शर्मा एवं प्रोग्राम ऑफिसर नील कमल मौजूद थे। एनएसएस सेवियों ने विद्यालय के एमपी हॉल में सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी महेंद्र द्वारा एनएसएस और शिविर में होने वाली गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रभारी प्राचार्य सुशीला शर्मा ने कहा कि 'मनुष्य को स्वार्थी बन कर कार्य नही करने चाहिए अपितु समाज के साथ कंधे से कंधा मिला कर चलना चाहिए।

### जुब्बल में अंडर-19 खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित



**दशमी रावत, जुब्बल।** जुब्बल खंड की अंडर-19 छात्रा वर्ग की खेलकूद प्रतियोगिता राजकीय का आयोजन कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जुब्बल में किया जा रहा है। प्रधानाचार्य नरेंद्र चौहान ने खेलकूद प्रतियोगिता के मुख्यातिथि को प्रधानाचार्य ने शाल टोपी, मफलर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवस पर नरेश शर्मा, बिट्टू रिल्टा, नीरा तांटा, मोहिनी सूद, रविंद्र पीर्टा, सुदेश मेहता, आनंद जिंटा, प्रेम पिरटा, पारस जेहटा, बाबी लाल्टा, मन्नू जेहटा, राजेश मलोक्टा व दीप मौजूद रहे। प्रतियोगिता के अवसर पर मंच संचालन उप प्रधानाचार्य रविंद्र दत्त शर्मा ने किया।

### बालूगंज क्रॉसिंग से चौक तक मार्ग हुआ बहाल

**अनंत ज्ञान, शिमला।** बालूगंज क्रॉसिंग से बालूगंज चौक तक का मार्ग यातायात हेतु बहाल कर दिया गया है। जिला दंडाधिकारी शिमला अनुपम कश्यप ने वाहन अधिनियम 1988 की धारा 115 और 117 के तहत उक्त मार्ग पर वाहनों की आवाजाही को मंजूरी दे दी है। अनुपम कश्यप ने कहा कि संयुक्त निरीक्षण समिति ने सोमवार को मौके का निरीक्षण किया। इस समिति में उप मंडलाधिकारी शिमला शहरी, डीसीपी ट्रेफिक, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग धामी और क्षेत्रीय प्रबंधक एचआरटीसी शामिल थे। समिति की रिपोर्ट के बाद इस मार्ग पर सभी प्रकार के वाहनों की यातायात व्यवस्था बहाल कर दी गई है। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा कि उक्त मार्ग पर वाहनों को 25 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम रफ्तार तय की गई है। बालूगंज की तरफ जाने वाली बसों के लिए बस स्टॉप सीएमपी पोस्ट के नजदीक बनाया गया है। वहीं बालूगंज से पुराना बस स्टैंड की ओर आने वाली बसों के लिए सीजीएसटी शिमला मंडल कार्यालय के पास बस स्टॉप बनाया गया है।

### क्योंथल क्षेत्र में परंपरानुसार मनाया डगैली पर्व



**अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)।** डायनों का पर्व डगैली क्योंथल क्षेत्र में बीती रात परंपरा के अनुसार मनाया गया। बता दें कि प्रदेश में मनाए जाने वाले तीज त्यौहारों की श्रृंखला में सबसे विचित्र पर्व है डगैली। जोकि हर वर्ष रक्षा बंधन पर्व के एक माह उपरांत भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी व अमावस्या को मनाया जाता है। इस पर्व को विशेषकर जिला शिमला, सिरमौर और सोलन में प्राचीन परंपरा के अनुरूप मनाया जाता है। बताते हैं कि इस पर्व में रात्रि को आसुरी शक्तियां पूर्ण रूप से जागृत होती है और डायनों द्वारा अपनी कला से अदृष्य नृत्य किया जाता है। वरिष्ठ नागरिक दयाराम वर्मा, प्रीतम सिंह ठाकुर का कहना है कि क्षेत्र कई स्थानों पर विशालकाय शिलाएं आज भी मौजूद है जिस बारे उनके पूर्वज बताते थे कि इन शिलाओं को डायनों ने रात को किसी गांव से उठाकर लाकर यहां रखा था। जोकि इस त्यौहार की प्रासंगिकता को दर्शाता है ।

### डीसी ने चांदपुर स्कूल का किया निरीक्षण



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने मंगलवार को सीनियर सेकेंडरी स्कूल चांदपुर का निरीक्षण किया। चांदपुर स्कूल में लंबे समय से शौचालय बनाने को लेकर विवाद चल रहा था। स्कूल के साथ जहां शौचालय बनाया जाना था। जमीन पर एक स्थानीय व्यक्ति द्वारा अपना मालिकाना हक बताया जा रहा था। उपायुक्त बिलासपुर में मौके का जायजा लिया और संबंधित भूमि की निशानदेही के लिए पटवारी को निर्देश दिए। उन्होंने स्कूल की समीप डंगा लगाने के लिए मनरेगा के माध्यम से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए अतिरिक्त धन का प्रावधान जल्द किया जाएगा। उन्होंने स्कूल के साथ बने स्पीड ब्रेकर को और ऊंचा करने के निर्देश दिए ताकि सड़क के साथ सटे स्कूल में आते जाते छात्र-छात्राओं को किसी भी प्रकार का नुकसान ना। उन्होंने बताया कि 2018 से लोक निर्माण विभाग के पास शौचालय बनाने के लिए 9 लाख 3 हजार रूपये स्कूल द्वारा जमा किया गया है लेकिन जमीन विवाद के चलते शौचालय का काम नहीं हो पाया। इस अवसर पर निदेशक हिमुडा जितेंद्र चंदेल, जिला परिषद सदस्य गौरव शर्मा, प्रधान ललित ठाकुर और उप प्रधान सुभाष शर्मा और एसएमसी प्रधान अश्विनी उपस्थित रहे।

### सेवानिवृत्त शिक्षक संघ घुमारवीं में मनाएगा शिक्षक दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सेवानिवृत प्राथमिक शिक्षक संघ एवं समाज सुधार



समन्वय समिति जिला बिलासपुर द्वारा पांच सितंबर को शिक्षक दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर समिति द्वारा 80 वर्ष से ऊपर के शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। सेवानिवृत प्राथमिक शिक्षक संघ एवं समाज सुधार समन्वय समिति के संस्थापक एवं संरक्षक किशोरी लाल शर्मा ने परिधि गृह बिलासपुर में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि रैन बसेरा घुमारवीं में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत शिक्षकों द्वारा समाज को जागरूक करने के लिए एक रैली निकाली जाएगी, जिसमें लोगों को नशा, दुराचार व भ्रष्टाचार के विरोध में जागरूक किया जाएगा।

### बिलासपुर कॉलेज में प्रतियोगिताएं आयोजित



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर में लैंगिक समानता क्लब और अंग्रेजी विभाग के द्वारा भाषण, वाद-विवाद पेंटिंग, कार्टून अथवा व्यंग्य चित्रण, नारी लेखन, मेहंदी और रंगोली आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉक्टर पी एस कटवाल ने विद्यार्थियों की प्रतियोगिताओं का आकलन कर उन्हें प्रोत्साहित करते हुए कहा कि नारी हमारे समाज का एक मजबूत स्तम्भ है। वह संसार की जननी है। दूसरों को अस्तित्व देने वाली का स्वयं का अस्तित्व आज क्यों खतरे में है? शायद हमारी मानसिकता इसका मुख्य कारण है। समस्या चाहे कोई भी हो लेकिन उसका प्रारंभ और अंत हमारे घर से ही होता है क्योंकि जब नारी घर पर रहती है तो हमारे सभी कार्यों को पूर्ण करती है तभी तो हम घर से बाहर निकलते हैं। हम सभी का मुख्य उद्देश्य है कि हम नारी को समझे और घर के सभी सदस्य उसका सम्मान करें। इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग की डॉक्टर नम्रता पठानिया व प्रोफेसर अनुप्रिया के साथ लैंगिक समानता क्लब के सदस्य डॉक्टर पवन कुमार, डॉक्टर अजीत कुमार, डॉ. हेमा देवी ठाकुर उपस्थित रहीं।

# खलीनी चौक में एचआरटीसी और निजी बस में टक्कर, लगा जाम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



बसों के टक्कर के बाद मौजूद लोग।

राजधानी के खलिनी में एचआरटी और निजी बस में जोरदार टक्कर हुई, जिससे लम्बा जाम लग गया।सूचना के अनुसार हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के खलीनी चौक पर सोमवार सुबह सुबह एक सरकारी और निजी बस में जोरदार टक्कर हो गई।

गनीमत यह रही भिंड़त में किसी तरह का का कोई जानी नुकसान नही हुआ है बताया जा रहा है घटना सुबह दस बजे के करीब की है खलीनी चौक पर घुमन्ते वक्त बसों का पिछला हिस्सा आपस में टकरा गया। जिसके कारण मोके पर खूब बवाल हुआ और सड़क पर लम्बा जाम लग कर लोगो को अपने गन्तव्यों तक पहुंचने में देरी हुई और जाम की वजह से भारी परेशानियां उठानी पड़ी।

बीसीएस में जाम में फंसे व्यक्ति अरविंद ठाकुर ने बताया कि सोमवार सुबह-सुबह वह शिमला से सिरमौर की तरफ जा रहे थे इस दौरान बीसीएस चौक से आगे से ही भयंकर जाम लगा हुआ था। खलीनी पहूंचने पर उन्हें जानकारी मिली कि बसों में टक्कर की बजह से जाम लगा है।

उन्हें जल्द नाहन पहुंचना था लेकिन विकासनगर से खलीनी 2-3 मिनट के सफर से उनके 30, 35 मिनट का समय लग गया, जिस कारण वो काफी लेट हो गए। वहीं एक निजी कंपनी में काम करने वाले हितेंद्र ने बताया कि उन्हें साढ़े 10 बजे आफिस पहुंचना था लेकिन विकास नगर से खलीनी पहुंचने में 35 मिनट का समय लग गया जाम के कारण उन्हें काफी देरी हो गई है। उन्होंने बताया कि बसों में टक्कर हुई इस बारे में उन्हें कोई जानकारी नही है।

### इधर स्टार्ट करते ही लुढ़की एचआरटीसी बस



**सपना सूद, नेरवा।** सरांह से चौपाल जाने वाली परिवहन निगम की बस सरांह बस स्टैंड में सड़क से लुढ़क कर निजी पार्किंग में जा गिरी, जिसमें बस के परिचालक सहित तीन लोग मामूली रूप से घायल हो गए। सरांह बस स्टैंड में परिवहन निगम के तारा देवी/नेरवा डिपो की बस संख्या एचपी 03 बी-6172 को चालक ने स्टार्ट कर जैसे ही हल्का आगे बढ़ाया, बस स्टैंड में ही पलट कर नीचे निजी पार्किंग में जा गिरी । जिस समय यह हादसा पेश आया उस समय बस में चालक पवन कुमार व परिचालक धर्म रकाश सहित पांच-छह सवारियां बस में सवार थी ।

## आरकेएस कर्मचारियों की स्ट्राइक जारी, मरीज परेशान



धरने पर बैठे हुए आरकेएस कर्मचारी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल के सबसे बड़े अस्पताल आईजीएमसी में एक बार फिर मरीजों की परेशानियां बढ़ गई है। अस्पताल के आरकेएस कर्मचारियों ने सोमवार से पैनडाऊन स्ट्राइक पर चले गए है। इस दौरान मरीजों को परेशानी उठानी पड़ेगी, क्योंकि मरीजों के पर्ची, दाखिल का काम टेस्ट की फीस यही डाटा ऑपरेटर लेते हैं। अब मरीजों को परेशानी उठानी पड़ेगी।

आरकेएस कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से से मुलाकात की है । मुख्यमंत्री सुक्खू ने आरकेएस कर्मियों की मांगों पर जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन दिया, लेकिन कर्मचारी आश्वासनों से संतुष्ट नही है, उन्होंने अपनी मांगों को पूरा करने के लिए लिखित में जवाब की मांग रखी। जब तक उनकी मांगों को पूरा करने संबंधी लिखित रूप में मिलता है तो वे अपनी स्ट्राइक करेंगे।

बीते एक सप्ताह से आरकेएस कर्मचारी 8 बजे से 2 बजे तक हड़ताल पर थे, लेकिन जब उनकी मांगें नही मानी तो अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। हालांकि आरकेएस कर्मचारियों ने बताया कि यहां एक काऊंटर चलता रहेगा जिसमें सिर्फ आपातकालीन सेवाओं के लिए पर्ची बनेगी और कैश लेंगे, अन्य ओपीडी के लिए पर्ची व कैश सुविधा बंद रहेगी।

## ऑक्लैंड स्कूल के छात्रों ने जानी संसदीय प्रणाली

**अनंत ज्ञान, शिमला**



बच्चों को जागरूक करते हुए कुलदीप पठानिया।

विधानसभा की कार्यवाही देखने आए ऑकलैण्ड स्कूल शिमला के छात्रों ने सदन की कार्यवाही देखने से पूर्व हिप्र विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से मुलाकात की। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए पठानिया ने कहा कि लोकतंत्र तथा संसदीय प्रणाली की मजबूती में युवाओं का अहम रोल है। उन्होंने कहा कि युवा ही इस देश के भविष्य हैं तथा इस राष्ट्र को समृद्व तथा विकसित राष्ट्र बनाने में उनका योगदान जरूरी है।

पठानिया ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतन्त्र है तथा जिस तरह से आज के युवा चाहे वे सदन की कार्यवाही देखने आ रहे हैं या युवा सांसद प्रतियोगिताओं में दिलचस्पी ले रहे हैं, वहीं असल में हमारी लोकतांत्रिक प्रणाली की मजबूती का सूत्रधार है। मुलाकात के दौरान पठानियां ने छात्र-छात्राओं को सदन के अन्दर होने वाली कार्यवाही के बारे भी अवगत करवाया तथा उन्हें हिमाचल प्रदेश विधान सभा के कौंसिल चौम्बर के इतिहास की जानकारी भी दी। इस अवसर पर विधान सभा अध्यक्ष ने सभी छात्र-छात्राओं को अपनी ओर से शुभकामनाएं दी।

## दो युवकों से अफीम बरामद

**अनंत ज्ञान, नेरवा/चौपाल।** नेरवा पुलिस ने दो युवकों को करीब पौने आठ ग्राम अफीम के साथ हिरासत में लिया है। जानकारी अनुसार एसएचओ नेरवा पंकज शर्मा के नेतृत्व में चैकिंग के दौरान आल्टो कार संख्या एचपी 08 ऐ/5528 को रोककर उसकी तलाशी ली गई । गाड़ी में दो युवक सवार थे एवं तलाशी लेने पर गाड़ी के देश बोर्ड से एक प्लास्टिक की पन्नी बरामद की गई, जिसमे लपेट कर अफीम राखी गई थी। जांच करने पर पुड़िया से 7.80 ग्राम अफीम बरामद की गई ।

पुलिस टीम ने दोनों युवकों को हिरासत में लेकर नेरवा थाना में केस दर्ज कर लिया है। एसडीपीओ चौपाल सुशांत शर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि युवकों से पूछताछ कर इस बात का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

## उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक से मिला सीपीआईएम का प्रतिनिधिमंडल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

सीपीआईएम जिला कमेटी शिमला का एक प्रतिनिधिमंडल शिमला शहर में सांप्रदायिक सौहार्द बनाने, शांति व्यवस्था कायम करने एवं कानून व्यवस्था बनाने को लेकर उपायुक्त शिमला तथा पुलिस अधीक्षक शिमला से मिला व उन्हें ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल में संजय चौहान, डॉ कुलदीप सिंह तंवर, विजेंद्र मेहरा, डॉ राजेंद्र चौहान, डा. विजय कौशल, विवेक कश्यप, सुनील वशिष्ठ व रंजीव कुठियाला शामिल रहे। पार्टी जिला सचिव संजय चौहान ने जिला प्रशासन एवम प्रदेश सरकार से मांग की है कि शिमला शहर में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाने के लिए युद्धस्तर पर प्रयास किए जाएं। उन्होंने शिमला शहर की जनता से आह्वान किया है कि शिमला एक ऐतिहासिक शहर है व आपसी भाईचारा इसकी बुनियाद रहा है। इस शहर में धर्म, जाति, क्षेत्र व अन्य किसी भी आधार पर जनता में कभी भी कोई बंटवारा नहीं हुआ है। सांप्रदायिक सौहार्द इस शहर की बुनियाद रहा है।

वर्तमान हालात में शिमला शहर, मल्याणा व संजौली में कानून व्यवस्था के प्रश्न को कुछ स्वार्थी शरारती तत्व सांप्रदायिक तनाव में बदलना चाहते हैं जिस पर जिला प्रशासन को त्वरित हस्तक्षेप करते हुए सख्त कार्रवाई अमल में लानी चाहिए ताकि शहर में सांप्रदायिक सौहार्द, शांति, कानून व्यवस्था, भाईचारा व एकता बनी रहे। उन्होंने कहा कि दो पक्षों के मध्य हुए लड़ाई झगड़े के प्रश्न को कानून व्यवस्था के अंतर्गत ही निपटा जाना चाहिए व दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

## जयराम ठाकुर को कल बिंदल बनाएंगे भाजपा का सदस्य : बिहारी

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाजपा प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने बताया की देश में भाजपा का सदस्यता अभियान 2024 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा द्वारा सदस्य बनकर केंद्र से प्रारंभ हो गया है।

भाजपा हिमाचल प्रांत का सदस्यता अभियान 3 सितंबर को शिमला के एतिहासिक गेयटी थियेटर से प्रात: 11 बजे शुरू होगा। इस कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर को भाजपा हिमाचल प्रदेश का सदस्य बनकर सदस्यता अभियान का सुखारंभ करेंगे। बिहारी लाल शर्मा ने बताया की कोई भी व्यक्ति भाजपा की सदस्यता 8800002024 पर मिस्ड कॉल कर और एक फॉर्म भर कर भाजपा का सदस्य बन सकता है।

# गुग्गा मेला उत्सव को जिला स्तरीय दर्जा दिलाने के लिए करेंगे प्रयास: जितेंद्र चंदेल

### अंतिम सांस्कृतिक संध्या में अर्शप्रीत और अरिन अरोड़ा की जोड़ी ने जमाया रंग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



दो दिवसीय गुग्गा मेला उत्सव की अंतिम सांस्कृतिक संध्या अर्शप्रीत कौर के नाम रही। इस मौके पर एसीसी अडानी ग्रुप के सीपीएम संजीव कुमार सेरा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

अंतिम सांस्कृतिक संध्या की अध्यक्षता हिमुडा निदेशक मंडल सदस्य जितेंद्र चंदेल ने की। चंदेल ने गुग्गा मेला उत्सव कमेटी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि गुग्गा मेला उत्स्व अगले वर्ष 25 वें वर्ष में प्रवेश कर जाएगा। उन्होंने अगले वर्ष गुग्गा मेला उत्सव को जिला स्तरीय का दर्जा दिलवाने का आश्वासन दिया।

मुख्यातिथि संजीव कुमार सेरा ने समिति का आभार प्रकट करते हुए स्थानीय गुग्गा जाहरपीर देवता से प्रोजेक्ट व क्षेत्र पर अपना आशीर्वाद बनाए रखने की प्रार्थना की।

उन्होंने अगले वर्ष समिति को 25 वर्ष होने को लेकर गुग्गा मेला उत्सव की सिल्वर जुबली मनाने का अश्वासन दिया। कहा कि मेले हमारी समृद्ध सभ्यता व संस्कृति के प्रतीक हैं। अंतिम संध्या में सुरों की मल्लिका प्ले बैक सिंगर व द जुगनी गर्ल से प्रसिद्ध अर्शप्रीत कौर और गायक पति अरिन अरोड़ा की जोड़ी ने रंग जमाया। वहीं, स्थानीय कलाकार की प्रस्तुतियां भी किसी से कम नहीं रहीं। नन्ही गुड़िया आराध्या का डांस भी सुपर रहा।

अंतिम संध्या में स्थानीय कलाकार सुनील ने 'कुछ सेह लेणिया, कुछ पिलेनिया, पालमपुर से गायक सोनिया ने 'बटुआ गुंदना' , सन्नी ने 'तेरे बिना न लागे जिया रे', नन्हे गायक क्षितिज ठाकुर ने 'मेरे नैना लगे बिहारी से कोल डैम' व वाहोट-कसोल के युवा कलाकार सुमित ठाकुर ने 'माये नी मेरिए जम्मू दी राहें' गाना गाकर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की, जबकि हरनोड़ा के आशुतोष रघुवंशी ने 'मेरे रश्के कमर तूने पहली नजर जब नजर से मिलाई मजा आ गया' गाने से लोगों का मनोरंजन किया।

## प्रदेश को आर्थिक संकट से उभारने के लिए मुख्यमंत्री को भेजे सुझाव



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

लाडली फाउंडेशन की जिला कार्यकारी अध्यक्ष रेखा बिष्ट एवं जिला महासचिव सुमन चड्डा की संयुक्त अगुवाई में उपायुक्त जिला बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक के माध्यम से प्रदेश को आर्थिक संकट से उभारने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को चार सूत्री सुझाव पत्र भेजा गया। सुझाव पत्र में कहा गया कि समाचार पत्रों के माध्यम से ज्ञात हुआ है कि भविष्य में प्रदेश आर्थिक संकट से गुजर सकता है, इससे बचने क लिए सरकार को बोर्डों-निगमों में तैनात चेयरमैन हटा लेने चाहिए। खासकर घाटे वाले निगम/बोर्डो चेयरमैन तथा सभी विधायकों का टेलीफोन भत्ता 15000 प्रति माह के बजाए 15 हजार प्रति वर्ष कर देना चाहिए। इसके अलावा सभी विधायकों को प्रति वर्ष मिलने वाले पर्यटन/तीर्थाटन भत्ते (चार लाख प्रति वर्ष) को समाप्त कर देना चाहिए। सरकार सभी विधायकों से आम जनता की तरह पानी-बिजली के बिल मीटर रीडिंग के आधार पर वसूले तथा मंत्रियों के दफ्तरों में दिया जाने वाला आवभगत भत्ता तुरंत प्रभाव से समाप्त हो जाना चाहिए। इसके अलावा सुझाव दिया गया विधायकों को मिलने वाला चिकित्सा भत्ता समाप्त हो, आम जनता भी अपने पैसे से इलाज करवाती है।

## बिलासपुर में 14 सितंबर को होंगी राष्ट्रीय लोक अदालतें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सचिव, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, बिलासपुर मनीषा गोयल ने बताया कि बिलासपुर जिला के विभिन्न न्यायालय परिसरों में 14 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर बिलासपुर, घुमारवीं तथा झंडुता न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाऐगा। जिसमें पूर्व मुकदमेबाजी और लंबित मामले लिए जाएंगे, इस लोक अदालत में बैंक से सम्बंधित मुकदमे, श्रम विवाद के मामले, बिजली व पानी के बिल, वैवाहिक विवाद के मामले लिए जाएंगे। जिन व्यक्तियों के न्यायालय में उपरोक्त श्रेणी में से लंबित मामले है, वह न्यायालय में अपने मामले को लोक अदालत में लगवा सकता है।

## कल्याण कला मंच बिलासपुर की संगोष्ठी 8 सितंबर को

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** कल्याण कला मंच बिलासपुर की मासिक कला कलम संगोष्ठी रविवार 8 सितंबर को नगर के रौड़ा सेक्टर के पालिका क्लब के वरिष्ठ नागरिक सभागार में होनी तय हुई है। जानकारी देते हुए मंच की कार्यालय सचिव पूजा देवी ने बताया कि बैठक दो सत्रों मे संपन्न होगी। प्रथम सत्र 11 बजे और दूसरा सत्र दोपहर बाद 12:30 शुरू होगा। व्यास धरा के साहित्यकार विषय पर अमरनाथ धीमान शोधपत्र पेश करेंगे, जबकि कलाकार स्वर्गीय प्रेम टेसू की जीवनी अतिरिक्त सेवानिवृत्त निदेशक शिक्षा सुशील पुंडीर परिंदा पेश करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेंद्र मिंहास और कार्यवाही संचालन महासचिव तृप्ता कौर मुसाफिर करेंगी। कार्यक्रम में समाजसेवी मस्त राम वर्मा मुख्यातिथि और शिक्षाविद् नरिंद्र शर्मा विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल रहेंगे

## स्कूल प्रवक्ता प्रतिमा वर्मा ने औषधीय पौधों पर दी प्रस्तुति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

कारगिल शहीद विजय पाल मेमोरियल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (कन्या) की लेक्चरर प्रतिमा वर्मा ने सतत शिक्षक समुदाय संचार सत्र में अपनी मेहनत यानि प्रोजेक्ट वनस्पति संपदा घुमारवीं और इसके आसपास के पारंपरिक औषधीय पौधों का अध्ययन को शिद्दत से प्रस्तुत कर स्कूल और जिला का नाम रोशन किया है। बीती शाम वर्चुअल माध्यम से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रतिमा वर्मा ने अपने प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया। अर्थ जस्ट इकोसिस्टम द्वारा इस साल की शुरुआत में लॉन्च किए गए कोहोर्ट-2 ने हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों के 34 शिक्षकों के एक सजीव समुदाय के रूप में आकार लिया है। प्रतिमा वर्मा को



इस प्रतिष्ठित समुदाय का हिस्सा बनने के लिए फरवरी में हिमाचल प्रदेश के 250 से अधिक आवेदकों में से चुना गया था। प्रतिमा वर्मा बिलासपुर जिले से एकमात्र प्रतिनिधि हैं, जिन्होंने जिला का नाम चमकाया है। प्रतिमा वर्मा के कार्य की वहां उपस्थित लोगों ने अत्यधिक सराहना की। अपने संबोधन में उन्होंने अर्थ जस्ट टीम और सतत शिक्षक समुदाय का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

**जानकारी**

### मिनर्वा स्कूल घुमारवीं के बच्चों ने पुलिस थाना घुमारवीं का किया भ्रमण

# पुलिस की कार्यशैली और कानून-व्यवस्था जानी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



मिनर्वा स्कूल घुमारवीं के बच्चों ने पुलिस थाना घुमारवीं का भ्रमण कर कानून व्यवस्था के बारे में जाना। घुमारवीं थाना प्रभारी भाग सिंह ने स्कूली बच्चों को थाने की व्यवस्था, पुलिस की कार्यशैली, रिपोर्ट प्रक्रिया, मुकदमा, कंप्यूटर कक्ष, मालखाना, रिकॉर्ड रूम, हवालात, हेल्प डेस्क की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को थाने की हर व्यवस्था के बारे में जानकारी दी। विद्यार्थियों में भी विजिट को लेकर उत्साह रहा।

वहीं आपराधिक धाराओं की जानकारी और अन्य मामलों में सवालों के जवाब मिलने पर विद्यार्थियों ने थाना प्रबंधन की कार्यशैली को सराहा। स्कूली बच्चों ने बताया कि हम भी जानना चाहते थे कि रिपोर्ट कैसे दर्ज होती है और मामला दर्ज होने के बाद पुलिस कार्रवाई कैसे करती है।

बच्चों को कंप्यूटर कक्ष में ऑनलाइन एफआईआर की जानकारी दी गई। इसके अलावा थाने के रिकॉर्ड रूम में अपराधियों के रिकॉर्ड के साथ हवालात के बारे में भी बताया गया। बच्चों ने जाना कि 24 घंटे तक किसी भी मामले में दोषी या अपराधी को रख सकते हैं। इसके बाद उसे कोर्ट में पेश करना पड़ता है। विद्यार्थियों को बताया गया कि पुलिस थाने में हेल्प डेस्क की व्यवस्था है। इसमें पुलिस आमजन की समस्याओं का समाधान करती है। इसके साथ ही थाना प्रभारी भाग सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं को अन्य बुनियादी कानून की भी जानकारी दी।

उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि पुलिस लोगों की सुरक्षा के लिए ही काम करती है, इसलिए सभी का फर्ज है कि पुलिस का सहयोग कर समाज को सुरक्षित, भय मुक्त बनाने में पुलिस का सहयोग करें। इस विजिट में स्कूल के 45 बच्चों ने भाग लिया।

### जम्वाल के प्रश्न पर लिखित उत्तर में बोले सीएम सुक्खू

# निजी आयुर्विज्ञान महाविद्यालय में 92 सीटें स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की

**अनंत ज्ञान, शिमला**

प्रदेश में निजी आयुर्विज्ञान महाविद्यालय में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (स्नातकोत्तर) (नीट- पीजी) के अंकों की वरीयता सूची के आधार पर सरकार द्वारा गठित केंद्रीयकृत काउंसिलिंग समिति की ओर से की जाती है।

यह जानकारी मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विधायक राकेश जम्वाल की ओर से पूछे गए प्रश्न के लिखित उत्तर में दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में निजी आयुर्विज्ञान महाविद्यालय में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (एमडी, एसएस) की 92 सीटें विभिन्न संकायों की है। इसमें 25 फीसदी सीटें राज्य कोटा के लिए आरक्षित हैं।



## गृह मंत्रालय ने दी पुलिस बटालियन को खोलने की मंजूरी

गृह मंत्रालय ने हिमाचल में 7वीं आईआरबीएन पुलिस बटालियन (महिला) को खोलने की मंजूरी दी है। यह मंजूरी मार्च, 2024 में दी गई। इसे कहां खोला जाना है। इस पर विचार किया जाना है। यह जानकारी सीएम सुक्खू ने विधायक हंसराज की ओर से पूछे गए प्रश्न के लिखित उत्तर में दी।

## पर्यटन विभाग के नाम भूमि ट्रांसफर

हिमाचल सरकार की पालमपुर और शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत टूरिज्म विलेज स्थापित करने की योजना है। इसके लिए नरगोटा (शाहपुर) में 25-52-62 हेक्टेयर और पालमपुर में 111-30-29 हेक्टेयर भूमि पर्यटन विभाग के नाम ट्रांसफर की जा चुकी है।यह जानकारी हिमाचल विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा के सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मुहैया करवाई है।

# राज्यपाल से बोले जयराम–विधानसभा अध्यक्ष पद की गरिमा को ठेस पहुंचा रहे कुलदीप पठानिया

**गायत्री गर्ग, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से कहा कि हिमाचल प्रदेश भारतीय जनता पार्टी का विधायक दल राज्यपाल के ध्यान में लाना चाहते हैं कि 14वीं विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया का व्यवहार सदन के अंदर और बाहर जहां विधायकों की भावना को आहत कर रहा है वहीं विधानसभा अध्यक्ष के संवैधानिक पद की गरिमा को भी ठेस पहुंचा रहा है।

सदन के अंदर तो विधानसभा अध्यक्ष का रवैया पक्षपात एवं तानाशाही पूर्ण रहता है। हमेशा नियमों एवं परंपराओं के खिलाफ काम करते हुए सत्ता पक्ष को लाभ पहुंचाने का प्रयास करते हैं। विपक्षी सदस्यों विशेषकर नेता प्रतिप्रक्ष द्वारा नियमों का हवाला देने पर हमेशा यही कहा जाता कि मुझे सब पता है, मुझे सिखाने की जरूरत नहीं है।



नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के नेतृत्व में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को ज्ञापन सौंपते भाजपा नेता।

लोकसभा चुनाव के दौरान एक कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष ने भाषण देते हुए कहा कि मैंने छः विधायकों के सिर कलम कर दिए हैं और तीन मेरे आरे के नीचे तड़फ रहे हैं, ये शब्द अलोकतांत्रिक व असंसदीय हैं और जहां इससे विधायकों की भावना आहत हुई है।

सदन के अंदर विधायक इंद्रदत्त लखनपाल द्वारा यह मुद्दा उठाने पर विधानसभा अध्यक्ष ने खेद प्रकट करना तो दूर शब्द भी वापस नहीं लिए और उल्टा सदन के बाहर फिर गैर–जिम्मेदाराना टिप्पणियां की। हद तो तब हो गई जब मीडिया के सामने कहा कि नेता प्रतिपक्ष मेरे से बहुत जूनियर हैं वो मुझे क्या सिखाएंगे। आज सुबह भाजपा विधायक दल ने नियम–274 के अंतर्गत विधान सभा सचिव को विधानसभा अध्यक्ष को पद से हटाने का संकल्प प्रस्तुत किया।

इसके बावजूद विधानसभा सत्र शुरू होने के बाद अध्यक्ष महोदय अपने आसन पर आकर बैठ गए, जबकि नैतिकता के आधार पर उन्हें संकल्प पेश होने और उस पर चर्चा तथा मतदान होने तक आसन पर नहीं आना चाहिए था। नेता प्रतिपक्ष ने राज्यपाल को एक ज्ञापन सौंपा उनके साथ इस अवसर पर रणधीर शर्मा, विपिन परमार, अनिल शर्मा, इंदर लखनपाल, राकेश जमवाल, रीना कश्यप, प्रकाश राणा, इंदर गांधी, सुधीर शर्मा, पवन काजल, बिक्रम ठाकुर, दीपराज कपूर, दिलीप ठाकुर, आशीष शर्मा, सुरेंद्र शौरी, जीतराम कटवाल, सतपाल सत्ती, सुखराम चौधरी, हंस राज, बलबीर वर्मा, जनक राज उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# यह विपक्ष का दिवालियापन है कि इनके पास कोई मुद्दा नहीं : हर्षवर्धन

**अनंत ज्ञान, शिमला**

विपक्ष के वॉकआउट पर संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि विपक्ष के 10 में से आठ मुद्दे भाजपा नेताओं के लगे हैं, पर लगता है कि आज इनके पास कोई मुद्दा नहीं है। नियम–67 का भी एक प्रस्ताव दिया गया है। उस पर इन्होंने मुंह तक नहीं खोला।



कांग्रेस विधायकों ने भी नियम 130 में वित्तीय स्थिति पर मुद्दा दिया है। सरकार की ओर से दिए प्रस्तावों से ज्यादा स्पीकर विपक्ष को अवसर दे रहे हैं। इसके बावजूद विपक्ष का व्यवहार सही नहीं है। ये विधानसभा अध्यक्ष को डिक्टेट नहीं कर सकते कि सदन कैसे चलाना है। उन्होंने कहा कि यह विपक्ष का दिवालियापन है कि इनके पास कोई मुद्दा नहीं है। अध्यक्ष से संबंधित जो मुद्दा इन्होंने उठाने का प्रयाय किया, वह नियमानुसार सही नहीं है। आज आपदा पर एजेंडा जयराम ठाकुर ने दिया था। कानून–व्यवस्था भी इनका मुद्दा रहा है। संसदीय कार्यमंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि उन्होंने पिछले कल जयराम ठाकुर से टेलीफोन पर बात की। उन्हें कहा कि सत्र दस दिन का है। पर यह लोग भाग रहे हैं। आज ये सदन से बाहर चले गए। यह समय की बर्बादी है। इस सदन को चलाने की जिम्मेदारी केवल सरकार की ही नहीं है, विपक्ष की भी है। सरकार इतनी कमजोर नहीं है।



नेता प्रतिपक्ष जयराम और भाजपा विधायक विधानसभा अध्यक्ष के व्यवहार को लेकर विधानसभा सचिव को प्रस्ताव सौंपते हुए।

# स्थगन प्रस्ताव पर अविलंब चर्चा करवाने का कोई औचित्य नहीं : विधानसभा अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, शिमला**

विधानसभा सदन में विपक्ष के वॉकआउट पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि विपक्ष ने नियम 67 से जुड़ी स्थगन प्रस्ताव की सूचनाएं दीं।

कर्मचारियों और पेंशनरों के समय पर वेतन व पेंशन न देने से यह संबंधित है। नियम 130 में इसी प्रस्ताव पर चर्चा हो सकती है, जो वित्तीय स्थिति से संबंधित है। इस स्थगन प्रस्ताव पर अविलंब चर्चा को करवाने का कोई औचित्य नहीं रह जाता है, जिन्होंने सदन में यह प्रस्ताव लाया है, वे भी यहां नहीं है। इसका औचित्य नहीं रह जाता है। स्पीकर पठानिया ने कहा कि इससे विपक्ष की गंभीरता का न होना दिखता है। नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी बहुत ज्यादा है। वह पिछले पांच साल तक मुख्यमंत्री भी रहे हैं।



# राजस्व रिकॉर्ड देखने के लिए उर्दू शब्दों को पढ़ने में होगी अब आसानी : नेगी

**अनंत ज्ञान, शिमला**

सरकार राजस्व रिकॉर्ड देखने के लिए उर्दू शब्दों को पढ़ने के लिए आसान फार्मूला अपनाएंगी। मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ के प्रश्न पर केवल सिंह पठानिया के अनुपूरक प्रश्न किया कि उर्दू के रिकॉर्ड को सरकार अपडेट करें, जिससे आम जनता को पढ़ने के पैसे न देने पड़े।



जवाब में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि यह सही है कि उर्दू में ही रिकॉर्ड है। जहां अनुवाद की जरूरत होगी, सरकार वहां पर अनुवाद के लिए मदद करेगी। उन्होंने कहा कि राजस्व रिकॉर्ड देखने के लिए उर्दू के अनुवादक उपलब्ध करवाए जाएंगे। नए रिकॉर्ड को सरकार सरल करेगी। फतेहपुर के कांग्रेस विधायक भवानी सिंह पठानिया ने कहा कि गूगल पर उर्दू का अनुवाद हो सकता है। अगर उर्दू का रिकॉर्ड स्कैन किया जाए तो इससे लाभ हो सकता है।

## होशियारपुर के डीसी से उठाया पुल निर्माण का मामला

जिला ऊना की सीमा पर जैजों खड्ड में आई बाढ़ में 11 व्यक्तियों की मौत हुई है। दुर्घटना स्थल की दूरी हिमाचल की सीमा से करीब 600 मीटर है, यह पंजाब की सीमा पर है। उपायुक्त ऊना ने 22 अगस्त को पुल निर्माण संबंधित मामला पत्र के माध्यम से उपायुक्त होशियारपुर से उठाया है।

यह जानकारी राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने विधायक सतपाल सिंह सत्ती की ओर से पूछे गए लिखित प्रश्न के उत्तर में दी। नेगी ने कहा कि मृत व्यक्तियों के कानूनी उत्तराधिकारियों को 44 लाख रुपए की वित्तीय सहायता दी गई है। इस हादसे में 4 परिवार प्रभावित हुए हैं और प्रत्येक परिवार को 20-20 हजार, रेडक्रॉस के माध्यम से 80-80 हजार वितरित किए गए।

## सड़कों के किनारे लगाए 51, 016 मीटर क्रैश बैरियर

**शिमला ।** लोक निर्माण विभाग के तहत आने वाली सड़कों के किनारे 51016 मीटर क्रैश बैरियर लगाए जा चुके हैं। लोक निर्माण विभाग ने 15000 मीटर क्रैश बैरियर 665 मीटर आरओएफडी व 2000 मीटर रिटेनिंग वाल लगाए गए।

चालू वित्त वर्ष में सड़क सुरक्षा के सुधार के लिए 15.62 करोड़ (6.52 करोड़ रोड सेफ्टी और 9.10 करोड़) का प्रावधान किया गया है।

बीते तीन सालों में 31 जुलाई, 2024 तक लोक निर्माण विभाग ने पीएमजीएसवाई, सीआरएफ और अन्य योजनाओं के तहत 7085.80 करोड़ रुपए का भुगतान किया है। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने यह जानकारी विधायक केवल सिंह पठानिया की ओर से पूछे गए प्रश्न के लिखित उत्तर में दी।

**समीक्षा बैठक** अधिकारियों को सड़कों का निर्माण कार्य 2025 तक पूर्ण करने के निर्देश

# 23 सड़कें और 22 पुल स्वीकृत : विक्रमादित्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह की अध्यक्षता में केंद्रीय प्रायोजित एवं केंद्रीय सड़क अवसंरचना निधि योजनाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा करते हुए लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तीसरे चरण में 23 सड़कें एवं 22 पुल स्वीकृत हुए है।



उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं में से 4 सड़कों के टेंडर अवार्ड किए जा चुके है तथा अन्य 19 सड़कों के जल्द से जल्द टेंडर अवार्ड किए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तीसरे चरण की सड़कों का निर्माण कार्य जून, 2025 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि इसके अतिरिक्त 22 पुलों के टेंडर भी जल्द से जल्द अवार्ड किए जाए तथा इसका निर्माण कार्य दिसंबर 2025 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि योजना का लाभ प्रदेश के लोगों को मिल सके।

उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के प्रथम तथा द्वितीय चरण को लगभग पूर्ण किया जा चुका है। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माणाधीन विभिन्न परियोजनाओं पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

उन्होंने कहा कि हाल ही में केंद्रीय मंत्री के साथ आयोजित हुई बैठक में विभिन्न परियोजनाओं पर चर्चा की गई थी। उन्होंने अधिकारियों को इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए ताकि प्रदेश की इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी प्राप्त हो सके। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग के विभिन्न परियोजनाओं से संबंधित बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए ताकि इस परियोजनाओं में तेजी लाई जा सके।

लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि केन्द्रीय सड़क अवसंरचना निधि योजना के अंतर्गत 2097 करोड़ की 191 परियोजनाओं को स्वीकृति हुई थी, जिसमे से 143 परियोजनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है जिस पर अब तक 861 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जा चुकी है। उन्होंने अधिकारियों को सड़कों से संबंधित निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए ताकि प्रदेश के लोगों को इन योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके। मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी ने भी अपने बहुमूल्य सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सड़के हमारी भाग्य रेखाएं है। इस दृष्टि से सभी अधिकारियों को कार्य करने की आवश्यकता है।

बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार राम सुभग सिंह, सचिव लोक निर्माण विभाग अभिषेक जैन, विशेष सचिव लोक निर्माण विभाग हरबंस सिंह ब्रास्कोन, संयुक्त सचिव सुरजीत सिंह राठौर, इंजीनियर इन चीफ एनपी सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।




भवान्भीष्मश्च कर्णश्च
कृपश्च समिति यः।
अश्वत्थामा विकर्णश्च
सौमदत्तिस्तथैव च॥

**भावार्थः** जैसे आप (द्रोणाचार्य) और पितामह भीष्म तथा कर्ण और संग्रामविजयी कृपाचार्य, वैसे ही अश्वत्थामा, विकर्ण और सोमदत्तका पुत्र भूरिश्रवा है।

अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
कांगड़ा | मंगलवार, 3 सितंबर 2024



# सिर्फ रणथम्भौर में होते हैं त्रिनेत्रधारी गणेश के दर्शन

**गणेश चतुर्थी पर बप्पा का स्वर्ण से किया जाता है श्रृंगार**

**राजस्थान** के सवाई माधोपुर से 15 किलोमीटर दूर समुद्र तल से 1579 फुट ऊंचाई पर अरावली और विंध्याचल की पहाड़ियों के बीच दुनिया का एकमात्र प्राचीन त्रिनेत्र गणेश मंदिर है। यह अनूठा मंदिर विश्व धरोहर में शामिल रणथम्भौर दुर्ग के भीतर बना हुआ है। इसे रणतभंवर मंदिर भी कहा जाता है। यहां गणेश जी की प्रतिमा त्रिनेत्रधारी है। कहते हैं पूरी दुनिया में यही एकमात्र मंदिर है, जिसमें गणेश जी त्रिनेत्र धारण किए हुए हैं। मान्यताओं के अनुसार, महादेव ने गणपति जी को अपना उत्तराधिकारी मान कर उनको अपना त्रिनेत्र प्रदान किया था। तीसरा नेत्र ज्ञान का प्रतीक माना जाता है। गणेश चतुर्थी के पर्व पर इस मंदिर में बप्पा का स्वर्ण से श्रृंगार किया जाता है। कहा जाता है कि यहां हर मन्नत पूरी होती है।

## पूरे परिवार के साथ विराजमान हैं गणपति बप्पा

**यह** दुनिया में अकेला एक ऐसा मंदिर है जहां पर गणपति बप्पा पूरे परिवार के साथ विराजमान हैं। पूरी दुनिया में यही एक ही मंदिर है जहां भगवान गणेश जी अपने पूरे परिवार, पत्नियों रिद्दि, सिद्दि और दो पुत्रों शुभ और लाभ के साथ विराजमान हैं। एक तरफ रिद्धि, दूसरी तरफ सिद्धि और बीच में गणपति जी हैं। भारत में चार स्वयंभू गणेश मंदिर हैं, जिनमें रणथम्भौर स्थित त्रिनेत्र गणेश जी प्रथम हैं।

## यहां सबसे पहले भेजा जाता है मांगलिक कार्यों का निमंत्रण

**कहते** हैं कि भगवान श्री कृष्ण अपने विवाह से पहले यहां पर न्यौता देने आए थे। यही वजह है कि देशभर से भक्त अपने घरों में होने वाले मांगलिक कार्यों का पहला निमंत्रण पत्र गणपति बप्पा के लिए भेजते हैं। सिर्फ मांगलिक काम में ही नहीं, यहां लोग अपनी तकलीफें और दुःख भी भगवान गणपति को चिट्ठी में लिखकर भेजते हैं। इस गणेश मंदिर में हर समय भगवान के चरणों में चिट्ठियों और निमंत्रण पत्रों का ढेर लगा रहता है। कार्ड पहुंचने पर पंडित जी उसकी अर्जी गणपति बप्पा के सामने लगाते हैं और कार्ड एक कमरे में इकट्ठे किए जाते हैं। कटे होने के बाद कार्ड का जल सरोवर में निस्तारण कर दिया जाता है।

## मंदिर का इतिहास

**महाराजा** विक्रमादित्य जिन्होंने विक्रम संवत् की शुरुआत की थी प्रत्येक बुधवार उज्जैन से चलकर रणथम्भौर स्थित त्रिनेत्र गणेश जी के दर्शन के लिए नियमित जाते थे। महाराजा हम्मीरदेव चौहान व दिल्ली के शासक अलाउद्दीन खिलजी का युद्ध 1299-1301 ईस्वी के बीच रणथम्भौर हुआ। उस समय अलाउद्दीन खिलजी ने रणथम्भोर के दुर्ग को चारों तरफ से घेर लिया था। नौ महीने से भी ज्यादा समय तक किला चारों तरफ से मुगल सेना से घिरा रहा। इसके चलते वहां रसद धीरे-धीरे खत्म होने लगी, उस समय महाराजा को स्वप्न में गणेश जी ने कहा कि मेरी पूजा करो तुम्हें मैं सब परेशानी दूर कर दूंगा। उसके बाद राजा हमीरदेव ने भगवान गणेश द्वारा बताई जगह पर ही मूर्ति स्थापित कर पूजा की और मंदिर बनवाया। इसके बाद कई सालों तक चला युद्ध समाप्त हो गया।



## रामायण में भी है मंदिर का उल्लेख

**इस** मंदिर के बारे में रामायण में भी उल्लेख मिलता है। रामायण काल और द्वापर युग में भी यह मंदिर था। कहा जाता है कि भगवान राम ने लंका की ओर कूच करते समय भगवान त्रिनेत्र गणेश जी का अभिषेक इसी रूप में किया था। इसी तरह की और भी सच्ची कहानियां इस मंदिर के बारे में आज भी कही सुनी जाती हैं।





## रणथम्भौर टाइगर रिजर्व एरिया

**रणथम्भौर** गणेश जी का मंदिर प्रसिद्ध रणथम्भौर टाइगर रिजर्व एरिया में स्थित है। यहां की प्राकृतिक सुंदरता देखते ही बनती है। बारिश के दौरान यहां कई जगह झरने फूट पड़ते हैं और पूरा इलाका रमणीय हो जाता है। जब यहां गणेश जी का मेला आयोजित होता है तो आस्था देखते ही बनती है। आसपास के जिलों से कई किलोमीटर की पैदल यात्रा कर भक्त मंदिर के दर्शन के लिए आते हैं।

## कैसे जाएं त्रिनेत्र गणेश मंदिर

**त्रिनेत्र** गणेश मंदिर, रणथम्भौर दुर्ग, सवाई माधोपुर, राजस्थान जाने के लिए सड़क मार्ग आसान राह है। सवाई माधोपुर से 13 किलोमीटर दूरी पर ही त्रिनेत्र गणेश मंदिर का मंदिर है। यहां जाने के लिए रेल सेवा भी उपलब्ध होती है। साथ ही यहां सड़क मार्ग से बस या निजी वाहन से जाया जा सकता है। हवाई सेवा का उपयोग करने के लिए नजदीकी एयरपोर्ट जयपुर है। यहां से बस या निजी वाहन से जा सकते हैं।

# श्री श्री रवि शंकर ने बताया मन पर विजय कैसे पाएं

**ब्रह्मांड में एक होता है विराट मन, जिसमें सब कुछ समा सकता है। फिर एक होता है छोटा मन, छोटा मन आनंद का आश्वासन तो देता है, लेकिन आपके हाथ में कुछ नहीं आता। विराट मन आरंभ में कुछ बाधाएं लाता है, लेकिन आपके ह्रदय को आनंदित कर देता है। छोटे मन की विजय दुःखदायी होती है और विराट मन की विजय आनंद से भरपूर होती है।**



**मन की दो योग्यताएं हैं।** पहली केंद्रित करना और दूसरी विस्तार करना तथा विश्राम करना। उदाहरण के लिए जब आप सुई में धागा डाल रहे होते हैं, तब आपका एकदम केंद्रित होता है। जब आप खाली आकाश की ओर देख रहे होते हैं तब भी मन का विस्तार होता है। जीवन में केंद्रित होने और विस्तार करने की योग्यता हमारी चेतना में एक साथ आनी चाहिए। सारा भ्रम केंद्रित होने और विस्तार होने के बीच में है। सब प्रयत्न छोड़कर अपने आप में शांत बने रहिए। जिस शांति को आप बाहर कहीं खोज रहे हैं, वो आपके भीतर ही है, शांति आपका स्वभाव है। अब सवाल है कि आपके भीतर शांति है यह जानने से आपको कौन रोक रहा है? तो जवाब है आपका अपना मन। इस पर कैसे विजय पाएं तो इसका जवाब है समर्पण करके।

### मन समय का अंग, समय प्रतिबिंब

**मन** समय का अंग है। समय प्रतिबिंब है। एक की उत्पत्ति दूसरे से ही होती है। इसीलिए, जब आप खुश होते हैं, तब समय बहुत जल्दी बीत जाता है। यदि आप नहीं जानते हैं कि समय कैसे बीत गया, तो आप प्रसन्न रहते हैं। कभी आप किसी की प्रतीक्षा में होते हैं तब अगर ध्यान दें तो आधा घंटा भी बहुत लंबा समय लगता है। जब मन किसी काम में नहीं होता तब भी समय लंबा प्रतीत होता है।

### खुला मन और बंद मन

मन के दो प्रकार होते हैं। एक होता है खुला मन और दूसरा होता है बंद मन। बंद मन वह होता है जो कहता है, 'यह ऐसा ही है, मैं यह जानता हूं, यह कठोर होता जाता है।' खुला मन इसके विपरीत होता है हो कहता है, 'हां, ऐसा भी हो सकता है, शायद मैं नहीं जानता हूं।' सीमित ज्ञान और इसका अनुपालन मन को बहुत कठोर बना देता है। जब भी आपको यह समझ में आ जाए, आप स्वयं से कह सकते हैं, हां, यह ऐसा ही है। उस क्षण को स्वीकार करके आप आगे बढ़ सकते हैं। समस्याएं तब उत्पन्न होती हैं जब हम यह मान लेते हैं कि हम सब जानते हैं। आपके ना जानने से कोई समस्या उत्पन्न नहीं होती। जब आप यह मानकर चलते हैं कि मुझे कम ज्ञात है, तब मन खुला हुआ रहता है। मन में घटित हो रही घटनाओं को व्यक्ति, वस्तु और परिस्थिति से अलग करके देखें। जब आप गहराई में जाकर देखेंगे तो पाएंगे कि केवल एक ही अस्तित्व है, एक ही ईश्वर है और हम सब उससे जुड़े हुए हैं। एक बुद्धिमान व्यक्ति सबको अपने अस्तित्व का ही अंग मानता है, सब उसके मन का विस्तार हैं। किसी व्यक्ति की गलतियों को पकड़कर नहीं बैठे और उस पर दोषारोपण न करें। ऐसा करने मन सभी प्रकार के राग-द्वेष से बाहर आ जाता है और मुक्त हो जाता है।



# अखंड सौभाग्य और समर्पण का प्रतीक हरितालिका तीज

**हरितालिका तीज हिंदू धर्म में महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण व्रत एवं त्योहार है, जो विशेषतया उत्तर भारत में मुख्यतः मनाया जाता है। यह व्रत भाद्रपद महीने की शुक्ल पक्ष की तृतीया को किया जाता है। इस व्रत को धारण करने का मुख्य उद्देश्य भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करके उनके आशीर्वाद को प्राप्त करना है। इसे विवाहित और अविवाहित दोनों महिलाएं करती हैं। विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और खुशहाल वैवाहिक जीवन के लिए तथा अविवाहित लड़कियां एक अच्छा एवं सुयोग्य वर पाने की कामना से यह व्रत करती हैं। हिमाचल में इसे 'चिड़ियों का व्रत' भी कहा जाता है। चिड़ियों के डार के साथ-साथ शिवजी, माता पार्वती गणेश जी तथा शिवलिंग बनाकर उन्हें पूरी तरह सूखने के लिए रख दिया जाता है। सूखने पर उन्हें कई रंगों से सजाया जाता है। साथ ही एक बर्तन में जौ बीज दिए जाते हैं जो सात-आठ दिनों में हरियाली का रूप ले लेते हैं।**

### सोलह श्रृंगार करती हैं महिलाएं

**सुहागिनें** इस दिन लाल वस्त्र पहनती हैं और सोलह श्रृंगार करती हैं और सबसे सुंदर दिखना चाहती हैं। इस दिन सभी महिलाएं निर्जल व्रत रखती हैं और शाम को पूजा के बाद ही फलाहार लेती हैं। मिट्टी से बनी इन सभी चिड़ियों और देवी देवताओं को एक चौकी पर सजा दिया जाता है। चौकी के चारों ओर केले के पत्तों का मंडप बनाकर लाल मौलियों से बांध दिया जाता है। सब महिलाएं एकत्र होकर भजन कीर्तन करती हैं और बारी-बारी पूजा करती हैं। सबसे पहले भगवान गणेश का आह्वान किया जाता है फिर भगवान शिव और माता पार्वती को धूप, दीप, फूल, फल, बेलपत्र और मिठाई चढ़ाई जाती है तथा चिड़ियों को भी पूजा जाता है, अंत में चौकी के नीचे एक थाली में जल डालकर चांदी का आभूषण और दूध मिलाकर उस जौ की हरियाली के साथ उन सब चिड़ियों और भगवान के दर्शन उस जल में किए जाते हैं। इसके बाद फल, सुहागी चढ़ाकर सभी महिलाएं मिलकर इस व्रत की खुशियों को साझा करती हैं।

### व्रत से जुड़ी कई धार्मिक और पौराणिक मान्यताएं

**हरितालिका** तीज की पूजा के दौरान व्रत कथा सुनना अनिवार्य होता है। इस व्रत से जुड़ी कई धार्मिक और पौराणिक मान्यताएं हैं, जो इस व्रत के महत्व को और भी बढ़ाती हैं। एक कथा के अनुसार माता पार्वती के पिता हिमालय चाहते थे कि उनकी बेटी का विवाह भगवान विष्णु से हो, लेकिन पार्वती इसके लिए तैयार नहीं थी। पार्वती ने जंगलों में जाकर तपस्या की और भगवान शिव को पति के रूप में पाने की इच्छा जताई। पार्वती की सहेलियां उन्हें उनके पिता के घर से हरण करके जंगल में ले गईं। हरित का अर्थ है हरण करना और तालिका का अर्थ है सखी, इसलिए इस व्रत को हरितालिका तीज के नाम से जाना जाता है। जंगल में जाकर पार्वती जी ने मिट्टी से शिव की मूर्ति बनाकर उनका पूजन किया था। इस पूजा से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने माता पार्वती को दर्शन दिए और विवाह करने का वचन दिया। बाद में हिमालय ने भी पार्वती को शादी की अनुमति दे दी। कहा जाता है कि जिस प्रकार माता पार्वती ने अपने दृढ़ संकल्प से भगवान शिव को प्राप्त किया इसी प्रकार हरितालिका तीज का व्रत रखने वाली महिलाएं भी अपने संकल्प से अपने जीवन की सभी इच्छाओं और खुशहाल जीवन की प्राप्ति कर सकती हैं। इस व्रत में की गई पूजा और प्रार्थना का फल निश्चित रूप से मिलता है। भारतीय संस्कृति में हरितालिका तीज का स्थान अत्यधिक महत्वपूर्ण है, जो नारी शक्ति के प्रेम और समर्पण का प्रतीक है।



वसुंधरा धर्माणी
घुमारवीं, बिलासपुर
हिमाचल प्रदेश

# आरोग्य का दाता सूर्य षष्ठी व्रत



**भगवान** सूर्य देव की आराधना एवं पूजा से संबंधित सूर्य षष्ठी व्रत भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी को मनाया जाता है। इस दिन विधि-विधान से किए गए सूर्य भगवान के दर्शन पुत्र, आरोग्य और धन प्रदान करते हैं। सूर्य देव की शक्ति का उल्लेख वेदों, पुराणों और योग शास्त्र आदि में किया गया है। सूर्य की पूजा से सर्वदा शुभ फल मिलता है। अतः सूर्य षष्ठी के दिन जो भी व्यक्ति सूर्यदेव की पूजा करता है, वह सदा दुःख एवं संताप से मुक्त रहता है। सूर्य षष्ठी के दिन सूर्योदय पूर्व दैनिक कर्म से निवृत्त घर या घर के घाट पर किसी भी प्रकार का स्नान, नदी, नहर में स्नान करना चाहिए। स्नान करने के बाद उगते हुए सूर्य की आराधना करनी चाहिए। भगवान सूर्य को निर्देश, नदी या नहर के अंतिम छोर पर अर्घ्य देना चाहिए। शुद्ध घी से दीपक जलाना चाहिए। कपूर, धूप, लाल पुष्प आदि से भगवान सूर्य का पूजन करना चाहिए। इस दिन अपाहिजों, गरीबों और ब्राह्मणों को अपनी प्राथमिकता के अनुसार दान देना चाहिए। स्नान के बाद सात प्रकार के फल, चावल, तिल, दूर्वा, चंदन आदि को मिलाकर जल में उगते हुए भगवान सूर्य को जल देना चाहिए।



# भगवान वराह ने किया हिरण्याक्ष का वध

## वराह जयंती

**विष्णु** भगवान के तीसरे वराह अवतार की जयंती भाद्रपद माह में मनाई जाती है। भगवान विष्णु ने राक्षसों पर विजय पाने के लिए वराह अवतार धारण कर त्रिलोक को आतंक से मुक्त कराया था। इस दिन भगवान वराह की पूजा करने से सारे दोष दूर हो जाते हैं। वराह जयंती का उत्सव मुख्य रूप से दक्षिण भारत में काफी व्यापक रूप से मनाया जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार दिति ने दो राक्षसों को जन्म दिया। हिरण्याक्ष और हिरण्यकश्यपु के साथ अद्भुत शक्तियों का जन्म हुआ। उनके जन्म के समय संपूर्ण ब्रह्मांड अस्तित्व में था। पृथ्वी हिलने लगती है। नक्षत्र उलटे जाते हैं, त्रिलोकों का परिदृश्य आपको भयानक लगता है। दोनों भाई जल्द ही मजबूत और विशाल शरीर वाले हो गए। दोनों ने कठिन तपस्या की और भगवान ब्रह्मा को प्रसन्न करने में सफल रहे। उन्होंने शक्तियों को सीमित कर दिया और कहा कि कोई भी उन्हें युद्ध में हरा नहीं सकता। त्रिलोकों को प्राप्त करने के बाद वे दोनों वरुण देव के राज्य विभारी नगरी को पुनः प्राप्त करने के लिए चले गए। वरुण देव ने कहा कि भगवान विष्णु सभी में श्रेष्ठ हैं। इस पर हिरण्याक्ष भगवान विष्णु की खोज में निकल गए। भगवान विष्णु ने वराह अवतार लिया था। हिरण्याक्ष ने अपने दांतों से पृथ्वी को पकड़ लिया था। हिरण्याक्ष ने भगवान विष्णु को रोकने का प्रयास किया। दोनों में भयंकर युद्ध हुआ और हिरण्याक्ष भगवान वराह के हाथों मारा गया। भगवान विष्णु ने पृथ्वी को पुनः कक्षा में स्थापित किया।

# पूर्व जन्मों के पापों से मुक्ति दिलाए ऋषि पंचमी व्रत

**भाद्रपद** माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी को ऋषि पंचमी मनाई जाती है। यह व्रत पापों का नाश करने वाला है। एक समय विदर्भ देश में उत्तक नाम का ब्राह्मण अपनी पतिव्रता पत्नी के साथ निवास करता था। उनके परिवार में एक पुत्र और एक पुत्री थी। ब्राह्मण ने अपनी बेटी का विवाह कुंडली मिलाकर किया, लेकिन काल के प्रभाव स्वरूप कन्या के पति की अकाल मृत्यु हो जाती है और वह विधवा हो जाती है और अपने पिता के घर लौट आती है। एक दिन आधी रात में लड़की के शरीर में अज्ञात वस्तु उत्पन्न हो गई। अपनी कन्या के शरीर पर कीड़े देखकर माता पिता दुख से व्यथित हो जाते हैं और पुत्री को ऋषि के पास ले जाते हैं। उत्तक ऋषि ने अपने ज्ञान से उस कन्या के पूर्व जन्म का पूरा विवरण कहा कि कन्या पूर्व जन्म में ब्राह्मणी हो एक बार रजस्वला होने पर रसोई, खाद्य वस्तुओं को छू लिया था, जिस कारण यह पाप लगा है। इस कारण शरीर पर कीड़े पड़ गए हैं। शास्त्रों के अनुसार रजस्वला स्त्री का कार्य करना वर्जित है। ऋषि कहते हैं कि यदि यह कन्या ऋषि पंचमी का व्रत कर क्षमा प्रार्थना करे तो उसे अपने पापों से मुक्ति मिल जाएगी। इस प्रकार कन्या द्वारा ऋषि पंचमी का व्रत करने से उसे अपने पाप से मुक्ति मिलती है।



## न्यूज ब्रीफ

### जवाली के पं. विपन शर्मा नई दिल्ली में सम्मानित



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** नई दिल्ली के पीरागढ़ी में जीरी ज्योतिष हब एवं ऊंची उड़ान संस्था द्वारा 16वां अंतरराष्ट्रीय वैदिक ज्योतिष सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमे देश-विदेश से 200 से अधिक ज्यतिषी, टैरोट कार्ड रीडर, लाल किताब, अंक ज्योतिष, वास्तु शास्त्र और समाजसेवी लोगों को आमंत्रित किया गया था। सम्मेलन में लोगों ने अपने-अपने शोध पढ़े, जिनको बहुत सराहा गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष डॉ. राकेश डागर व उनकी पत्नी रेखा जोशी डागर व बॉलीवुड अभिनेत्री महक चहल ने हिमाचल प्रदेश से जवाली से संबंध रखने वाले ज्योतिषी पंडित विपन शर्मा को ज्योतिष के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने हेतु गोल्ड मेडल प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। पंडित विपन शर्मा ने इस सम्मान के लिए जीरी ज्योतिष हब और ऊंची उड़ान संस्था संस्था के अध्यक्ष डॉ. राकेश डागर और उनकी पत्नि रेखा डागर व उनकी टीम का धन्यवाद किया।

### सतीश शर्मा बने बालकरूपी बूथ कमेटी अध्यक्ष



**प्रवीण मिश्रा, जयसिंहपुर।** ब्लॉक कांग्रेस के बालकरूपी जोन की बैठक सोमवार को ब्लॉक अध्यक्ष जसवंत डढवाल की अध्यक्षता में हुई। इसमें बालकरूपी जोन के अध्यक्ष सिकंदर राणा, सचिव राजेश कुमार, अशोक कुमार अशोक राणा, जोगिंदर सिंह और अन्य जोन कमेटियों के अध्यक्ष और सदस्य शामिल हुए। बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेता कर्नल रण सिंह राणा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में बालकरूपी बूथ कमेटी का पूर्ण गठन किया गया। बालकरूपी बूथ कमेटी का अध्यक्ष सतीश शर्मा को बनाया गया, जबकि प्रभारी अशोक कटोच तथा उपाध्यक्ष सुमन शर्मा को बनाया गया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने बताया कि हर बूथ में जाकर कांग्रेस पार्टी की नीतियों को लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं को आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा व सरकार के माध्यम से हल करवाया जाएगा। इस मौके पर कांग्रेस महासचिव सुनील राणा, सिकंदर, विवेक, महिंदर, दलीप चौहान आदि उपस्थित रहे।

### सारा का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन

**सालबिया शर्मा, गरली।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गरली की छात्रा सारा का चयन अंडर -14 राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए हुआ है।



जानकारी देते हुए स्कूल प्रधानाचार्य मलकीयत सिंह ने बताया कि हाल ही में जिला स्तरीय अंडर-14 वर्ग की छात्राओं की खेलकूद प्रतियोगिता जो कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गरली में हुई थी, उसमें शिक्षा खंड रक्कड़ विजेता रहा था। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गरली की छात्रा सारा का चयन अब राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए हुआ है। प्रधानाचार्य मलकीयत सिंह ने सभी स्टाफ सदस्यों व अभिभावकों को बधाई दी तथा छात्रा को राज्य स्तरीय उम्दा प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

### टकोली घिरथां की डिंपल चौधरी बनी लेफ्टिनेंट



**अनंत ज्ञान, जवाली।** टकोली घिरथां की डिंपल चौधरी ने सेना में लेफ्टिनेंट बनकर साकार कर दिखाया है। डिंपल चौधरी मेडिकल हॉस्पिटल प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) में बतौर लेफ्टिनेंट अपनी सेवाएं देगी। डिंपल चौधरी के लेफ्टिनेंट बनने से परिजनों सहित पंचायत में खुशी की लहर है। सेना में बतौर लेफ्टिनेंट चयनित होने पर डिंपल चौधरी ने खुशी जाहिर की है तथा इस उपलब्धि का श्रेय अपनी कड़ी मेहनत व माता-पिता, गुरुजनों सहित ससुराल पक्ष को दिया है।

### बनखंडी में सामुदाय विकास कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, देहरा।** बनखंडी पोस्ट ऑफिस में सोमवार को डाक समुदाय विकास



कार्यक्रम शिविर का आयोजन किया गया। उपमंडल डाकघर निरिक्षक राज कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुए इस कार्यक्रम मे क्षेत्र भर के दर्जनों लोग मौजूद रहे। शिविर में पोस्ट ऑफिस की विभिन्न योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी गई। कई लोगों ने पोस्ट ऑफिस बचत बैंक के खाते भी खुलवाए।

### शिवनगर कॉलेज में सजा ग्राम्य उत्पाद मेला



**अजय पाल, पंचरुखी।** राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में वाणिज्य विभाग द्वारा ग्राम हॉट (ग्राम्य उत्पाद मेला) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. नितिका शर्मा ने सभी का स्वागत किया और कार्यक्रम द्वारा विद्यार्थियों में उद्यमिता की भावना विकसित होने को रेखांकित किया, जिससे विद्यार्थी अपने स्टार्टअप्स शुरू कर सकें। इस कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग के सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यार्थियों ने भिन्न-भिन्न उत्पादों को बनाकर उनके उत्पादन से लेकर उनके विक्रय तक के सभी चरणों को बखूबी निभाया। इस तरह की गतिविधियों से विद्यार्थियों में उद्यमिता और स्व रोजगार की भावना प्रोत्साहित होती है और उनके कौशल विकास को भी बढ़ावा मिलता है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर संगीता सिंह ने भी बच्चों के प्रयासों की सराहना की और भविष्य में निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी, जिसके द्वारा भारतीय स्वदेशी ज्ञान का भी बाज़ार के माध्यम से प्रसार हो सके। उन्होंने आगे बताया कि इस तरह की गतिविधियों का उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि वे देश की तरक्की में योगदान दे सकें। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. संगीता सिंह, संयोजक डॉ. नितिका शर्मा, डॉ. शमशेर सिंह , प्रोफेसर राजेश कुमार, डॉ. उज्ज्वल सिंह, प्रोफेसर शिखा धरवाल, प्रोफेसर विवेकानंद व प्रोफेसर योगेश पांडे उपस्थित रहे।

# कामकाजी महिलाओं के बच्चों के लिए पालना केंद्र का प्लान करें तैयार : डीसी

## हेमराज बैरवा ने कहा, कुपोषण और एनीमिया के नियंत्रण के लिए किए जाएं गंभीर प्रयास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने कामकाजी महिलाओं एवं श्रमिकों के शिशुओं की उचित देखभाल के लिए पालना केंद्र बनाने के लिए प्लान तैयार करने के निर्देश आईसीडीएस विभाग के अधिकारियों को दिए हैं, ताकि कामकाजी महिलाओं एवं श्रमिक महिलाओं को किसी भी तरह की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े और बच्चों की भी सही देखभाल सुनिश्चित हो सके।

उपायुक्त ने जिला मुख्यालय पर महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय का निरीक्षण करने के उपरांत कहा कि जिले के प्रत्येक पात्र बच्चे और महिला तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन हर प्रकार के सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। जिला कांगड़ा में महिला एवं बाल विकास विभाग से जुड़ी योजनाओं और सुविधाओं का दायरा बढ़ाने के लिए विभाग को प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में 6 साल से कम आयु के बच्चों के विकास और देखभाल में आंगनबाड़ी केंद्रों की बहुत अहम भूमिका रहती है। उन्होंने जिले में मनरेगा कंवर्जेंस के तहत बनने वाले आंगनबाड़ी केंद्र भवनों की सूची और प्रस्ताव जल्द भेजने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

हेमराज बैरवा ने कहा कि जिले में कुपोषण और और एनीमिया को पूरी तरह से नियंत्रित करने के लिए विभाग के सभी अधिकारियों को गंभीर प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने मिशन भरपूर सहित पोषण अभियान से संबंधित सभी योजनाओं को पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने की बात कही।

### सभी कुपोषित बच्चों की निगरानी करें

**डीसी** ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी और फील्ड पर्यवेक्षक कुपोषित बच्चों की निगरानी करें। कुपोषित और एनिमिया ग्रस्त बच्चों पर निगरानी रखने के साथ उनके अभिभावकों को आवश्यक परामर्श देते रहें। पूरक पोषाहार कार्यक्रम के तहत जिले में 3 वर्ष के कम आयु के 95.5 प्रतिशत बच्चों, तीन से छः वर्ष के 91.8 प्रतिशत बच्चों और 92.8 प्रतिशत गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को लाभ पहुंचाया जा रहा है। इसका दायरा बढ़ाते हुए जिले में लाभार्थियों की संख्या को अधिक करने के निर्देश विभाग को दिए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की पहल मिशन भरपूर के कारण जिले में कुपोषित बच्चों में सुधार देखने को मिला है।

### कर्मचारियों के वेतन पर लगा सुक्खू ग्रहण

**धर्मशाला।** पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश की सेवा में जुटे सभी कर्मियों के वेत्तन पर कांग्रेस सरकार का



सुक्खू ग्रहण लग गया है। हिमाचल प्रदेश भाजपा के प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी एवं पूर्व मुख्यमंत्री मीडिया कोर्डिनेटर एडवोकेट विश्व चक्षु ने कर्मचारियों के वेतन विलंबित होने पर कांग्रेस सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सीएम ने मित्रों को खुश करने और झूठी गारंटियों को जबरदस्ती प्रदेश में थोपने की नाकाम कोशिश में राज्य का खजाना खाली करने में अपने दोनों हाथ लगा दिए हैं। अब प्रदेश में सुक्खू की अव्यवस्था से उपज रही स्थिति से पूरी तरह से बौखला गए हैं। चक्षु ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश के इतिहास में पहली बार कांग्रेस सरकार के राज में कर्मचारियों की सैलरी विलंबित हुई है। मुख्यमंत्री सुक्खू अपने मित्रों को कर्ज लेकर घी पिला रहे हैं, लेकिन कर्मचारियों का दर्द नहीं समझ रहे हैं।

### हैप्पी बर्थडे



नेरवा की स्तुति सूद को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### बीमे के 2 लाख दिए

**नगरोटा बगवां।** प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा नगरोटा बगवां ने पिंकी को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत दो लाख की राशि प्रदान की, जो कि उनके पति रविंद्र कुमार की हृदयगति रुकने से मृत्यु होने पर दी गई।

# गायक सोनू निगम ने शिव मंदिर बैजनाथ में टेका माथा



**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

मशहूर पार्श्व गायक सोनू निगम ने बैजनाथ शिव मंदिर में माथा टेक पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने अपने प्रशंसकों के कहने पर शिव मंदिर में शिव भजन गाकर भोले बाबा का भी गुणगान किया।

सोनू निगम का 2 वर्षों के भीतर दूसरी बार भोले बाबा के दरबार में पहुंचे हैं। 2 वर्ष पहले जब वह बैजनाथ आए थे तो उन्होंने बीड़-बिलिंग घाटी काफी दौरा किया था। उन्होंने धौलाधार पर्वत शृंखला में ट्रैकिंग भी की थी। सोनू निगम ने कहा कि भोले बाबा के दरबार में आकर उन्हें बहुत सुकून मिलता है, इसलिए उन्हें यहां बार-बार आने का दिल करता है।

शिव मंदिर ट्रस्टी मनीष राजेंद्र परमार और अमित राठौर ने स्मृति स्वरूप उन्हें बैजनाथ शिव मंदिर का चित्र भेंट किया और पुजारी सुरेंद्र आचार्य उन्हें पूजा-अर्चना करवाई। सोनू निगम का यह एक निजी दौरा है तथा वह परिवार सहित यहां पहुंचे हैं। (अनंत ज्ञान)

# पौंग किनारे खेती बंद करवाने को ग्रामीण लामबंद

## कहा, अगर बिजाई की तो करेंगे आंदोलन, कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाएंगे

**अनिल छांगू, जवाली**



समकेहड़ में मिलखी राम शर्मा की अध्यक्षता में बैठक करते ग्रामीण।

पौंग झील किनारे खाली पड़ी वन्य प्राणी विभाग की जमीन पर खेती बंद करवाने को लेकर दर्जनों पंचायतों के लोग मुखर हो गए हैं तथा पंचायत प्रतिनिधियों सहित जनता ने झील किनारे खेती करने वालों के खिलाफ भी मोर्चा खोल दिया है।

क्षेत्र के पूर्व प्रधान करण सिंह, मदन लाल, करम चंद, उत्तम चंद, ओंकार सिंह, प्रभात सिंह, रणजीत सिंह, इंदिरा देवी, रीना देवी, रविंद्र सिंह ,परस राम, काका राम, पवन सिंह, रमन कुमार, रमेश कुमार, जीत कुमार, तरसेम लाल, सुशील कुमार, महेंद्र सिंह , हंसराज, शेरू, ज्ञान सिंह, साहब सिंह, निशा देवी, सीमा देवी,बसला देवी, सुनीता देवी, गुलशन, करम चंद, कुलभूषण, कमल देव आदि ने कहा कि झील किनारे खेती करना प्रतिबंधित है, लेकिन कोर्ट की मनाही के बावजूद साधन संपन्न कुछ लोग खेती करके मोटी कमाई करते हैं।

उन्होंने दो टूक कहा कि अगर किसी नुमाइंदे ने झील किनारे खेती करवाने की कोशिश की तो उनके खिलाफ भी आंदोलन किया जाएगा और कोर्ट का दरवाजा खटखटाया जाएगा। इसी को लेकर सिद्धाथा क्षेत्र की दर्जनों पंचायतों के प्रतिनिधियों सहित जनता ने रविवार को कृषि एवं पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार के घर पहुंचकर झील किनारे खेती बंद करवाने की पैरवी की है। वहीं, सोमवार को ग्रामीणों ने समकेहड़ में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के याचिकाकर्ता एवं पर्यावरण प्रेमी मिलखी राम शर्मा की अध्यक्षता में बैठक करके आगे की रणनीति बनाई है। (अनंत ज्ञान)

### राजनीतिक दबाव के चलते कार्रवाई नहीं कर रहा विभाग

**नेशनल** ग्रीन ट्रिब्यूनल के याचिकाकर्ता एवं पर्यावरण प्रेमी मिलखी राम शर्मा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट आदेशानुसार झील



किनारे खेती करना प्रतिबंधित है, लेकिन राजनीतिक दबाव के कारण विभागीय अधिकारी कर्मचारी खेती को बंद नहीं करवा रहे हैं। मिलखी राम ने कहा कि उन्होंने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के समक्ष भी मसले को उठाया है, जिसकी सुनवाई 17 सितंबर को है। उन्होंने लोगों को आश्वासन दिलाया कि वह उनके साथ मिलकर झील किनारे बिजाई बंद करवाने की लड़ाई को आगे भी लड़ते रहेंगे।

# बच्चे को अगवा करने की अवतार ने रची थी साजिश

## एसएसपी पठानकोट दलजिंदर सिंह ढिल्लों बोले, दो आरोपी गिरफ्तार; बाकियों की तलाश

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**



पठानकोट की शाह कॉलोनी से अगवा हुए बच्चे के दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया है। दोनों आरोपियों को पुलिस कोर्ट में पेश करके रिमांड हासिल करेगी। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अवतार सिंह उर्फ शिंदी पुत्र रतन सिंह निवासी गांव जंदराई निचली, थाना शाहपुरकंडी पठानकोट और शमशेर सिंह पुत्र करनैल सिंह निवासी मत डाकखाना चौंता तहसील नूरपुर जिला कांगड़ा के रूप में हई है। फरार दो आरोपियों की पहचान अमित राणा पुत्र रघुवीर सिंह तहसील नूरपुर और रिश्व कुमार पुत्र बलजीत सिंह निवासी सिंहा देवी नाडा एसएएस नगर मोहाली के रूप में हुई है। इनकी तलाश जारी है।

एसएसपी पठानकोट दलजिंदर सिंह ढिल्लों ने कहा कि आरोपी अवतार सिंह मुख्य साजिशकर्ता है और इसी ने बाकी साथियों से मिलकर बच्चे को अगवा करने की योजना बनाई। अवतार और रिश्व दोनों जेसीबी ऑपरेटर हैं और जेएंडके के लेह लदाख में दोनों की मुलाकात हुई। ऐसे में अवतार की पत्नी बच्चे के पिता बादल भंडारी के शोरूम में काम करती थी और पैसों का हिसाब वहीं रखती। अवतार की जनवरी में शादी हुई और ऐसे में वह जल्दी अमीर बनने के सपने देखने लगा। जब अवतार ने रिश्व को बच्चा किडनैप करने की योजना बताई तो उसने आगे अमित राना और शमशेर से बात की।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

इन सभी ने मिलकर एक बड़ा प्लान तैयार किया। हिमाचल के नूरपुर के रहने वाला अमित राना बीएसएफ से डिसमिस कांस्टेबल है। अमित राणा और शमशेर पुराने दोस्त हैं। शमशेर इस साजिश में पनहागार बना हुआ था, जिसने बच्चे के रखरखाव का पूरा जिम्मा लिया हुआ था। बच्चे को अगवा करने से पहले आरोपियों ने रैकी की और वारदात वाले दिन बच्चे को अगवा करने 2 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी। ऐसे में पुलिस ने लोगों के साथ सहयोग से उसी रात बच्चा और गाड़ी हिमाचल से बरामद कर ली। आरोपी वारदात के बाद बच्चे को हिमाचल के नूरपुर एक सुनसान जगह पर ले गए और जब पुलिस पहुंची तो बच्चा छोड़ मौके से फरार हो गए।

वारदात से पहले आरोपियों ने 7 दिन बच्चे के घर की रैकी की। अवतार बच्चे के साथ घुलमिल गया था इसलिए बच्चा बुलाने पर गाड़ी में चला गया। पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ लिया है और बाकियों की तलाश पुलिस कर रही है। इन चारों के अलावा अभी और भी इस मामले से जुड़े हो सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

# पंचायतों को टीसीपी के दायरे में लाने पर ग्रामीणों में गुस्सा

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

ऊपरली भेठ, कुकैना, कुंसल, महाकाल के ग्रामीणों ने उनकी पंचायतों को टीसीपी के दायरे में लाने का कड़ा विरोध जताया है। ग्रामीणों ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि सरकार तुरंत इस निर्णय को निरस्त करें अन्यथा आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी सारी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की होगी। पंचायत प्रतिनिधियों चमन कपूर, शुभम कपूर, अनिल कटोच, उमेश भारद्वाज, पवन कुमार, अश्विनी कुमार, राजकुमार, कुलभूषण, संसार चंद, भान सिंह सहित सैकड़ों महिलाओं और पुरुषों ने भारी बारिश के बीच नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय तक जुलूस मार्च किया और एसडीएम बैजनाथ के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। पंचायत प्रतिनिधियों ने अपनी अपनी पंचायत के माध्यम से एसडीएम बैजनाथ दुनी चंद ठाकुर को प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित कर जल्द उनके क्षेत्र को टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से बाहर किए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बीड़-बिलिंग घाटी का काफी क्षेत्र साडा स्पेशल एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी के तहत तो कर दिया गया है, मगर वहां भी ग्रामीण जनता को अपने कार्य करवाने के लिए महीनों लग जाते हैं। ग्रामीणों का कहना था कि टीसीपी के दायरे में लाने से उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा क्योंकि पहले से ही टीसीपी शामिल किए गए क्षेत्रों में छोटे-छोटे कार्य करवाने के लिए महीनों लग जाते हैं। यहां तक की जमीन बेचने या खरीदने के लिए और मकान के नक्शे पास करवाने के लिए मीना का समय लग जाता है जो कि ग्रामीण क्षेत्र की गरीब जनता के बस में नहीं है।

### मकान के लिए 9 तक जमा करवाएं दस्तावेज

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** नगर निगम धर्मशाला की संयुक्त आयुक्त डॉ. अंजली गर्ग ने कहा कि आईएचएसडीपी योजना के तहत आवास के लिए जिन लाभार्थियों ने दस्तावेज उपलब्ध नहीं करवाए हैं उनको 9 सितंबर तक का समय दस्तावेज तथा स्कीम के तहत निर्धारित राशि जमा करवाने का समय दिया है। निर्धारित तिथि को दस्तावेज इत्यादि उपलब्ध नहीं करवाने पर आवेदन रद्द कर दिए जाएंगे। गर्ग ने कहा कि योजना के तहत 199 लाभार्थियों का चयन आवास आवंटन के लिए किया गया था उनमें से 72 लाभार्थियों को आवास मिल चुके हैं। आईएचएसडीपी योजना गरीब तथा निर्धन श्रमिकों के लिए बनाई गई थी जिसके तहत आवासीय कॉलोनी का निर्माण किया गया है ताकि श्रमिकों को रहने की बेहतर सुविधा मिल सके।

### आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ ने मांगों पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** हिमाचल प्रदेश आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ संबंधित भारतीय मजदूर संघ ब्लॉक इंदौरा का त्रैवार्षिक अधिवेशन भदरोया में हुआ। अधिवेशन में केंद्रीय भारतीय मजदूर संघ के उत्तरी क्षेत्र प्रभारी पवन कुमार ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। मुख्यातिथि का सुनीता ठाकुर अध्यक्ष आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ प्रदेश ने सैकड़ों कर्मचारियों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ ने इस अधिवेशन में मांगों पर विस्तृत चर्चा की गई। सुनीता ठाकुर ने बताया कि उनकी मांगों को ज्ञापन के माध्यम से भी सरकार को भेजा गया जा चुका है। अगर सरकार मांगों को पूरा नहीं करती तो शीघ्र ही संघ आंदोलन करेगा।

### डीएवी कॉलेज में हिंदी पखवाड़ा शुरू

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** राजभाषा हिंदी पखवाड़ा के उपलक्ष्य पर एमसीएम डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा में हिंदी विभाग के सौजन्य से सोमवार को हिंदी पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। हिंदी विभाग की सहायक आचार्या डॉ. सीमा ने मुख्यातिथि अन्य अध्यापकों व विद्यार्थियों का औपचारिक स्वागत किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह पटियाल ने दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान महाविद्यालय में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 70 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्य ने सभी को राजभाषा हिंदी पखवाड़ा के शुभारंभ पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हिंदी ने सभी भारतवासियों को एक सूत्र में पिरोकर सदैव अनेकता में एकता की भावना को पुष्ट किया है।

# कैलाश ने जीता स्ट्रॉन्ग मैन का खिताब

## सामुदायिक भवन खैरा में जिला स्ट्रेंथ लिफ्टिंग प्रतियोगिता का समापन

**राकेश डोगरा, डरोह**



हिमाचल प्रदेश स्ट्रेंथ लिफ्टिंग एसोसिएशन की ओर से खैरा के सामुदायिक भवन में एक दिवसीय सब-जूनियर, जूनियर सीनियर और मास्टर कैटागरी में जिला स्तरीय स्ट्रेंथ लिफ्टिंग व इनक्लाइन बैंच प्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि सुलह विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक जगजीवन पाल थे। इस प्रतियोगिता में नूरपुर, बैजनाथ, शाहपुर, धर्मशाला, भवारना, खैरा, जिम्स के लगभग 150 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। नौ साल के शिवांग स्हह्मार इस खेल के मुख्य आकर्षण रहे। रैफरी की भूमिका पंकज जम्वाल, सौरभ कुमार व सैलाब जोशी ने निभाई। सब-जूनियर लाइट वेट स्ट्रेंथ लिफ्टिंग 52 किलो ग्राम भार में गौरव, पुलकित और कुणाल क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। 60 किलोग्राम भार सब-जूनियर में मोहित, आदित्य और प्रिंस क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। लड़कियों के 46 किलो भार में सेजल व स्मृति क्रमशः प्रथम व द्वितीय रहीं। इनक्लाइन बैंच प्रेस जूनियर के 60 किलो ग्राम भार में मनदीप व विकास क्रमशः प्रथम व द्वितीय रहे। स्ट्रॉन्ग मेन का खिताब लड़कों में कैलाश तमंग ने टोटल 485 किलो ग्राम भार उठाकर जीता, जबकि लड़कियों में अनुराधा ने यह खिताब 165 किलो ग्राम भार उठाकर जीता। (अनंत ज्ञान)

**पंचायतीराज उपचुनाव** जिले में एक बीडीसी मेंबर, पांच पंचायत उपप्रधान और 38 वार्ड मेंबर्स के लिए होगा उपचुनाव

# 11 से 13 सितंबर तक भरे जाएंगे नामांकन, 16 को होगी जांच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिला निर्वाचन अधिकारी उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि पंचायती राज संस्थाओं में उपचुनाव के लिए 11, 12, 13 सितंबर को नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे, 16 सितंबर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 18 सितंबर को प्रात: दस बजे से 3 बजे तक नामांकन पत्र वापिस लेने की तिथि निर्धारित की है तथा इसके पश्चात चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 29 सितंबर को प्रात: आठ बजे से सायं चार बजे तक वोटिंग होगी। वार्ड मेंबर, प्रधान, उपप्रधान के पदों के लिए वोटिंग के पश्चात मतगणना संबंधित पंचायत मुख्यालय पर की जाएगी जबकि पंचायत समिति के मेंबर के लिए 30 सितंबर को संबंधित ब्लाक मुख्यालय पर मतगणना होगी।

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि इंदौरा पंचायत समिति के तहत बसंतपुर बीडीसी वार्ड, इंदौरा ब्लॉक के तहत सिरत पंचायत में उपप्रधान, लंबागांव ब्लॉक के धनीरी में उपप्रधान, रैत ब्लॉक के बीड़ू सारना में उपप्रधान, बैजनाथ ब्लाक के स्पैड़ू में उपप्रधान, देहरा ब्लाक के रजोल पंचायत में उपप्रधान के रिक्त पदों के लिए चुनाव आयोजित





किया जाएगा। इसके साथ ही बैजनाथ की गदियाड़ा पंचायत के वार्ड नंबर एक, पंजाला पंचायत के वार्ड नंबर 5, बडोह ब्लाक के मोरठ जसाई ग्राम पंचायत के वार्ड नंबर-दो, रतियाड़ पंचायत के वार्ड नंबर तीन, चार, पांच, देहरा के शेरलुहार वार्ड नंबर चार, देहरू पंचायत के वार्ड नबर पांच, नाहलियां पंचायत के वार्ड नंबर छह, सलिहार के वार्ड नंबर एक तथा छह, धर्मशाला ब्लॉक के शीला भुटेहड़ के वार्ड नंबर तीन, भत्तला के वार्ड नंबर चार, वाघनी के वार्ड नंबर तीन, इंदौरा ब्लाक की चनौर के वार्ड नंबर दो, डमटाल के वार्ड नंबर छह, कांगड़ा ब्लॉक के सहौड़ा के वार्ड नंबर तीन, राजल के वार्ड नंबर पांच, लंबागांव के बीजापुर के वार्ड नंबर पांच, बंदाहू के वार्ड नंबर एक, अप्पर लंबागांव के वार्ड नंबर दो, पप्लाह के वार्ड नंबर चार, नुरपुर ब्लॉक की वरंडा पंचायत के वार्ड नंबर तीन, नगरोटा सूरियां ब्लॉक के लाहडू के वार्ड नंबर एक, नगरोटा सूरियां वार्ड नंबर आठ, भलूं के वार्ड नंबर दो, कोठी बंडा के वार्ड नंबर चार में उपचुनाव होंगे।

इसके अलावा पंचरुखी ब्लॉक की लदोह के वार्ड नंबर दो, प्रागपुर ब्लॉक की घियोरी पंचायत के वार्ड नंबर तीन तथा पांच, नारी पंचायत के वार्ड नंबर एक, वीहण के वार्ड नंबर दो, फतेहपुर ब्लॉक की बसोली पंचायत के वार्ड नंबर एक, रैत ब्लॉक के बौडू सारना के वार्ड नंबर छह, सुलह ब्लाक के गगल के वार्ड नंबर दो, ननाओं के वार्ड नंबर तीन, खड़ूहल सौरनु के वार्ड नंबर चार के लिए वार्ड मेंबर के चुनाव आयोजित किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### धरोगवासियों को दी पोषण की जानकारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** स्वास्थ्य व निरोग रहने के लिए अच्छे पोषण के महत्व के बारे में पंचायत कैहड़रू के गांव धरोग में क्षेत्रवासियों को विस्तृत जानकारी दी गई। उपस्वास्थ्य केंद्र धरोग में सोमवार को सही पोषण व आहार के बारे में स्वास्थ्य कार्यकर्ता संजीव ठाकुर ने क्षेत्रवासियों को बताया कि सही पोषण से हम स्वस्थ व निरोग रह सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगर हमारे देश के नागरिक स्वस्थ होंगे तो वे राष्ट्र निर्माण में अपना बेहतर सहयोग दे सकते हैं। इस अवसर पर स्वास्थ्य कार्यकर्ता संजीव ठाकुर, सीएचओ नेहा कुमारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उषा देवी, आशा, सीमा देवी, महिला मंडल की प्रधान संध्या देवी व महिलाएं उपस्थित रहीं।

### हमीरपुर कॉलेज के छात्रों ने किया पौधरोपण



**डिडवीं टिक्कर।** राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर के वाणिज्य के विद्यार्थियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य के लिए पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग के मुखिया ने अपने जन्मदिन पर पौधारोपण के अभियान की शुरुआत की। उनके साथ इस अभियान मे वाणिज्य विभाग के डॉ. दिनेश शर्मा, प्रो. नरेश धीमान, डॉ कनिका कौंडल और शारीरिक शिक्षा विभाग के मुखिया डॉ. पवन वर्मा उपस्थित रहे। डॉ सतीश सोनी ने कहा कि आज के प्रदूषित वातावरण को संतुलन और शुद्ध करने के लिए इस प्रकार के अभियानों की अति आवश्यता है।

### कर्मचारियों के वित्तीय लाभ क्यों रोके : राणा



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कहा है कि प्रदेश की आर्थिक स्थिति को लेकर मुख्यमंत्री सुक्खू जनता को गुमराह करने के लिए आए दिन अपना स्टैंड बदलते रहते हैं। कभी वह आर्थिक संकट का हवाला देकर सरकारी कर्मचारियों के भत्ते और एरियर रोक लेते हैं तथा विकास कार्यों पर भी विराम लगा देते हैं तो राष्ट्रीय मीडिया में अपनी फजीहत होती देखकर मुख्यमंत्री प्रदेश की आर्थिक स्थिति मजबूत होने का दावा करने लगते हैं। राजेंद्र राणा ने सवाल उठाया कि अगर प्रदेश की आर्थिक स्थिति मजबूत है तो नौजवानों को नौकरियां क्यों नहीं दी जा रहीं और कर्मचारियों के वित्तीय लाभ क्यों रोके जा रहे हैं। प्रदेश के खजाने की हालात इसलिए खस्ता हुई है, क्योंकि मुख्यमंत्री सुक्खू ने अपने मित्रों में प्रदेश का खजाना लुटा दिया है।

### बच्चों का सर्वांगीण विकास ही सरकार का ध्येय : पुष्पेंद



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सीनियर सेकेंडरी स्कूल धनेड़ में अंडर-19 स्कूली छात्राओं के ब्लॉक स्तरीय खेल टूर्नामेंट का शुभारंभ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ पुष्पेंद्र वर्मा ने किया। इस मौके पर एडीपीओ राकेश शर्मा और स्कूल प्रधानाचार्य प्रताप रनौत ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया इस अवसर पर छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ पुष्पेंद्र वर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास है।

### आंगनबाड़ी केंद्र टिकरूं में पौधरोपण

**बड़ा।** बॉल विकास परियोजना कार्यालय नादौन के अंतर्गत वृत्त बड़ा के आंगनबाड़ी केंद्र टिकरूं (चोडू ) में 'एक पौधा मां के नाम ' अभियान के तहत फलदार पौधे लगाए गए। इस अवसर पर अमरो देवी हेमलता, शिवानी, पूनम प्रोमिला सरोज, पम्मी, जोनिका आदि ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थीं।

### सुधार सभा के कृष्ण प्रशाद कौंडल बने प्रधान



**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** बिल्लकलेश्वर महादेव सुधार सभा बटाहली (बड़ा ) की बैठक सभा के प्रधान हरीश चंद्र स्याल की अध्यक्षता में मंदिर परिसर में संपन्न हुई। इस बैठक में सभा के सदस्यों के अतिरिक्त पंचायत फस्टे के प्रधान तिलक राज एवं स्थानीय क्षेत्रवासियों एवम महिला शक्ति ने विशेष रूप से भाग लिया। बैठक में सभा के प्रधान हरीश चंद्र स्याल द्वारा सभा द्वारा आज दिन तक करवाए गए मंदिर परिसर में कार्यों के बारे में जानकारी दी। प्रधान ने कहा ये सब कार्य स्थानीय लोगों के जनसहयोग एवं पंचायत के सहयोग से संपन्न हुए हैं। बैठक में इस दौरान सभा की अगले तीन वर्ष के लिए नई कमेटी का गठन किया गया। इसमें कृष्ण प्रशाद कोंडल को प्रधान चुना गया तथा दौलत राम स्याल, राज कुमार धीमान को उपप्रधान एवं महासचिव हंसराज ठाकुर को चुना गया। इसके अतिरिक्त अन्य की नियुक्ति भी हुई

### टौणी देवी के चारों अनुभागों में कल बाधित रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपकेंद्र टौणी देवी में 4 सितंबर को उपकरणों के निरीक्षण एवं मरम्मत कार्य के चलते क्षेत्र के चारों विद्युत अनुभागों टौणी देवी, टिक्करी, कालेअंब और कोट के अंतर्गत आने वाले विभिन्न गांवों में सुबह 10 से सायं 5 बजे तक बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। उपमंडल के सहायक अभियंता दीपक चौहान ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में अरीजिता प्रथम



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भाषा एवं संस्कृति विभाग हमीरपुर द्वारा राजभाषा हिन्दी पखवाड़ा के अवसर पर जिला स्तरीय समारोह का आयोजन जिला पंचायत संसाधन केंद्र सलासी में किया गया । इस अवसर पर विद्यालयस्तरीय भाषण, निबंध लेखन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में जिला हमीरपुर के लगभग 60 विद्यालयों के 180 विद्यार्थियों ने भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में हिम अकादमी हीरानगर की अरीजिता प्रथम, निबंध लेखन प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक बाल विद्यालय नादौन के विशाल ने प्रथम, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जलाड़ी की ज्योति शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को सम्मानित किया गया।

### बास्केटबाल चैंपियन का किया भव्य स्वागत



**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी स्कूल के अंडर-14 लड़कों ने जिला बास्केटबॉल चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया है। चैंपियनशिप के समाप्त के बाद जब विजेता टीम स्कूल पहुंची तो उनका स्कूल के अन्य छात्रों व स्टाफ ने फूल मालाओं और तालियों की गूंज के बीच छात्रों का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने इस गौरवपूर्ण क्षण पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता दोनों कोच संजय कुमार और संजीव ठाकुर की अथक मेहनत का परिणाम है। प्रधानाचार्य ने इस अवसर पर बच्चों के माता-पिता की भूमिका और योगदान को भी सराहा। उनके सहयोग के बिना इस प्रकार की सफलता असंभव है। इस अवसर पर बास्केटबॉल विजेता खिलाड़ी अंश, रुत्त्विक, शिवम, आरव, क्रांति, अभयवीर, कार्तिक, संतोष, मोहित सहित अभी अध्यापक उपस्थित रहे।

## अणू के पास का मामला, वन विभाग की भूमि में गाड़ियों से डाला जा रहा वेस्ट मटेरियल

# गंदगी फैलने का अंदेशा, लोग नाराज

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**



माता वैष्णो देवी मंदिर के साथ लगती भूमि के पास वेस्ट मटीरियल फेंकता हुआ वाहन (दाएं) पड़ी गंदगी।

यहां अणू क्षेत्र में माता वैष्णो देवी मंदिर के साथ लगती भूमि से अवैध कब्जों को हटाने की बात तो लोगों की नाराजगी के बीच विभाग ने कुछ कदम उठा लिए थे, लेकिन यहां पर लगातार गंदगी और वेस्ट मटीरियल के फेंके जाने से लोगों में और भी गुस्सा है।

पिछले साल भी लोगों ने डीसी को इस बाबत ज्ञापन दिया था, के बाद कुछ हरकत हुई थी, लेकिन अब वन विभाग फिर से चैन की नींद सो गया है, दरअसल लोगों की नाराजगी यह है कि इस तलहटी पर आए दिन लोग वेस्ट मटीरियल और अन्य कचरा फेंकने से जरा भी गुरेज नहीं करते हैं। फॉरेस्ट डिपार्टमेंट को इसकी शिकायत कई बार की गई है। पिछले दिनों भी इसे लेकर संबंधित अरेंज ऑफिसर और गार्ड को बताया गया था, लेकिन कोई भी ठोस कार्रवाई नहीं हुई, सिर्फ भरोसा दिलाया जाता है, मगर व्यावहारिक रूप में कार्रवाई को अंजाम देना या तो फिर विभाग के बस की बात नहीं रही है या जानबूझकर ऐसा किन्ही रसूखदार लोगों की वजह से नहीं हो पा रहा।

मंदिर कमेटी के प्रधान प्रीतम चंद ने बताया कि मंदिर के साथ लगती भूमि पर वन विभाग और मंदिर कमेटी के सदस्यों ने विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए थे। इन सभी पौधों की देखभाल भी मंदिर कमेटी ही कर रही है। इन पौधों के सरंक्षण हेतू वन विभाग ने बांस के डंडे लगा कर कंटीली तार लगाई थी, लेकिन अब यह बांस के डंडे गल-सड़ कर गिर गए हैं। इस कारण वहां लगे पौधों को उखाड़ कर अवैध कब्जे किए जा रहे हैं। यह भूमि एसपी हमीरपुर की रेजिडेंस के ठीक निकली साइट पर पड़ती है। अब यदि यहां हर दूसरे तीसरे रोज वेस्ट मटीरियल लोग फेंकते रहेंगे तो फिर यहां पर गंदगी का साम्राज्य हो जाएगा।

यह वेस्ट मटीरियल नीचे जाकर लोगों को उनकी जमीन के लिए भी समस्या पैदा करेगा। जिन लोगों ने इस वेस्ट मटेरियल को यहां फेंकना शुरू किया है, उनके वीडियो बनाकर भी विभाग को भेजे गए, लेकिन कार्रवाई को अंजाम देने में विभाग हिचकिचा जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### अवैध कब्जों से सिकुड़ रही भूमि

यहां इस क्षेत्र में वन विभाग की तकरीबन 52 कनाल भूमि है, लेकिन यहां अवैध कब्जे हो रहे हैं। इसकी बाड़बंदी नहीं करने से यह भूमि सिकुड़ रही है। इस वन विभाग को तो नुकसान हो ही रहा है, ढांचागत व्यवस्था भी खराब हो रही है।

उधर, हमीरपुर स्थित वन विभाग के रेंज ऑफिसर अजय चंदेल का कहना है कि सूचना मिली है, इस पर कार्रवाई की जाएगी, जबकि गार्ड अंशुल शर्मा का कहना है कि मैं मौके पर गया थे, लेकिन तब तक संबंधित मटीरियल फेंकने वाले भाग गए थे। चौकसी भरती जा रही है, जैसे ही शिकंजे में आएंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## सभा सचिव के साथ मारपीट पर सहकारी सभाएं कर्मचारी संघ उग्र, कार्रवाई की मांग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

धर्मशाला शहरी ऋण व बचत सहकारी सभा के सचिव इशू खत्री के साथ 1 सितंबर को प्रबंधक समिति सदस्य राकेश सूद द्वारा साथियों के साथ मारपीट करने का सहकारी सभाएं कर्मचारी संघ ने कड़ा संज्ञान लिया है।



प्रदेशाध्यक्ष विजय शर्मा, महासचिव रजनीश गुलेरिया, प्रेस सचिव संजीव चौहान, संगठन मंत्री अशोक शर्मा, जिला हमीरपुर अध्यक्ष संजय पटियाल, बिलासपुर जिला अध्यक्ष नरदेव सिंह, कांगड़ा जिला अध्यक्ष रणवीर जम्बाल सहित अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि सभा सचिव इशू खत्री 12 वर्षों से सभा का कार्य बेहतर तरीके से कर रहे हैं, सचिव ने यूनियन को शिकायत सौंपी है जिसमें उन्होंने प्रबंधक समिति सदस्यों द्वारा प्रताड़ित करने व मारपीट करने बारे बताया है। उन्होंने बताया कि इस बारे धर्मशाला पुलिस में दोषियों के खिलाफ शिकायत भी की गई है। संघ ने एसपी धर्मशाला से निवेदन किया कि इस घटना में दोषी व्यक्तियों के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई की जाए और अगर सभा सचिव के साथ कोई अप्रिय घटना होती है तो उसके लिए प्रबंधक समिति जिम्मेदार होगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश सहकारी सभाएं कर्मचारी संघ सभा सचिव इशू खत्री के साथ है और इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करता है।

सभा कर्मचारियों के साथ इस तरह की अप्रिय घटना न हो, इस पर प्रदेश संघ एकजुट है। उन्होंने कहा कि इस बारे मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री को भी अवगत करवाया जाएगा व सरकार से भी अनुरोध है कि दोषियों के खिलाफ शीघ्र उचित कानूनी कार्रवाई की जाए। अगर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो प्रदेश संघ आगामी कार्रवाई के लिए बाध्य होगा।

## रोपा कोट स्कूल बंद, लोगों ने पाठशाला खोलने की लुगाई गुहार

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

राजकीय प्राथमिक पाठशाला रोपा कोट को बंद किए जाने के विरोध में ग्रामीणों ने एडीसी हमीरपुर एवं उपशिक्षा निदेशक प्राइमरी से मुलाकात की है और ज्ञापन सौंप कर राजकीय प्राथमिक पाठशाला रोपा कोट को दोबारा से खोलने की गुहार लगाई है। हमीरपुर एडीसी एवं शिक्षा उपनिदेशक कार्यालय पहुंचे प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने बताया कि राजकीय प्राथमिक पाठशाला रोपा कोट को बंद करने के बाद तीन किमी दूर राजकीय प्राथमिक पाठशाला कराह में बच्चों को जाना पड़ेगा, जिससे उन्हें काफी परेशानी होगी और पाठशाला तक पहुंचने के लिए बस सुविधा नहीं है। अभिभावकों ने मांग की है कि राजकीय प्राथमिक पाठशाला रोपा कोट को खोल दिया जाए।

प्रतिनिधिमंडल के सदस्य अशोक ने कहा कि इस समय पाठशाला में 11 बच्चों की संख्या है और बच्चे भी राजकीय प्राथमिक पाठशाला रोपा कोट में ही पढ़ना चाहते है। उन्होंने हमीरपुर एडीसी एवं शिक्षा उपनिदेशक से मांग करते हुए कहा कि फिर से रोपा कोट पाठशाला को खोला जाए ताकि बच्चे अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें। उन्होंने कहा कि साथ ही हमारा मिडिल स्कूल है, जिसके चलते वह भी बंद हो जाएगा।

वहीं, रोपा कोट के स्थानीय युवा का कहना है कि छानबीन करने पर पाया गया कि विभाग द्वारा जो आदेश हैं, उसमें प्राथमिक स्कूल के लिए 2 किलोमीटर दायरे के अंदर अगर दूसरा प्राथमिक स्कूल है तो कम संख्या वाले स्कूल को उसमें मर्ज किया जाएगा, लेकिन हमारे रोपा कोट स्कूल को मर्ज करने के लिए जो स्कूल बताया गया है, वह राजकीय प्राथमिक पाठशाला कराह है, जो कि हमारे स्कूल से 3.2 किलोमीटर की दूरी पर हमारे पंचायत क्षेत्र से भी बाहर दूसरे विधानसभा क्षेत्र सुजानपुर में स्थित है। इसलिए जब विभाग द्वारा नियम बनाए गए हैं कि केवल 2 किलोमीटर दायरे के अंदर के स्कूलों को ही मर्ज किया जाएगा, तो इसे क्यों बंद किया गया। (अनंत ज्ञान)

## नगर परिषद की सख्ती : हमीरपुर शहर में चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

# अतिक्रमणकारियों का सामान किया जब्त, दिए निर्देश



मीरपुर जिले के बाजार में सोमवार को नगर परिषद हमीरपुर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। नगर परिषद ने अतिक्रमणकारियों पर शिकंजा कसते हुए कार्रवाई की।

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

हमीरपुर जिले के बाजार में सोमवार को नगर परिषद हमीरपुर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। भोटा चौक, अस्पताल चौक और गांधी चौक तक नगर परिषद ने अतिक्रमणकारियों पर शिकंजा कसते हुए कार्रवाई की।

10:30 बजे के बाद नगर परिषद हमीरपुर के कार्यकारी अधिकारी अजमेर सिंह ठाकुर की अगुवाई में टीम ने बाजार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सफेद पट्टिका से बाहर रखे गए सामान को जब्त किया गया और निकासी नालियों पर सामान सजाए हुए अवैध रेहड़ी धारकों का सामान जब्त किया गया।



नगर परिषद हमीरपुर कार्यकारी अधिकारी अजमेर सिंह ठाकुर ने कहा कि नगर परिषद हमीरपुर द्वारा समय-समय पर अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई की जाती है। इसी के चलते आज शहर में जो बिना बताए अवैध रेहड़ी लगाते हैं, उन लोगों पर आज कार्रवाई की गई है और और साथ ही उनका सामान को जब्त किया गया।

रेहड़ी धारक बिना लाइसेंस के नालियों के ऊपर बैठकर सब्जियां बेच रहे थे, ऐसे में गंदगी के कारण बीमारियों का खतरा बना हुआ था। उन्होंने बताया कि बरसात के मौसम में शहर भर में विभिन्न रेहड़ी धारक बिना लाइसेंस के जगह-जगह सब्जियां बेच रहे थे, ऐसे में गंदगी के कारण बीमारियों का खतरा बना हुआ था।

वहीं, दूसरी ओर सड़क पर सजाए सामान के कारण वाहन चालकों और बाजार में खरीददारी करने वाले लोगों को आवाजाही में खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। स्थानीय लोग लंबे समय से नगर परिषद को अतिक्रमण के पर कार्रवाई करने की मांग कर रहे थे। लोगों की मांग पर नगर परिषद ने बाजार का निरीक्षण कर कार्रवाई की। (अनंत ज्ञान)

# 2 साल की इकट्ठी रिकवरी से उपभोक्ता परेशान

## जल शक्ति विभाग ने शहर वासियों को भेजें सीवरेज-पानी के बिल, तय डेट के बाद 300 रुपए जुर्माना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



एक उपभोक्ता का बिल।

हमीरपुर शहर में लंबित पानी और सीवरेज के बिलों की वसूली का काम शुरू हो गया है। 2 साल पुराने इन बिलों की वसूली का काम केवल शहर में ही हो रहा है, क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में तत्कालीन सरकार ने इन्हें माफ कर दिया था, लेकिन शहरी क्षेत्र में भी जल शक्ति विभाग समय पर वसूली नहीं कर पाया और अब हजारों के बिल उपभोक्ताओं को थमाए जा रहे हैं।

बिल अदायगी में यदि देरी हुई तो फिर तकरीबन 300 रुपए प्रति बिल जुर्माने यानी लेट फीस के रूप में उपभोक्ताओं को जमा करवाना होगा। यह दोनों राशियां एक साथ ही चुकानी होंगी।

हालांकि उपभोक्ता बिल अदायगी से तो ज्यादा नाराज नहीं हुए, मगर लेट फीस को लेकर उनमें निश्चित रूप में नाराजगी है। उनका कहना है कि एक तो जल शक्ति विभाग ने खुद ही बहुत देरी से विल जारी किए हैं और अब 10 दिन का समय भी नहीं दिया जा रहा। इस वजह से उन्हें बेवजह ही ज्यादा पैसे चुकाने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

### ज्यादा राशि वाले बिलों की लेट फीस भी ज्यादा

जल शक्ति विभाग में जिस अवधि के बिलों की यह वसूली शुरू की है, उसमें पहली जुलाई 2022 से लेकर 31 मार्च 2023 तक और फिर पहली अप्रैल 2023 से लेकर 31 दिसंबर 2003 शामिल है। इन दोनों अवधि का जिक्र अलग-अलग बिल पर किया गया है। घरेलू उपभोक्ताओं को यह बिल 4000 तक भी हैं। कोरोना कॉल के बाद जल शक्ति विभाग ने इन बिलों को उपभोक्ताओं को देने से गुरेज किया और अब एक साथ इन्हें संबंधित उपभोक्ताओं को थाम कर कइयों को परेशानी भी दी है। जिनके बिल ज्यादा राशि के हैं, उन्हें लेट फीस भी ज्यादा ही पड़ेगी।

### उपभोक्ताओं को ही चुकानी होगी लेट फीस : एसडीओ

उधर, एसडीओ राकेश सोनी का कहना है कि किन्हीं कारणों से यह बिल समय पर नहीं दिए जा सके थे, अब दिए जा रहे हैं। बीते दिसंबर माह तक के विल वितरित कर दिए गए हैं। कुछ लोगों के बचे हैं, उन्हें भी पहुंचा दिया जाएगा। लेट फीस तो उन्हीं को चुकानी होगी, जो तय अवधि पर बिल भुगतान नहीं करेंगे।

### हिम आंचल पेंशनर्ज संघ भोरंज खंड का सम्मान समारोह 6 सितंबर को

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** हिम आंचल पेंशनर्ज संघ भोरंज खंड इकाई की बैठक एवं विशिष्ट पेंशनर्ज सम्मान समारोह 6 सितंबर को साढ़े दस बजे प्रातः खंड प्रधान विचित्र सिंह ठाकुर की अध्यक्षता व योग राज शर्मा की उपस्थिति में सर्वेश्वर महादेव मंदिर परिसर गरसाड़ में आयोजित किया जाएगा । समारोह में प्रदेश एवं जिला पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया जा रहा है। बैठक में 80 वर्ष आयु वर्ग के पेंशनरों को सम्मानित करने के साथ-साथ पेंशनरों की मांगों, समस्याओं तथा संघ की गतिविधियों के बारे में भी चर्चा की जाएंगी।

### 52.99 करोड़ तक पहुंचा नुकसान का आंकड़ा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** इस मॉनसून सीजन में जिला हमीरपुर में अभी तक हुए नुकसान का कुल आंकड़ा 52 करोड़ 99 लाख रुपऐ तक पहुंच गया है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) को प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान जिले में 2 कच्चे मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। इस दौरान जलशक्ति विभाग को भी लगभग एक लाख रुपए के नुकसान की सूचना है। अगर इस मॉनसून सीजन में 27 जून के बाद के आंकड़ों पर नजर डालें तो जिला में लोक निर्माण विभाग को सर्वाधिक 31.05 करोड़ रुपऐ की क्षति हुई है। जलशक्ति विभाग की संपत्ति को भी लगभग 20.88 करोड़ रुपए के नुकसान का अनुमान है। बिजली बोर्ड की लाइनों और ट्रांसफॉर्मरों इत्यादि की भी लगभग 54.41 लाख रुपए की क्षति हुई है। इस दौरान जिला में 3 कच्चे मकान और 11 गौशालाएं ध्वस्त हुई हैं, जबकि, 14 कच्चे मकान और एक पक्का मकान भी आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। जिला में लगभग 34.96 लाख रुपए की फसलें भी तबाह हुई हैं।

### हिम अकादमी स्कूल में हिंदी दिवस की धूम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिंदी भाषा और संस्कृति को समर्पित इस माह के दौरान, विभिन्न शैक्षणिक और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से छात्रों में हिंदी के प्रति प्रेम और जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष 1 से 14 सितंबर तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जाता है। हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर में हिन्दी पखवाड़े के अंतर्गत कविता वाचन का आयोजन करवाया जाएगा। पहली से 14 सितम्बर तक कक्षा पहली और दूसरी के नन्हे-मुन्ने छात्रों द्वारा भावपूर्ण कविताओं का वाचन किया जाएगा। कक्षा तीसरी, चौथी और पांचवीं के विद्यार्थी मनोरम कहानियों का वाचन करेंगे, साथ ही कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए व्याकरण प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें वे अपने ज्ञान और बुद्धिमत्ता का परिचय देंगे। वहीं, कक्षा नौवीं और दसवीं के छात्र भाषण प्रतियोगिता एवं कविता वाचन में भाग लेंगे। अकादमिक प्रधानाचार्या डॉ. हिमांशु शर्मा ने कहा कि इस दौरान छात्र हिंदी भाषा की विविधताओं को समझेंगे और उसमें निपुणता प्राप्त करने के लिए प्रेरित होंगे।

### अवैध शराब की 168 बोतलें पकड़ीं

**अनंत ज्ञान, जाहू।** भोरंज पुलिस ने 168 बोतल देसी शराब पकड़ कर अवैध शराब का कारोबार करने वालों पर शिकंजा कस दिया है। पुलिस की सूचना के अनुसार रमेश चंद पुत्र दुर्गा दास गांव जाहू खुर्द तहसील भोरंज से मनोह के पास से अवैध शराब पकड़ी है। भोरंज पुलिस ने एसएचओ निर्मल सिंह के नेतृत्व में मनोह के पास एक गाड़ी को शक के आधार पर रोका और चैकिंग की गई तो उसमे 168 बोतल अवेध शराब की पाई गई। एसएचओ निर्मल सिंह ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### डाटा हस्तांतरण के कारण 5 से मिलेगा राशन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के जिला नियंत्रक अरविंद शर्मा ने बताया कि विभाग राशन कार्डधारकों के डाटा को सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के सर्वर से एनआईसी के सर्वर में हस्तांतरित कर रहा है। डाटा हस्तांतरण की यह प्रक्रिया 4 सितंबर तक पूरी कर ली जाएगी। जिला नियंत्रक ने बताया कि डाटा हस्तांतरण प्रक्रिया के दौरान जिला हमीरपुर की सभी 315 उचित मूल्य की दुकानों में ई-पॉस मशीनें काम नहीं कर पाएंगी, जिसके परिणामस्वरूप इन दुकानों में 4 सितंबर तक राशन का वितरण नहीं हो पाएगा। उन्होंने बताया कि राशन कार्डधारकों का डाटा हस्तांतरित होते ही 5 सितंबर से राशन का वितरण दोबारा शुरू हो जाएगा। जिला नियंत्रक ने सभी राशन कार्डधारकों से सहयोग की अपील भी की।

## भोरंज स्कूल में लड़कों की अंडर-19 खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**



रामचंद्र पठानिया को सम्मानित करते गणमान्य।

मुख्यमंत्री राजकीय आर्दश वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज में अंडर-19 लड़कों की तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज हुआ। इसमें भोरंज ब्लॉक के 24 स्कूलों के 327 खिलाडी कबड्डी, वॉलीबाल और बैडमिंटन खेल में भाग ले रहे हैं। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन रामचंद्र पठानिया ने किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सक्खू व भोरंज विधायक सुरेश कुमार के नेतृत्व में भोरंज विधानसभा क्षेत्र शिक्षा के साथ खेलों का हब बनने लगा है। भइससे पहले स्कूल के प्रधानाचार्य अनिल डोगरा ने उनका भव्य स्वागत किया।

इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष विजय बन्याल, चंदन ठाकुर, आकाश युकां महासचिव, रमेश कौशल, बीडीसी वीना देवी, स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष सुषमा देवी, खेलकूद प्रतियोगिता के खंड समन्वयक चमन लाल, सहायक समन्वयक अनिल कुमार, डीपी जगदीश चंद, सुनील दत्त व अन्य उपस्थित रहे।

### मतदान केंद्रों के लिए सुझाव-आपत्तियां 8 तक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला के पांचों विधानसभा क्षेत्रों 36-भोरंज, 37-सुजानपुर, 38-हमीरपुर, 39-बड़सर और 40-नादौन के सभी 532 मतदान केंद्रों की सूची के प्रारूप प्रकाशित करके इनकी प्रतियां जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के अलावा संबंधित एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार के कार्यालयों में भी आम जनता के निरीक्षण के लिए उपलब्ध करवाई गई हैं। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह ने बताया कि मतदान केंद्रों की सूचियों के प्रारूप 8 सितंबर तक इन कार्यालयों में उपलब्ध रहेंगे।

**मुश्किल** एचआरटीसी को हर महीने एक लाख से अधिक आय प्राप्त होने पर भी नहीं हो रही समस्या हल

# पानी की निकासी न होने से जाहू बस स्टैंड बना तालाब

**एसके शर्मा, जाहू**



बारिश होने पर जाहू बस अड्डा पानी की निकासी न होने पर बना तालाब।

जिले में सोमवार को भारी बारिश हुई जिसके कारण कई कस्बों से बारिश के पानी से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। भारी बारिश के कारण जाहू बस स्टैंड में पानी की निकासी न होने पर चारों तरफ पानी भर गया। कुछ दुकानों में तो पानी अंदर घुस गया, जिससे दुकानदारों का सामान भी खराब हो गया।

गौरतलब है कि जाहू बस स्टैंड पूरे हिमाचल का दूसरा सबसे बड़ा बस स्टैंड है, परंतु पानी की निकासी न होने की वजह से इसकी स्थिति खराब हो जाती है। यात्रियों को बसों में बैठने के लिए अपने जूते हाथ में लेकर जाना पड़ता है, क्योंकि वर्षा का पानी इतना ज्यादा इकट्ठा हो जाता है कि जूतों में पानी घुस जाता है। यहां पर थोड़ी बारिश होने पर ही पानी जमा हो जाता है, जो लोगों के लिए किसी परेशानी से कम नहीं है।

हालांकि बस स्टैंड की मरम्मत भी की, लेकिन पानी की निकासी के लिए एचआरटीसी विभाग ने कोई प्रबंध नहीं किया। दूसरी ओर यहां एक मात्र शौचालय है जिसकी हालत इतनी बदतर है। शौचालय के चारों और गंदगी फैली हुई है। शौचालय के टैंक के बार-बार ओवरफ्लो होने की वजह से नालियां गंदगी से भरी पड़ी हैं। वर्षा के पानी की वजह से गंदगी का पानी बस स्टैंड पर बहना शुरू हो जाता है। वर्षा के पानी में गंदगी मिलने से इतनी बदबू निकलती है। यात्रियों के साथ दुकानदारों को भी अंदर बैठना मुश्किल हो जाता है। एचआरटीसी विभाग को जाहू बस स्टैंड से लगभग डेढ़ लाख से अधिक आय प्रति माह होती है, परंतु इसकी नालियों की साफ-सफाई के ऊपर एचआरटीसी विभाग का कोई ध्यान नहीं है। जाहू बस स्टैंड की नालियों की गंदगी स्वच्छता अभियान की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

जाहू व्यापार मंडल के प्रधान सूरत सिंह चौहान का कहना है कि एचआरटीसी द्वारा बारिश के पानी और गंदे पानी की निकासी का कोई प्रावधान न करने की वजह से जाहू बस स्टैंड में वर्षा होने पर चारों तरफ का गंदा पानी इकट्ठा हो जाता है। (अनंत ज्ञान)

# यूथ आइकन निषाद कुमार की सफल उड़ान

## पेरिस पैरालंपिक में ऊंची कूद में दूसरी बार रजत पदक जीतकर इतिहास रच दिया

**राजेश शर्मा, ऊना**

जिला प्रशासन की ओर से कुछ साल पहले जब यूथ आइकन के नाम पर विचार किया जा रहा था, तो निषाद कुमार का नाम तय हुआ। उन्होंने टोक्यो पैरालंपिक में ऐसा कारनामा किया था। अब पेरिस पैरालंपिक में भी उन्होंने शानदार प्रदर्शन दोहराकर अपने नाम के साथ लगे टैग को सार्थक साबित किया है।

निषाद कुमार ने पेरिस पैरालंपिक में ऊंची कूद में दूसरी बार रजत पदक जीतकर इतिहास रच दिया। इसके पीछे उनकी और गरीब परिवार की मेहनत का नतीजा तो है, लेकिन जीत का जज्बा और विपरीत हालात को पछाड़कर आसमान को छू लेने की कहानी भी है। देखने की बात है कि एक हादसा जो किसी भी साधारण आदमी के हौसले को पस्त कर सकता है, लेकिन निषाद ने जिंदगी में हार नहीं मानी। उस हादसे को एक गरीब किसान के बेटे ने भुलाकर कामयाबी के रास्ते पर बढ़ने का फैसला किया। हादसे के बाद कड़ी मेहनत और लग्न से वह मुकाम हासिल किया, जो किसी व्यक्ति के जीवन का सपना होता है।

बता दें कि निषाद ने अपने बचपन के एक हादसे के बाद हार नहीं मानी, बल्कि खेलकूद के लिए मूलभूत सुविधाओं और प्रशिक्षण की कमी वाले कस्बे के सरकारी स्कूल से सफर किया। अपने खेलों के सफर को ओलंपिक के विक्ट्री पोडियम तक पहुंचा दिया। निषाद जब महज छह वर्ष की उम्र में थे, तो चारा काटते समय उनका हाथ घास काटने वाली मशीन में कट गया था, जिस कारण दाहिनी कलाई कटकर अलग हो गई। परिवार का इकलौता बेटा होने के कारण उसका हाथ कट जाना परिवार के लिए किसी सदमे से कम नहीं था, लेकिन निषाद ने अपने साथ हुए हादसे को ही भुलाकर कामयाबी का सफर जारी रखा।

अपना ध्यान खेलों की तरफ केंद्रित किया और इसके लिए गरीबी के बावजूद खेलों में उच्च स्तरीय प्रशिक्षण के लिए जमा दो कक्षा की पढ़ाई के बाद वह पंचकूला के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में पहुंच गया। बेटे को उच्च प्रशिक्षण देने के लिए मां ने दूध बेचा और पिता ने मजदूरी करके उसका सहयोग दिया। कोच नसीम अहमद ने निषाद की प्रतिभा को पहचाना और उसकी खेल प्रतिभा को तराशा। परिवार में गरीबी के हालात थे, लेकिन निषाद की मेहनत ने सब उलटफेर कर दिया।

जैसे ही हिमाचल प्रदेश के निषाद कुमार ने पेरिस पैरालंपिक में टी 47 श्रेणी में हाई जप में रजत पदक हासिल किया, पूरा ऊना झूम उठा। निषाद कुमार ने सीजन को बेस्ट प्रदर्शन करते हुए 2.04 मीटर ऊंची कूद के साथ परंपरागत प्रतिद्वंदी अमेरिका के रॉड्रिक टांसेंड को कड़ा मुकाबला दिया, लेकिन रॉड्रिक ने 2.12 मीटर के साथ गोल्ड अपने नाम कर लिया। रविवार रात को ऊंची कूद का मुकाबला लगभग साढ़े दस बजे शुरू हुआ था। निषाद कुमार के प्रदर्शन पर हिमाचल के अलावा दुनियाभर की निगाहें थीं, जैसे ही निषाद कुमार ने रजत पदक अपने नाम किया, वैसे ही उनके गृह क्षेत्र बदाऊं में जश्न का माहौल बन गया। हालांकि टोक्यो पैरालंपिक में निषाद कुमार का प्रदर्शन आंकड़ों के लिहाज से बेहतर था।

उन्होंने टोक्यो पैरालंपिक में 2.06 मीटर की ऊंची कूद के साथ संयुक्त रूप से रजत पदक जीता था। पैरालंपिक में पदक के लिए निषाद कुमार भारत के लिए पदक के प्रबल दावेदार थे, जिसमें उन्होंने सफलता हासिल करते हुए लगातार दूसरे पैरालंपिक में अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखा है।

उनकी जीत के बाद से ही जिला ऊना के उपमंडल अंब के तहत बदाऊं में उनके निवास पर बधाई देने वाले लों का तांता लगा हुआ है। निषाद के पिता रछपाल सिंह, माता पुष्पा देवी और बहन रमा कुमारी की खुशियों का कोई ठिकाना नहीं है। उनका कहना था कि टोक्यो पैरालंपिक के बाद से ही निषाद कुमार अपने प्रदर्शन को उच्च स्तर पर बनाए रखने के लिए दिन-रात एक किए हुए था। यह उसकी मेहनत और लगन का ही नतीजा है कि उसने एक बार फिर से देश को ओलंपिक विक्ट्री पोडियम पर शानदार उपस्थिति दर्ज करवाई है।




### डिप्टी सीएम और डीसी ने दी बधाई

निषाद की इस अभूतपूर्व सफलता पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह प्रदेश के लिए गर्व का क्षण है। निषाद ने अपनी अद्भुत प्रतिभा और खेल के प्रति समर्पण से यह सिद्ध कर दिया है कि कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। उनकी यह उपलब्धि प्रदेश के युवाओं को प्रेरणा देने वाली है। राज्य सरकार खिलाड़ियों को हरसंभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि वे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर सकें।

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने भी निषाद कुमार की इस उपलब्धि पर हर्ष जताते हुए अपने फेसबुक पेज पर लिखा कि निषाद कुमार ने पेरिस पैरालंपिक में ऊंची कूद स्पर्धा में रजत पदक जीतकर पूरे देश को गौरवान्वित किया है। उनकी यह सफलता हमें सिखाती है कि कोई भी बाधा हमारे सपनों के सामने टिक नहीं सकती। उन्होंने निषाद को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

जिला ऊना के उपायुक्त जतिन लाल सहित पूरे प्रशासनिक अमले ने निषाद कुमार की इस अद्वितीय उपलब्धि पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि उनकी जीत से हर ऊनावासी गर्व महसूस कर रहा है। निषाद कुमार की यह उपलब्धि प्रदेश के युवाओं के लिए एक मार्गदर्शक बनेगी, जो उन्हें कठिन परिस्थितियों में भी अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।

### निषाद के गांव में जश्न का माहौल



**अंब।** निषाद की इस उपलब्धि से उसके परिवार में खुशी का माहौल है। निषाद की माता पुष्पा देवी व पिता ने बताया कि वह रात को गोल्ड मेडल की उम्मीद के साथ मैच देखत रहे। उन्होंने बताया कि निषाद की सिल्वर मेडल जीतने के साथ ही आस-पड़ोस के सारे लोग उनके घर पर पहुंचकर और एक दूसरे का मुंह मीठा करने लगे। इस दौरान उन्होंने जमकर आतिशबाजी की और नाच गाना किया। निशाद की माता का कहना है कि उन्हें अपने बेटे से गोद मेडल की उम्मीद थी, जिसका उन्हें थोड़ा दुख भी है। परिवार का कहना है कि निषाद का घर आने पर भव्य स्वागत किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### थड़ा लडोली दंगल में हैप्पी ने जीती माली




**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** बाबा सिद्धचानो मंदिर थड़ा लडोली में हर साल की तरह इस साल भी दो दिवसीय दंगल का आयोजन किया गया। दंगल मे स्थानीय तथा बाहरी राज्यों से पहुंचे पहलवानों ने बल प्रयोग के साथ तरह-तरह के करतब दिखाकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। दंगल का फाइनल मुकाबला पंजाब के पहलवान हैप्पी अजनाला व छिंदा अमृतसर पहलवान के बीच करवाया गया। रोमांचक मुकाबले में दोनों पहलवानों ने एक-दूसरे की पीठ लगाने के लिए कई दांव पेंच लगाए, लेकिन अंत में हैप्पी पहलवान छिंदा पहलवान को पटखनी देने में कामयाब रहे। मुकाबले मे हैप्पी विजेता तथा छिंदा उपविजेता रहे। स्थानीय प्रधान बलबिंद्र सिंह बिल्ला व मंदिर पुजारी हरी सिंह ने विजेता पहलवान को गुर्ज तथा उपविजेता पहलवान को गागर के साथ नकद राशी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मुल्तान सिंह, वार्ड पंच ओम प्रकाश, मनोहर, संतोष कुमार, रिंकू, पंकू, अनिल तक्खी, भोली, पवन, गुरनाम, दविंद्र सिंह तथा गणमान्य उपस्थित रहे।

### दिव्य ज्योति संस्था ने पौधरोपण अभियान चलाया




**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** पौधरोपण हमारे वातावरण और समृद्धि के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। हरियाली को बढ़ाने और प्राकृतिक संतुलन को सुरक्षित रखने के लिए इसे समर्थन देना आवश्यक है। अपने समूह, परिवार और समाज में इसे बढ़ावा देने के लिए हमें सभी मिलकर काम करना चाहिए। इस उद्देश्य के साथ जिला ऊना के उपमंडल बंगाणा के तहत करमाली पंचायत में स्थित दिव्यज्योति कुटलैहड़ संस्था ने इस वर्ष भी सैकड़ों पौधे रोपे हैं। इसमें वहां के स्थानीय लोगों ने भी सहायता की। इसमें वन विभाग की गार्ड मधु बाला ने स्थानीय लोगों को खैर के पौधों का वितरण किया।

### डोहगी गांव में वन महोत्सव मनाया



**बंगाणा।** डोहगी गांव में वन महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर जिला ऊना प्रेस क्लब पंजीकृत के प्रधान वरिष्ठ पत्रकार राजेश शर्मा ने पौधा रोपित करके अभियान की शुरुआत की।

### सिद्ध चानो मंदिर सोहारी में वार्षिक दंगल 15 को

**हीना पठानिया (बड़ूही)।** उपतहसील जोल के अंतर्गत आती ग्राम पंचायत सोहारी में वार्षिक दंगल का 15 सितंबर को आयोजन किया जा रहा है। इसमें फाइनल कुश्ती का पुरुस्कार 71000 रुपए निर्धारित किया गया है। विजेता पहलवान को 41000 व उपविजेता पहलवान को 30000 रुपए देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा स्पेशल कुश्तियां भी करवाई जाएंगी। इसकी जानकारी कमेटी अध्यक्ष अनिल कुमार ने दी।

### निर्धारित समय में बिजली बिल जमा करें उपभोक्ता

**ऊना।** विद्युत बोर्ड उपमंडल बसाल के सहायक अभियंता इंजीनियर दिनेश चौधरी ने क्षेत्र के समस्त उपभोक्ताओं से अपने बिजली के बिल 5 सितंबर से पहले जमा कराने को कहा है। उन्होंने बताया कि अगर निर्धारित समय पर बिजली बिल जमा नहीं कराया गया तो कनेक्शन बिना नोटिस काट दिए जाएंगे। उन्होंने क्षेत्र के बाहर रहने वाले सभी उपभोक्ताओं से भी बिजली बिल जमा कराने की अपील की है।

## बंगाणा के कई हिस्सों में आज बिजली आपूर्ति बंद रहेगी

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के सब-स्टेशन बंगाणा के अधीन आने वाले सभी क्षेत्रों में 3 सितंबर को 33/11 केवी सब-स्टेशन बंगाणा की आवश्यक मरम्मत और रखरखाव हेतु 33/11 केवी सब-स्टेशन बंगाणा के अंतर्गत आने वाले फीडरों 11 केवी झगरोट, 11 केवी धुंदला, 11 केवी हटली, 11 केवी तलमेहड़ा, 11 केवी थानाकलां, 11 केवी बंगाणा और 11 केवी लठ्यानी की तथा इनके अंतर्गत आने वाले सभी क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति मंगलवार को सुबह 9 से सायं 6 बजे तक बंद रहेगी।

अत: यदि किसी कारण यह कार्य नहीं हो पाता है तो यह किसी अतिरिक्त दिन के लिए स्थगित किया जाएगा। बिजली उपमंडल बंगाणा के सहायक अभियंता इंजीनियर उदित सिंह ने सर्वसाधारण से सहयोग की अपील की है।

## माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव 2024 के लिए ऑडिशन हुए आरंभ

**अनंत ज्ञान, ऊना**

माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव-2024 में सांस्कृतिक संध्याओं के लिए ऑडिशन अंब कॉलेज के सभागार में आरंभ हो गए हैं। पहले दिन स्थानीय कलाकारों ने ऑडिशन में भाग लिया और सुरीले साजों पर अपनी स्वर लहरियां बिखेरीं।

उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि ऑडिशन 2 से 4 सितंबर तक अंब कॉलेज के सभागार में लिए जाएंगे। नामी कलाकारों के अलावा बड़े स्तर की प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों व पुरस्कार विजेताओं को ऑडिशन से छूट रहेगी। इसके अलावा अन्य सभी को महोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुति के लिए ऑडिशन में भाग लेना होगा। ऑडिशन में भाग लेने के लिए कलाकार एसडीएम कार्यालय अंब में आवेदन कर सकते हैं। ईमेल पते पर भी आवेदन भेजे जा सकते हैं। ऑडिशन के लिए मौके पर भी ओवदन सौंपा जा सकता है।


ऑडिशन में भाग लेते कलाकार।

**सुरीले साजों पर गूंजी स्वर लहरियां**

इसके अलावा महोत्सव को यादगार बनाने के लिए एक विशेष स्मारिका का प्रकाशन भी किया जा रहा है। इसमें माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर के इतिहास के साथ-साथ ऊना जिले की समृद्ध परंपराओं, धरोहरों और साहित्यिक विरासत पर आधारित लेख प्रकाशित किए जाएंगे। इच्छुक व्यक्ति अपने लेख 7 सितंबर तक उपरोक्त ईमेल पते पर भेज सकते हैं।

## चहेतों के मानदेय में बढ़ोतरी करने के लिए सीएम को कोई संकट नहीं : बलबीर


बलबीर चौधरी अपने समर्थकों के साथ।

**विवेक शर्मा, अंब**

एक तरफ प्रदेश की कांग्रेस सरकार प्रदेश की वित्तीय स्थिति खराब होने का रोना रो रही है, वहीं दूसरी तरफ अपने चहेतों के वेतन में बेतहाशा बढ़ोतरी कर रही है।

इससे साफ पता लग रहा है कि प्रदेश की वित्तीय स्थिति को खराब करने के लिए कांग्रेस सरकार पूरी तरह से जिम्मेदार है। सोमवार को यह बात चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं जिला भाजपा अध्यक्ष बलवीर सिंह ने एक पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि जिस तरह से 30000 मानदेय में 100000 बढ़ोतरी की गई है, उससे प्रतीत होता है कि मुख्यमंत्री को प्रदेश की जनता की बजाय अपने चहेतों को रेवड़ियां बांटने की ज्यादा चिंता है।

उन्होंने कहा कि पिछले दो सालों में भ्रष्टाचार की प्रकाष्ठा हो गई है, ऐसा लग रहा है कि प्रदेश में वित्तीय स्थिति को खराब करने और भ्रष्टाचार को उच्च स्तर तक ले जाने का कंपटीशन चला हुआ है। जिस तरह के प्रदेश में हालात पैदा हो गए है, उससे प्रदेश की जनता त्राहि त्राहि कर रही है। (अनंत ज्ञान)

## खेलें जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा : बबलू

**विवेक शर्मा, अंब**

खेलें हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। खेलों से यहां हमारे शरीर का विकास होता है, वही हमारे मन में टीम भावना से काम करने की भावना उत्पन्न होती है।

यह बात चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल अंब में लड़कों की शुरू हुई तीन दिवसीय अंडर-19 खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह पर कही। प्रिंसिपल विनोद बनियाल ने बताया कि इस टूर्नामेंट में शिक्षा खंड अंब के 41 स्कूलों के 560 बच्चे भाग ले रहे हैं। टूर्नामेंट में कबड्डी, खो-खो, वॉलीबाल, रेस, चैस और बैडमिंटन की प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी। उद्घाटन समारोह पर आए विधायक दर्शन सिंह बबलू ने स्कूल में स्पेस लैब बनाने के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। (अनंत ज्ञान)


विधायक सुदर्शन बबलू का स्वागत करते आयोजक।

## सामर्थ्य कार्यक्रम : अब असीमित बच्चियों को मिलेगी आर्थिक सहायता

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना जिला प्रशासन ने सामर्थ्य कार्यक्रम के तहत गरीब परिवारों की बच्चियों को उच्च शिक्षा के लिए दी जाने वाली आर्थिक सहायता में एक महत्वपूर्ण बदलाव किया है। पहले चरण में 25 लड़कियों की संख्या सीमा को अब असीमित कर दिया गया है। इस कदम से अधिक से अधिक बच्चियों को इस योजना का लाभ मिल सकेगा।

इस योजना के तहत लाभ पाने की पात्रता उन लड़कियों के लिए है, जिनके पिता का निधन हो चुका है या जो 70 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग हैं। अधिक जानकारी के लिए उपायुक्त कार्यालय के कमरा नंबर 413 में संपर्क किया जा सकता है।

### मतदान केंद्रों की सूचियों का प्रारूप प्रकाशित

**ऊना।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने बताया कि जिला के पांचों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों 41-चिंतपूर्णी, 42-गगरेट, 43-हरोली, 44-ऊना और 45-कुटलैहड़ के वर्तमान मतदान केंद्रों में संशोधन/नए मतदान केंद्रों के सृजन के लिए विद्यमान मतदान केंद्रों की सूचियों का प्रारूप प्रकाशित कर दिया गया है। प्रारूप में प्रकाशित मतदान केंद्रों की सूचियां जिला निर्वाचन कार्यालय ऊना, निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालयों में जन साधारण के निरीक्षण के लिए निशुल्क उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों की सूचियों से संबंधित यदि कोई दावा या आक्षेप है तो उसे 8 सितंबर तक जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ऊना में प्रस्तुत किया जा सकता है।

## घुगन कलां स्कूल के बंद करने के आदेशों पर ग्रामीण खफा

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

प्रदेश सरकार द्वारा विकास खंड बंगाणा के तहत प्राइमरी स्कूल घुगन कलां को बंद करने की सूचना से स्थानीय ग्रामीणों में काफी रोष देखा गया है। इस संबंध में सोमवार को करीब छह दर्जन ग्रामीण स्कूल के प्रांगण में इकट्ठा हुए तथा प्रदेश सरकार के इस फैसले पर नाराजगी जताई।

ग्राम पंचायत थाना कलां की प्रधान सरोज कुमारी के नेतृत्व में स्थानीय ग्रामीणों ने प्रदेश सरकार से मांग की कि इस स्कूल को बंद न किया जाए क्योंकि भौगोलिक दृष्टि से यह गांव काफी दूर-दूर तक फैला है और नन्हे बच्चों को करीब चार से पांच किलोमीटर दूर पैदल चलना पड़ेगा और काफी रास्ता जंगल से होकर गुजरता है, इसलिए नन्हें बच्चों को काफी मुश्किल का सामना करना पड़ सकता है। स्थानीय ग्रामीण ओंकार सिंह ने बताया कि सन 1973 में यह स्कूल खुला था और स्थानीय लोगों ने करीब बीस कनाल भूमि स्कूल के दान दी है। उन्होंने बताया कि इस स्कूल में सात बच्चे नर्सरी में व पांच बच्चे अन्य कक्षाओं में पढ़ रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि शीघ्र ही इस स्कूल के बंद करने की नोटिफिकेशन को रद्द कर बहाल किया जाए ,अन्यथा क्षेत्र के लोग प्रदेश सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेंगे।

ग्रामीणों में स्थानीय प्रधान राज कुमार, राज कुमार, दर्शना देवी, राज कुमार के अलावा सैकड़ों गणमान्य लोगों ने बैठक करके राज्य सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अभी स्थानीय लोगों ने केवल बैठक करके राज्य सरकार को चेतावनी दी है। अगर राज्य सरकार ने उक्त स्कूल को बंद करने के आदेश वापस नहीं लिए तो उक्त गांववासी राज्य सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरने से गुरेज नहीं करेंगे और यह जिम्मेदारी भी राज्य सरकार की होगी। जिला परिषद सदस्य कृष्ण पाल शर्मा और देवेंद्र भुट्टो ने भी स्कूल बंद करने का विरोध किया है।


घुगन कलां के ग्रामीण बैठक करते हुए।

### सूडोकु 0045 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0044 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

## अनंत ज्ञान

### आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

3 सितंबर, 2024, मंगलवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** श्रावण **तिथि** अमावस्या : (7:27): **नक्षत्र** पूर्वा फाल्गुनी (03:11), **पक्ष :** कृष्ण **योगः** सिद्ध (7:04) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:54 - 12:45 तक, **राहुकाल** (3:29 -5:04)।

**विशेष दिन**

» 3 सितंबर 2024 : देवकार्य अमावस्या आज।

» 3 सितंबर 2024 : भाद्रपद अमावस्या आज।

**मेषः** आप के रहन-सहन से लोग प्रभावित होंगे। खान-पान अनुकूल मिलेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा तथा मन में प्रसन्नता होगी।

**वृषभः** समय रहते जरूरी दस्तावेज संभाल लें। मनोवांछित सफलता प्राप्त करेंगे। पारिवारिक सुख व सहयोग बढ़ेगा।

**मिथुनः** अनचाहे काम करना होंगे। दांपत्य संबंध में सुधार होगा। व्यवसायिक स्थिति में पहले से राहत मिलेगी। नई योजना बनेगी।

**कर्कः** कमजोर रणनीति के कारण मनचाही सफलता नहीं मिलेगी। नए कार्यक्षेत्र में प्रवेश की संभावना है।

**सिंहः** परिवार के मांगलिक आयोजनों की रूपरेखा बनेगी। ज्ञान-चित्रकारी में रुचि बढ़ेगी। कानूनी झंझटों से राहत मिल सकती है।

**कन्याः** किसी को भी अपने राज न बताएं। अपकीर्ति हो सकती है, सतर्क रहें। मनोबल में वृद्धि होगी।

**तुलाः** दोस्तों की चिंता रहेगी। सूझ-बूझ द्वारा कार्यों में सफलता मिलेगी। अपनी क्षमता, योग्यता का भरपूर इस्तेमाल करेंगे।

**वृश्चिकः** निर्माण कार्य में हो रहे विलंब से चिंता बढ़ेगी। व्यापारिक तथा कार्यक्षेत्र में उन्नति के लिए दिन अनुकूल रहेगा।

**धनु :** साझेदारी के कार्यों में विशेष लाभ होगा। व्यवसायिक समय शुभ रहेगा। साहस व पराक्रम के क्षेत्र में सफलता प्राप्त करेंगे।

**मकरः** नई ऊर्जा के साथ दिन की शुरुआत होगी। घरेलू कामकाज के चलते व्यस्त रहेंगे।

**कुंभः** परिजनों के साथ यात्रा होगी। विवाह में आ रही अड़चन दूर होगी। पसंदीदा भोजन की प्राप्ति होगी। राजनीति से जुड़े लोग विश्वासघात का शिकार हो सकते हैं।

**मीनः** आप की मेहनत और सूझ-बूझ से उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। समय शुभ व अनुकूल फलों को देने में समर्थ होगा।

**मुलाकात** निजी स्कूल एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल उपमुख्यमंत्री से मिला

## स्कूलों को दिया जाए फ्लीट रूट परमिट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

हिमाचल प्रदेश संबद्ध स्कूल एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने अपनी मांगों को लेकर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से उनके आवास पर मुलाकात की। गोंदपुर जयचंद में संघ ने प्रदेशाध्यक्ष जगजीत सिंह ठाकुर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री को स्कूलों की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा।

संघ ने प्रदेश अध्यक्ष जगजीत सिंह ठाकुर ने कहा कि छात्रों की सुविधा के लिए कई स्कूलों के पास स्कूल बसों का बेड़ा है। वर्तमान में रूट परमिट व्यक्तिगत स्कूल बस को जारी किया जाता है और विशेष रूट पर तय किया जाता है। किसी तकनीकी खराबी या अन्य समस्या की स्थिति में यदि एक स्कूल बस चालू हालत में नहीं है, तो हमें अपनी दूसरी स्कूल बस का उपयोग करके छात्रों को उठाना पड़ता है, लेकिन अब चूंकि फ्लीट रूट परमिट आरटीओ स्तर पर जारी नहीं किया जाता है, इसलिए आपातकालीन समय में यह एक बड़ी समस्या पैदा करता है। ऐसे में फ्लीट रूट परमिट दिया जाए, ताकि स्कूल किसी भी समय सभी मार्गों पर स्कूल बसों का उपयोग कर सकें। उन्होंने कहा कि निजी स्कूलों पर श्रम अधिनियम नहीं लगाया जा सकता है, क्योंकि स्कूल का पूरा स्टाफ एक दिन में केवल पांच से छह घंटे और साल में 232 दिन काम कर रहा है।

इसके अलावा, स्कूल स्टाफ भी संस्थान का स्थायी कर्मचारी नहीं है। औसतन पंद्रह वर्षों के बाद स्कूल बसें अच्छी स्थिति में हैं और इन वाहनों को स्क्रैप करने से हमारे खनिज संसाधनों के साथ-साथ खरीददारों पर भी अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ता है, इसलिए स्कूल बसों के लिए 5 साल का विस्तार देना दिया जाए। उन्होंने बताया कि उपमुख्यमंत्री ने हमारी मांगों को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया है।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष राकेश शर्मा, अजीत वत्स, संदीप अग्निहोत्री, कुलदीप धीमान, रामकुमार, श्यामलाल, लखनपाल शर्मा, राकेश शर्मा, वरिंद्र कुटलैड़िया, अरविंद जोशी, जितेंद्र कुमार, राकेश कुमार, राजकुमार, अश्विनी बक्शी, शिव कुमार, अवतार सिंह, देवराज वर्मा, प्रताप वर्मा, अनिल कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।


निजी स्कूल संचालक उपमुख्यमंत्री से भेंट करते हुए।

## पेंशन धारकों को पेंशन 10 तारीख को देने का किया कड़ा विरोध

- कर्मचारियों को वेतन 5 तारीख को देने पर भी जताई नाराजगी
- बोले-परिवार के पालन-पोषण में होगी दिक्कत

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा चुनाव से पहले लोगों को दी गई ग्रांटियां तो दो साल बीतने पर भी देनी शुरू भी नहीं हुईं, इसके विपरीत हर चीज महंगी जरूर हो रही है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने घोषणा की है की सरकार कर्मचारियों को वेतन हर 5 तारीख को और पेंशन धारकों को पेंशन 10 तारीख को मिला करेगी।

हिमाचल प्रदेश हिमाचल पेंशनर्स संघ जिला ऊना के प्रधान राजकुमार शर्मातथा जिला प्रेस सचिव रोशन लाल चौधरी तथा सभी ब्लॉकों के प्रधानों ने सरकार के इस कदम का जबरदस्त विरोध किया है। उन्होंने कहा की कई पेंशनर जब 70 साल से ऊपर हो जाते हैं तो अनेक प्रकार की गंभीर बीमारियों से झेल रहे हैं तथा परिवार की सभी जिम्मेदारियां पेंशन पर ही निर्भर करती हैं, ऐसे में पेंशनर कहां जाएं। मुख्यमंत्रीने तो घोषणा कर दी मंत्रियों तथा सरकार में शामिल अधिकारी वर्ग को तो बहुत सारे संसाधन हैं परंतु पेंशनर बेचारा अपनी पेंशन पर ही सारे खर्च करता है। परिवार उसी पर ही निर्भर होते हैं ।

सरकार को चाहिए कि कर्मचारियों और विशेष कर पेंशन धारकों को महीने की पहली तारीख को ही पेंशन मिलनी चाहिए। सभी पेंशनर्स ने सरकार से यह अपील की है की पेंशनर को पेंशन हर महीने की पहली तारीख को उनके खाते में डाली जाए। कर्मचारी वर्ग भी भी सरकार के इस फैसले से नाराज है और इनकी संघ भी पहली तारीख को वेतन मिलने की सरकार से अपील करते हैं ताकि जीवन-यापन करने में कोई दिक्कत न हो।

सच्चा नायक वह है, जो अपने क्रोध और घृणा पर विजय पाता है। -चाणक्य

संपादकीय

# महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल

देश के विकास में महिलाएं अपना अहम योगदान दे रही हैं। वह पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी मौजूदगी दर्ज कर रही हैं। जमीन से लेकर आसमान में ही नहीं, बल्कि अंतरिक्ष में भी उनके कदमों की छाप मौजूद है। महिलाएं देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान करती हैं, चाहे वह घरेलू कामकाज हो या बाहरी रोजगार। वह अपने बच्चों को शिक्षा और संस्कार देती हैं, जिससे देश के भविष्य के नागरिक तैयार होते हैं। महिलाएं अपने परिवार के स्वास्थ्य और पोषण का ध्यान रखती हैं, जिससे देश के नागरिक स्वस्थ और मजबूत रहते हैं। विडंबना यह है कि जिस तरह से महिलाओं का कद बढ़ा है, उस हिसाब से उनकी सुरक्षा भारत में नहीं हो रही है। कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुई रेप-मर्डर की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है। हर जगह प्रदर्शन हो रहे हैं। कैंडल मार्च निकाले जा रहे हैं। इस बर्बर घटनाक्रम ने दिल्ली में भी हुए निर्भया कांड की यादों को ताजा कर दिया है। आज पूरा देश गुस्से से उबल रहा है। सवाल वही है कि आखिर महिलाओं को सुरक्षा मिले तो कैसे? महिलाओं की सुरक्षा को केंद्र की मोदी सरकार सर्वोपरि मानती है और इसके लिए सरकार कई कदम भी उठा रही है।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने और उनकी सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए काम किया जा रहा है। श्रम सुरक्षा को लेकर भी सरकार सजग दिखती है। कार्यस्थलों में महिलाओं के लिए सुरक्षित और अनुकूल माहौल उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए तमाम तरह की योजनाएं और कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। महिलाओं को उनके अधिकार और सम्मान दिलाने के लिए सबसे पहले तो शिक्षा और जागरूकता का दायरा और ज्यादा बढ़ाना बेहद जरूरी है। महिलाओं को कानूनी सहायता प्रदान की जानी चाहिए, ताकि वे अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ सकें। समान मेहनताना का अधिकार में दर्ज प्रावधानों के मुताबिक, जब सैलरी या मेहनताने की बात हो तो जेंडर के आधार पर भेदभाव नहीं किया जा सकता। किसी कामकाजी महिला को पुरुष की बराबरी में सैलरी लेने का अधिकार है। महिला को गरिमा और शालीनता से जीने का अधिकार मिला है।

किसी मामले में अगर महिला आरोपी है, उसके साथ कोई मेडिकल परीक्षण हो रहा है तो यह काम किसी दूसरी महिला की मौजूदगी में ही होना चाहिए। भारतीय कानून के मुताबिक, अगर किसी महिला के खिलाफ दफ्तर में या कार्यस्थल पर शारीरिक उत्पीड़न या यौन उत्पीड़न होता है, तो उसे शिकायत दर्ज करने का अधिकार है। किसी महिला की निजता की सुरक्षा का अधिकार हमारे कानून में दर्ज है। अगर कोई महिला यौन उत्पीड़न का शिकार हुई है तो वह अकेले डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज करा सकती है। किसी महिला पुलिस अधिकारी की मौजूदगी में बयान दे सकती है। मुफ्त कानूनी मदद का अधिकार के अलावा रात में महिला को गिरफ्तार न करने का प्रावधान भी है। यहां तक कि महिलाओं को वर्चुअल शिकायत दर्ज करने का अधिकार है। किसी महिला के खिलाफ अगर अधिकार होता है तो वह किसी भी थाने में या कहीं से भी एफआईआर दर्ज करा सकती है, फिर भी महिलाएं अपने आपको असुरक्षित महसूस करती हैं।

महिलाओं को सामाजिक समर्थन प्रदान किया जाना चाहिए, ताकि वे अपने अधिकारों के लिए आवाज उठा सकें। महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता प्रदान की जानी चाहिए ताकि वे अपने निर्णय स्वयं ले सकें। महिलाओं को राजनीति में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, ताकि वे अपने अधिकारों के लिए आवाज उठा सकें। सांस्कृतिक परिवर्तन के माध्यम से महिलाओं के प्रति दृष्टिकोण को बदलने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद राष्ट्रपति ने भी त्वरित न्याय की पैरवी की है। उनका मानना है कि ऐसा करने से महिलाओं के खिलाफ अत्याचारों में निश्चित रूप से कमी आएगी। निर्भया जैसे जघन्य कांड के मामले में भी न्याय मिलते मिलते आठ साल का वक्त लग गया था, क्योंकि पुलिस की जांच इतनी धीमे स्तर पर चलती है कि उसे सुबूत जुटाने में ही काफी समय लग जाता है। अक्सर रसूखदारों का प्रभाव कानून की सख्ती पर भारी पड़ जाता है। अगर कोलकाता के मामले में भी न्याय मिलने में देरी हुई तो लोगों का न्यायपालिका से विश्वास उठ जाएगा। समाज के हर वर्ग को महिलाओं की सुरक्षा के लिए आगे आना होगा। नेताओं को भी राजनीति को दरकिनार कर एकजुट होकर ऐसे मामलों का समाधान निकालना होगा। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### हिंदी सिनेमा के एक प्रसिद्ध संगीतकार

**प्यारेलाल** रामप्रसाद शर्मा हिंदी सिनेमा की प्रसिद्ध संगीतकार जोड़ी 'लक्ष्मीकांत प्यारेलाल' में से एक हैं। प्यारेलाल अपने आठ दशकों से अधिक लंबे करियर में हिंदी सिनेमा के सबसे सफल संगीतकारों में से एक हैं। महान संगीतकार प्यारेलाल ने संगीत सम्राट लक्ष्मीकांत शांताराम कुडालकर के साथ मिलकर हिंदी सिने जगत को असंख्य सुपरहिट गीत दिए हैं। लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल की जोड़ी ने 'दोस्ती', 'हम सब उस्ताद हैं', 'आए दिन बहार के', 'मेरे हमदम मेरे दोस्त', 'मेरा गांव मेरा देश', 'बॉबी', 'रोटी कपड़ा और मकान' सहित सदाबहार गाने बनाए हैं। संगीतकार प्यारेलाल को 75वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संख्या पर वर्ष 2024 में भारत सरकार ने 'पद्म भूषण' से सम्मानित किया है। प्रतिष्ठित संगीतकार प्यारेलाल 'लक्ष्मीनारायण अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार' से भी सम्मानित हुए हैं। प्यारेलाल का बचपन बेहद संघर्ष भरा रहा। उनकी मां का देहांत छोटी उम्र में ही हो गया था। उनके पिता 'पंडित रामप्रसाद जी' ट्रंपेट बजाते थे और चाहते थे कि प्यारेलाल वायलिन सीखें। पिता के आर्थिक हालात ठीक नहीं थी, वे घर-घर जाते थे, जब भी कहीं उन्हें बजाने का मौका मिलता था और साथ में प्यारे को भी ले जाते। उनका मासूम चेहरा सबको आकर्षित करता था। एक बार पंडित जी उन्हें लता मंगेशकर के घर लेकर गए। लता जी प्यारे के वायलिन वादन से इतनी खुश हुईं कि उन्होंने प्यारे को 500 रुपए इनाम में दिए। ■



प्यारे लाल
जन्म : 3 सितंबर, 1940

## अपनी बात

**चिलचिलाती** गर्मी से राहत देने वाली बरसात अब होने लगी है। देश के कई हिस्सों में मानसून की दस्तक से मौसम सुहावना हो गया है। हालांकि, यह बारिश राहत के साथ ही कई बीमारियां अपने साथ लेकर आती है। इस मौसम में कई खतरनाक बीमारियों का खतरा बढ़ने लगता है। कुछ बीमारियां तो ऐसी भी हैं, जिनका समय पर इलाज न हो तो जान भी जा सकता है। ऐसे में आइए जानते हैं इन बीमारियों के लक्षण कैसे पहचाने और इनसे बचने के क्या उपाय हैं। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, बरसात के मौसम में वातावरण में नमी आ जाती है। इस वजह से बैक्टीरिया और वायरस को पनपने के लिए अनुकूल मौसम मिल जाता है, जो कई बीमारियों का कारण बनते हैं। वायरल और बैक्टीरियल इंफेक्शन का जोखिम इस मौसम में ज्यादा रहता है, जिसकी चपेट में बच्चे और बुजुर्ग सबसे जल्दी आते हैं। डॉक्टरों के मुताबिक, बारिश के मौसम में डायरिया, टाइफाइड, वायरल फीवर, डेंगू और मलेरिया का खतरा सबसे ज्यादा और तेजी से फैलता है। टाइफाइड और डायरिया खराब खाने-पीने से होता है। इसमें उल्टी-दस्त की समस्या भी रहती है। कुछ बैक्टीरिया वायरल फीवर का कारण भी बन जाते हैं। इस मौसम में फ्लू का खतरा भी ज्यादा रहता है। -वरुण चंबा

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# मुफ्त की खैरात नहीं, युवाओं को रोजगार की जरूरत

महीने का सरकारी खजाने पर करोड़ों का बोझ डालकर सरकार ने मुफ्त की खैरात बांट कर लोगों को निकम्मा बना दिया। अब लोग ज्यादा मेहनत ही नहीं करना चाहते हैं। सरकार भी पिछले कई वर्षों से प्रदेश के लोगों को सरकारी अनुदान पर सस्ता राशन उपलब्ध करवा रही है। अमीर गरीब सब इस राशन को ले रहे हैं। कुछ लोगों को ऐसे राशन की जरूरत नहीं है। वे भी उसे ले लेते हैं तथा कुछ मुनाफा लेकर आगे बेच देते हैं। जो चावल डिपो में 10 रुपए किलोग्राम मिलते हैं। उसी श्रेणी के चावल दुकानदार 50 रुपए किलो तक बेच रहे हैं। कुछ ऐसे भी व्यक्ति हैं जो मुफ्त या सस्ता राशन बेचकर शाम को पीने का जुगाड़ कर लेते हैं। जब से यह राशन मिलने लगा है। तब से उपजाऊ जमीन जंगल में बदल गई है। जहां कभी फसलें लहराती थी।

वहां नीला फुलणु घास व भांग-धतूरे के जंगल हो गए हैं। लोगों के मवेशिखानें खिल्ले पड़े हैं। गांव में बड़े किसान समझे जाने वालों ने इक्का-दुक्का पशु पाल रखा है। परिस्थितियां ऐसी हो गई है कि अब ग्रामीण क्षेत्र को दूध व सब्जियों की सप्लाई शहर से हो रही है। लोग यह भी मान रहे हैं कि शहर से आई सब्जियां व दूध की गुणवत्ता ठीक नहीं है, लेकिन अब पशु कौन पाले तथा खेती कौन करे। ये दोनों काम करना अब घाटे का सौदा हो गया है। काफी समय पहले सरकार ने लोगों के कर्जे माफ किए थे। लोग प्राथमिक सहकारी सभाओं व बैंकों से कर्ज ले लेते हैं और फिर वर्षों तक इस विश्वास में बैठे रहते हैं कि सरकार उनका कर्ज माफ करेगी। लोग बड़ी बेसब्री से लोकसभा व विधानसभा चुनावों का इंतजार करते रहते हैं कि चुनावों से कुछ समय पहले कर्ज माफी की घोषणा होगी, लेकिन ऐसा न होने के कारण कर्ज का ब्याज भी इतना अधिक बढ़ जाता है कि मूलधन भरने की नौबत ही नहीं आती। नतीजतन ऐसे व्यक्ति को अपनी संपत्ति तक बेचनी पड़ती है। अथवा उसकी कुर्की होती है।



लेखक : रामलाल पाठक
गांव निहारखन बासला (चिड़की)

कुर्की में जमीन तक नीलाम हो जाती है। उससे भी कर्ज पूरा नहीं हो पाता। बुद्धिजीवियों का तर्क है कि सरकार जितनी धनराशि मुफ्त की खैरात बांटने में खर्च करती है, उसी राशि से ग्रामीण स्तर पर युवाओं को रोजगार के अवसर सृजित किए जा सकते हैं तथा बेरोगारों को अपने ही घर में रोजगार मिल सकेगा। कृषि एवं पशुपालन को बढ़ावा दिए जाने की जरूरत है। अन्यथा जमीन बंजर हो गई है तथा पशु लोगों के मवेशिखानों से बेसहारा होकर सड़कों पर पहुंच गए हैं। लोग गांवों से पलायन करने लगे है। जिन्हें शहरों में अच्छा रोजगार मिल जाता है। उनका जीवन तो ठीक चल जाता है, लेकिन जिन्हें मेहनत-मजदूरी करनी पड़ती है। उनका जीवन तो गांव से बदतर हो जाता है। अक्सर आदमी इसलिए ज्यादातर भाग-दौड़ करता है कि उसे महीने के बाद कुछ नकद पैसा मिल सकें। जिससे वह अपना व अपने परिवार की जरूरतें पूरी कर सके। यदि बेरोजगार को काम के बदले कुछ राशि अपने ही गांव में मिल जाए। तब उसे कहीं दूर जाने की जरूरत भी नहीं है।

सरकार जो कुछ मुफ्त की खैरात बांट रही है उसी में ही ग्रामीण स्तर पर ऐसा ढांचा विकसित किया जा सकता है। उससे ग्रामीण युवाओं को रोजगार मिलेगा। वोट की राजनीति के चलते उन लोगों को भी मुफ्त में मिल रही सुविधा का लाभ मिल रहा है। जिनका इसके बगैर भी गुजारा हो सकता था, लेकिन भेड़ पर ऊन कौन छोड़ता है। मुफ्त में मिल रहा है तो इससे इंकार क्यों करना। असल में जिन लोगों को मुफ्त की सुविधा मिलनी चाहिए और जो इसके पात्र है। उन्हें कई बार कई कारणों से उन्हें ऐसी सुविधा भी नहीं मिल पाती। मुफ्त की योजनाएं ऐसी है, जिनके लिए अलग-अलग किस्म के प्रमाण पत्र बनवाने पड़ते हैं।

इसके लिए उन्हें दफ्तरों के कई चक्कर काटने पड़ते हैं। निर्धन वर्ग का व्यक्ति कहीं दिहाड़ी पर लगा होता है यदि वह संबंधित दस्तावेज इकठ्ठा करने लगे, तो उसके दो-तीन दिन लग ही जाते हैं। इससे उनका काफी नुकसान हो जाता है। उधर से उस पर काम करवाने वाले का प्रेशर भी बना रहता है अथवा उसके पास कहीं आने-जाने तक का किराया नहीं होता। उदाहरण के तौर पर सरकार द्वारा अनुदान पर उपलब्ध करवाए जाने वाले सस्ते राशन को खरीदने के लिए कुछ लोगों के पास तत्काल नकद पैसे नहीं होते। जब तक वे कहीं से पैसे का जुगाड़ करते हैं, तब तक उचित मूल्य की दुकान पर राशन ही समाप्त हो जाता है।

इस तरह अन्य कई योजनाएं हैं। जो गरीबों तक नहीं पहुंच पाती, जबकि साधन संपन्न लोग ही उनका भरपूर फायदा उठा पाते हैं। भाजपा की पूर्व जयराम सरकार ने हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों में महिलाओं को किराए में 50 प्रतिशत छूट दी थी। निजी बस ऑपरेटर यूनियन तथा अन्य कुछ एजेंसियों ने इसकी शिकायत की थी कि इस सुविधा का 85 प्रतिशत से अधिक लाभ महिला सरकारी कर्मचारी ले रही हैं। उनमें ज्यादातर सरकारी स्कूलों की अध्यापिकाएं हैं। जो प्रतिदिन 100 से 150 किलोमीटर सफर आधे किराए पर कर रही है, जबकि उन्हें सरकारी खजाने से काफी वेतन मिलता है। इससे सरकारी खजाने पर दोहरा बोझ पड़ रहा है।

जिन ग्रामीण महिलाओं को सही मायने में इसकी जरूरत थी, उन्होंने महीने-दो महीने में एक-दो बार सफर करना होता है। कई बार तो जिन रूटों पर उन्होंने सफर करना होता है। उन रूटों पर पथ परिवहन निगम की बसें ही नहीं चलती। अक्सर रक्षाबंधन, करवाचौथ व भैयादूज त्योहारों पर महिलाओं को मुफ्त यात्रा की सुविधा दी है। इस पर ग्रामीण महिलाएं आरोप लगाती रही है कि उस दिन अक्सर बसों में काफी भीड़ रहती है तथा छोटे-मोटे स्टेशनों पर बसें रुकती ही नहीं है। इसलिए अब ग्रामीण महिलाओं का कहना है कि ऐसी सुविधाओं का होना न होना बराबर है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# सुख और दुख ही दुनिया की रीत

कहते हैं कि जब सहने वाले को सब्र आ जाए तो दु:ख देने वालों की औकात दो कोड़ी की रह जाती है, यह उक्ति शत प्रतिशत सही है। सब्र में बहुत शक्ति होती है, सब्र बहुत कुछ सीखा देता है, अंत हर चीज का होता है। एक समय ऐसा आ जाता है कि तमाम दुखों का अंत हो जाता है, लेकिन दुखदायी यादें ताउम्र रहती हैं। रिश्तों में वह मिठास नहीं रहती, क्योंकि समय निकल जाता है, लेकिन मन में एक टीस रहती है। सहनशीलता बहुत जरूरी है। दु:ख देने वाला खुश होता है, लेकिन दु:ख सहने वाला अभ्यस्त हो जाता है। नियति मानकर चलता रहता है। दु:ख सदा नहीं रहते हर काली रात के बाद सवेरा जरूर होता है। यह शाश्वत सत्य है किसी को दु:ख मत दीजिए, नफरत छोड़ दीजिए, प्रेम कीजिए। गिले शिकवे सदैव नहीं रहते, समय बलवान होता है।



लेखक : नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

समय परिवर्तनशील है समय अच्छा बुरा चलता रहता है। कभी धूप कभी छावं होती है। सुख-दु:ख दुनिया की रीत है, जिसने सुख-दु:ख को समझ लिया, उसने जग जीत लिया समय में कई उतार चढ़ाव आते रहते हैं। समय बुरा भी आता है अच्छा भी आता है, लेकिन फितरती मानव स्वार्थी है स्वार्थ खत्म पहचान खत्म, रिश्ते खत्म कर देता है। खून के रिश्तों को तोड़ देता है । खून के रिश्ते ही काम आते हैं। समय एक जैसा नहीं रहता समय एवं परिस्थितियों में बदलाव होता रहता है राजा रंक बन जाते हैं और रंक राजा बन जाते हैं । एक पल में सब बदल जाता है। अक्सर देखा गया है कि लोग कमजोर व लाचार लोगों को दु:ख देते हैं, लेकिन गरीब लोग हर चीज सहन कर लेता है मगर समय बहुत बुरा होता है चेहरे याद रखता है और गिन-गिन कर बदले लेता है। मुश्किल व मुसीबत में एक दूसरे के काम आना चाहिए, सहयोग करना चाहिए। समाज एक दूसरे का पूरक है एक दूसरे के सुख दु:ख में शामिल होना चाहिए।

निस्वार्थ भाव व सच्ची भावना व मन से सबका साथ देना चाहिए। स्वार्थ की उम्र ज्यादा नहीं होती अवसान हो जाता है। अच्छे कर्म कीजिए, ताकि समाज सदियों तक याद करे एक मिशाल बनो। समाज की रचना के लिए योगदान दीजिए। दुखों का निराकरण कीजिए। दुनिया में अमर कोई नहीं हुआ, मौत का एक दिन मुकर्रर है। मौत एक अटल सच्चाई है। तन, मन, धन से समाज का हित कीजिए, अहित मत कीजिए। बुजुर्गों का सम्मान कीजिए, उनके पदचिन्हों पर चलिए बुजुर्ग समाज के स्तंभ होते हैं, समाज के दुखी व असहाय लोगों की सहायता कीजिए। छुट-पुट मतभेद भुला कर समाज की संरचना करनी चाहिए, स्वस्थ समाज होगा तो हर आदमी स्वस्थ होगा।

खुशनुमा वातावरण होगा, तो समाज समृद्ध हो जायेगा। समाज एक परिवार होता है हर आदमी के साथ अच्छा व्यवहार कीजिए, क्योंकि समाज अच्छा होगा, तो सुखद अनुभूति होती है। समाज प्रगति करता है समाज में फैली कुरीतियों को दूर करना चाहिए, एकजुट होकर सबका साथ देना चाहिए। प्रेरणा मिलती है जीवन सफल हो जाता है। आज रिश्ते सिमटते जा रहे हैं। अमीरी गरीबी की खाई बढ़ती ही जा रही है इस खाई को पाटना होगा। गांव से शहरों में पलायन हो रहा है, गांव के रिश्ते छूट रहे हैं, लोग आधुनिक बनते जा रहे हैं, लेकिन खून के रिश्ते पीढ़ियों तक जिंदा रहते हैं। रिश्तों की बेल अमर बेल होती हैं जो सदैव अमर रहती है। रिश्ते तोड़ना आसान नहीं होता, तोड़ दिए तो जोड़ना भी कठिन होता है । **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

पहाड़ी कविता



### ऑनलाइन कामकाज लाजवाब हो गया

भीम बसेडू राजपूत, महादेव, सुंदरनगर

*जगह-जगह ग्लैमर स्टूडियो है छाया,*
*यहां-वहां सारा जहां है देखो,*
*डिजिटल इंडिया में है आया,*
*चमक-दमक में मरे जा रही है दुनिया,*
*रील्स देख-देख छोटा-बड़ा,*
*रंगीन मिजाज हो गया,*
*हर व्यक्ति का शौक जैसे, शराब और शबाब हो गया,*
*हो कहीं भी खाना-पीना,*
*या कम कपड़ों में है बाहर जाना,*
*न्यूड फोटोशूट तो जैसे आम हो गया,*
*करोड़ों हाथों में है; स्मार्ट मोबाइल फोन कैमरा,*
*टकटकी लगाते आंखें मटकाते नखरेबाज,*
*फोटो उतारते फटाफट,*
*वाह री रंग -बिरंगी दुनिया,*
*तेरा ऑनलाइन कामकाज लाजवाब हो गया।।*

# समय पर उपचार न मिलना सर्पदंश से अधिकतर मौतों की वजह

बरसात का मौसम शुरू होते ही हिमाचल प्रदेश में सर्पदंश की घटनाओं में भी वृद्धि हो जाती है। हर साल सर्पदंश की घटनाओं में इजाफा हो रहा और सरकारें इस बारे जनता का न तो सही उपचार करवा पा रही हैं। यही नहीं जागरूकता बगैर अधिकतर लोग सर्पदंश होने पर डर के मारे ही अपने प्राण त्याग देते हैं। सरकार को सर्पदंश की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जनता को जगरूक करने की अब बहुत अधिक जरूरत है। सर्पदंश से पीड़ित होने के बावजूद लोग सर्वप्रथम चिकित्सीय इलाज करवाने की बजाए इधर-उधर भटक कर खुद मौत का ग्रास बन जाते हैं। सर्पदंश होने पर जहर एकदम खून में मिलकर फेफड़ों में सूजन ला देता और पीड़ित व्यक्ति की सांस फूलने से मौत हो जाती है।

ऐसे मरीज के साथ सहानुभूति जताते हुए अक्सर उससे बातचीत करते रहना चाहिए। बरसात शुरू होने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग कभी सर्पदंश की घटनाओं पर अंकुश लगाए जाने को लेकर सतर्क नहीं दिखता है। जिला अस्पतालों को छोड़कर अन्य में एंटी स्नेक बेनम की वैक्सिन उपलब्ध न होने की वजह से कई बार सर्पदंश पीड़ितों को समय पर उपचार न मिलने की वजह से उन्हें बेमौत ही मरना पड़ता है। जिला स्तरीय अस्पताल करीब सौ किलोमीटर की दूरी पर स्थित होने की वजह से वैक्सिन सर्पदंश से पीड़ितों को समय पर मिल पाना आसान काम नहीं है। यह वैक्सिन महंगी और कुछेक निजी दवा खानों में ही उपलब्ध होती। इसलिए एक गरीब आदमी का इसे खरीद पाना मुश्किल काम बनकर रह जाता है। सर्पदंश की वजह से मरने वालों के परिवार वालों को सरकारें हजारों रुपए बाद में फौरी राहत के रूप में मदद करके सुर्खियां बटोरती आ रही हैं। यही धनराशि खर्च करके अगर सभी अस्पतालों में एंटी स्नेक बेनम वैक्सिन उपलब्ध करवाई जाए, तो कई लोगों की जान बचाई भी जा सकती है। मगर हैरानी की बात यह है कि सरकारों ने पीड़ितों की आर्थिक मदद करने का रिवाज सा बना लिया हुआ है।



लेखक : सुखदेव सिंह
नूरपुर ( कांगड़ा )

अगर समय रहते सभी अस्पतालों में एंटी स्नेक बेनम की वैक्सिन खासकर बरसात में मौजूद रहे, तो सर्पदंश की घटनाओं पर भी काबू पाकर लोगों को भयमुक्त किया जा सकता है। कहने को कई एनजीओ और सामाजिक संगठन समाज में कार्य करके अपने आपको बड़ा समाज सेबक कहलाने में एक दूसरे से आगे निकल रहे हैं। इस तरह की सामाजिक जागरूकता फैलाने में ऐसे लोगों को आगे बढ़ने की जरूरत है। हिमाचल प्रदेश पहाड़ी राज्य होने की वजह से कभी हरे भरे जंगलों से शोभामान रहा है। देवभूमि के जंगलों की हालत आजकल के दौर में ऐसी हो चुकी, पेड़ पौधे कम और खरपतवार ज्यादा दिखाई देते हैं। जंगल कभी हरे होने की वजह से जीव, जंतु इनमें अपने आप को सुरक्षित समझते रहे हैं। जंगलों में कुल्हाड़ी इस कदर चल रही है कि जंगली जानवर अब मैदानी इलाकों की तरफ आ रहे हैं। यही नहीं जंगलों में जानवरों का अवैध शिकार करने की घटनाओं में भी दिनोंदिन वृद्धि हो रही है।

जंगलों में इस तरह अवैध शिकारियों की और से मचाए जा रहे, तांडव कारण भी जीव, जंतु इंसानों पर आत्मघाती हमले नित नए दिन करते जा रहे हैं। बारह सिंघा, हिरण, बाघ और खूंखार चीते अब लोगों के घरों में घुसने शुरू हो चुके हैं। गर्मियों में लोग अपनी स्वार्थसिद्धि के लिए वनों को आग लगा देते और ऐसे कई जीव, जंतु अपनी जान बचाने के लिए खुले में निकलकर लोगों के लिए मुसीबत बन जाते हैं। बरसात का पानी खड्डों, नालों से होता हुआ डेमों में आकर गिरता है। ऐसे पानी में अक्सर जहरीले सांप बहकर चले आते और बाद में प्रजनन करने के लिए खुले इलाकों का रुख कर जाते हैं। एक सांप सौ अंडे देता और इनमें से अधिकतर अंडे खुद ही वह खा जाता, ऐसा स्वास्थ्य विभाग ने माना है। धरती ने अपनी गोद में सब कुछ समाकर रखा हुआ है। गर्मियों में जमीन का तापमान अत्यधिक होने की वजह से जब भी बारिश का पानी जमीन के अंदर बनी गहरी बिलों में जाता तो सांप, बिच्छु बाहर निकलकर लोगों को डसना शुरू कर देते हैं। ठीक इस तरह बिलों से निकलने वाले जहरीले सांप लोगों के घरों में जाकर सर्पदंश की घटनाओं को अंजाम देते आ रहे हैं।

ऐसे सांप शौचालय, बिस्तर, घरों में खाली पड़े स्थानों में छुप जाते हैं। किसी अप्रिय घटना घटित होने की सोचे बगैर ही अक्सर लोग सुरक्षा को दरकिनार करके सर्पदंश का शिकार हो जाते हैं। बरसात का मौसम हर लिहाज से सतर्कता बरतने का होता, ताकि कोई अप्रिय घटना घटित न हो सके। मगर घरों में अक्सर महिलाएं लापरवाही बरतती और सर्पदंश का शिकार बनकर रह जाती हैं। स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि 95 प्रतिशत सांपों में नाम मात्र का जहर होता, जिससे एक इंसान की जान को कोई खास खतरा नहीं हो सकता है। मगर पांच प्रतिशत सांपों रसेल वाइपर, वाइपर, काला नाग, नागराज, कोरल, कोबरा, एडर आदि में जहर इतना खतरनाक होता है कि अगर सर्पदंश से पीड़ित व्यक्ति को जल्दी एंटी स्नेक वैक्सिन नहीं चढ़ाई जाए, तो उसकी मौत निश्चित हो सकती है। ऐसे जहरीले सांपों की प्रजातियां बारे हर किसी को जानकारी अवश्य होनी चाहिए। अगर किसी को ऐसा सांप काट खाए तो चिकित्सक को उस सांप की सही पहचान बताकर ही सही वैक्सिन चढ़ाकर उसकी कीमती जान बचाई जा सकती है।

हिमाचल प्रदेश को देवभूमि के नाम से जाना जाता है। देवभूमि में चप्पे-चप्पे पर मंदिर बिराजमान हैं। पहाड़ के लोगों की इन मंदिरों के प्रति विशेष आस्था है। अक्सर सर्पदंश होने के तदोपरांत लोग पीड़ितों को मणि यह सोचकर लगाकर रखते कि वह उस जहर को खत्म कर देगी। लोग घरों में खुद ही काली मिर्चे फूंककर सर्पदंश वाली जगह में लगाकर डॉक्टर बनने की फिराक में रह जाते, नतीजतन कई बार पीड़ित की मौत भी हो जाती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**प्रिय पाठकों**

प्रदेशभर से आपके पत्र हमें हर सप्ताह मिल रहे हैं। बहुत सारे पाठकों ने 'अनंत ज्ञान' समाचार पत्र की भूरि-भूरि प्रशंसा की, जिसके लिए हम आपके तहेदिल से धन्यवादी हैं। कई पाठकों ने हमें ट्रैफिक जाम, नशाखोरी, जंगली जानवारों, अवैध खनन, वन और खनन माफिया, बंदरों द्वारा किसानों की फसलों को चट करना, बसों की समस्या, गंदगी और शौचालय तथा आपदा से हुए नुकसान जैसे मुद्दे अखबार के माध्यम से उठाने के अपने बहुमूल्य सुझाव दिए हैं। इन सुझावों पर 'अनंत ज्ञान' ने अमल करना शुरू कर दिया है। लोगों को पेश आ रही इन समस्याओं को समाचर पत्र प्रमुखता से उठा रहा है। निश्चित रूप से आपकी हर समस्या का समाधान करवाया जाएगा। आपकी बात शासन-प्रशासन के पास पहुंचाई जाएगी। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में मीडिया समाज के प्रति हमेशा अपनी जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी से निभाता आया है। मीडिया आज भी तथ्यात्मक और निष्पक्ष रिपोर्टिंग में विश्वास रखता है, ताकि जनता को सही जानकारी मिले। मीडिया को लोगों की समस्याओं और मुद्दों को उठाना चाहिए। हम भी इसी ध्येय के साथ आगे बढ़ रहे हैं। सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों की आलोचना करना और उन्हें जवाबदेह ठहराना मीडिया का ही काम होता है। मीडिया अपने खबरों के माध्यम से लोगों को शिक्षित और जागरूक करता रहता है ताकि वे अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में जान सकें। 'अनंत ज्ञान' निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से अपनी पत्रकारिता को अंजाम दे रहा है। हमारे पत्रकार लोगों की समस्याएं उठाने में सक्षम हैं। वे हमेशा तथ्यात्मक रिपोर्टिंग को तवज्जो देते हैं। हम आम लोगों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हैं। आपका प्यार और विश्वास 'अनंत ज्ञान' के ऊपर इसी तरह से बना रहे इन्हीं कामनाओं के साथ आपसे अखबार के माध्यम से जल्द ही रू-ब-रू होंगे। धन्यवाद। **संपादक**

## पाठकों के पत्र...

मैं जिला ऊना के पिपलू ग्राम पंचायत का स्थायी निवासी हूं। महोदय हमारे क्षेत्र में जंगली जानवरों, नशाखोरी, और वन माफिया की समस्या प्रमुख है। यहां कृषि के कार्य से जुड़े लोग भी हैं। यहां लोग कृषि से जुड़े हैं इसलिए किसानों की समस्याएं भी हैं। इन समस्याओं को दूर करने के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रयास किया गया है। हमारी जानकारी पर कुछ समाचार प्रकाशित हुए भी हैं। अब तक आपका डिजिटल संस्करण पढ़ता हूं। अखबार की प्रति लेने के लिए बंगाणा एजेंसी भी जाना पड़ता है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र क्षेत्र के कई आसपास के गांवों में हॉकर्स के पास उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आपसे आग्रह है कि अगर कोई व्यवस्था हो पाए तो चमुखा, जटैहड़ी, पाखल्व आदि क्षेत्रों में समाचार पत्र पहुंचने की व्यवस्था की जाए। यहां जंगली जानवरों की समस्या गंभीर है जिसकी वजह से किसानों की फसलों का भी नुकसान होता है। इसके अलावा समाचार पत्र में रोजगार संबंधी समाचार और जानकारी होनी चाहिए।

**-महेंद्र सिंह, पिपलू ( ऊना )**

मैं जिला ऊना के टक्का ग्राम पंचायत का स्थायी निवासी हूं। महोदय हमारे क्षेत्र में अधिकांश लोग कृषि पर आधारित हैं। यहां जंगली जानवरों की समस्या प्रमुख है। हमारे गांव के साथ लगते जंगली क्षेत्र हैं। जंगली जानवरों खासकर बंदरों और नील गाय की समस्या से सब परेशान हैं। यहां अधिकांश लोग कृषि व्यवसाय से भी जुड़े हैं और किसानों की समस्याएं भी अधिक हैं। बेरोजगारी भी समस्या है। इन सभी समस्याओं को दूर करने के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रयास किया गया है। कृषि संबंधी जानकारी के कई समाचार प्रकाशित हुए भी हैं। अखबार का डिजिटल संस्करण पढ़ता हूं। डिजिटल संस्करण काफी रोचक लगा है। अखबार की प्रति लेने के लिए जिला मुख्यालय भी जाना पड़ता है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र क्षेत्र के कई आसपास के गांवों में हॉकर्स के पास उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आपसे आग्रह है कि अगर कोई व्यवस्था हो पाए, तो कोटला कलां से नारी आदि रूट पर समाचार पत्र पहुंचने की व्यवस्था की जाए। इसके अलावा समाचार पत्र में रोजगार संबंधी समाचार और जानकारी होनी चाहिए।

**-लक्की सैनी, टक्का ( ऊना )**

अनंत ज्ञान समाचार पत्र विपरीत परिस्थितियों के बावजूद दिनोंदिन विजय शिखर की तरफ बढ़ रहा है। अखबार में देश दुनिया के अलावा हिमाचल प्रदेश के शहर, उपमंडल और पंचायत स्तर की खबरों को प्रमुखता से उजागर किया जा रहा है जो कि सराहनीय है। समाचार पत्र अपने आप में संपूर्ण अखबार है। इसमें हिमाचल प्रदेश से जुड़ी खबरों का समावेश होने के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय और खेल जगत की खबरों को भी प्राथमिकता दी जा रही है। पाठकों को रोचक और पूरी जानकारी उपलब्ध करने के लिए अनंत ज्ञान समूह को ढेर सारी शुभकामनाएं।

**-चंद्रकांत शर्मा, ( सोलन )**

**पाठक अपने पत्र और सुझाव यहां भेज सकते हैं**
***Email : editoranantgyaan@gmail.com***
***Whatsapp no. : 88945-21702***

अनंत ज्ञान

प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### जरूरी मरम्मत के चलते बिजली रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, करसोग।** सहायक अभियंता बिजली बोर्ड चुराग, कृष्ण शर्मा ने बताया कि 22 केवी एचटी लाइन सब स्टेशन पांगण से विद्युत उपमंडल चुराग के अधीन आने वाले सभी अनुभागों में एचटी लाइन में लकड़ी की कड़िया बदलने का कार्य 3 से 8 सितम्बर के बीच करना सुनिश्चित हुआ है जिसके चलते सुबह 9 बजे से सांय 5 बजे तक या कार्य समाप्ति तक शट डाउन वांछित है। उन्होंने बताया कि 3 से 6 सितंबर को विद्युत अनुभाग माहुनाग के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र रूहनी से से सर्तयोला के बीच कार्य किया जाएगा जिसके चलते इस क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति सुबह 9 से सांय 5 बजे तक या कार्य समाप्ति तक बाधित रहेगी। 5 से 8 सितंबर को बगशाड के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र रेषटाधार, दुर्कानू, मेहड़नाला सरेच के बीच कार्य किया जाएगा जिसके चलते इस क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति कार्य समाप्ति तक बाधित रहेगी। 4 से 7 सितंबर को चुराग के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र रेषटाधार पेयजल योजना, शोरशन, धार, बेलर तथा टिककर तथा रेषटाधार पेयजल योजना के बीच कार्य किया जाएगा।

**अनंत ज्ञान, मंडी।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल साईगलू हुकम चंद ने देते हुए बताया कि कार्य के दृष्टिगत 3 सितम्बर को सुबह 10 बजे से सायं 6 बजे तक बीर, लॉग, कथयारी, बरयारा, धार, कठयाना, सदोह, नलहोग, तरनोह, भलेड़, खपरेहड़ा, घेरू, नेरन, थाम्बा, रोपड़ी तथा साथ लगते क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं के सहयोग की अपील की है।

### मार्च पास्ट में रजवाड़ी स्कूल रहा प्रथम



**आदर्श यादव, नैरचौक/बग्गी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रजवाड़ी में बल्ह खंड की अंडर-19 छात्राओं की खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ को हुआ। कार्यक्रम में उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, वहीं जिला परिषद सदस्य कोट बार्ड से जागृति राणा ने वशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट के माध्यम से सलामी दी, जिसमें रजवाड़ी स्कूल ने प्रथम स्थान, रिवालसर ने दूसरा व हटगढ़ ने तीसरा प्राप्त कर ट्रॉफी पर कब्जा किया है।

### अंडर-19 प्रतियोगिता का कन्या स्कूल में हुआ शुभारंभ



**अनंत ज्ञान, मंडी।** कन्या स्कूल मंडी में अंडर 19 (छात्रा) खंड स्तरीय 4 दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ एसडीएम सदर ओमकांत ठाकुर द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ओमकांत ठाकुर द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। विद्यालय प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में 22 स्कूल भाग ले रहे है जिनमें 18 सीनियर सेकेंडरी और 4 हाई स्कूल की कूल 320 छात्राएं भाग ले रही है।

### पांगणा में अंडर-19 गर्ल्स टूर्नामेंट शुरू



**पीयूष शर्मा, करसोग।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पांगणा में खंड स्तरीय (माहूंनाग ब्लॉक) गर्ल्स अंडर-19 खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ एक भव्य और उत्साहपूर्ण आयोजन के साथ किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व राज्य कार्यकारी सदस्य, महेशराज मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए मुख्यातिथि महेश राज ने विद्यालय के लिए 21000 रुपए की सहयोग राशि भेंट की। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्य संजय ने प्रतिभागी टीमों को अपनी शुभकामनाएं दीं ।

### सीएम सुक्खू पद से दें त्यागपत्र : चंदन पंडित

**अनंत ज्ञान, पधर।** भाजयुमो के पदाधिकारियों ने कांग्रेस सरकार पर जोरदार हमला बोला। भाजयुमो प्रदेश प्रवक्ता चंदन पंडित व भाजयुमो द्रंग मंडल महामंत्री नरेंद्र कुमार ने कहा कि विगत दिनों द्रंग विधानसभा क्षेत्र के राजबन व तेरंग गांव में जो प्राकृतिक आपदा हुई उसमें कई स्थानीय परिवारों को अपने परिवार जनों व अपने घरों को खोना पड़ा। भाजयुमो प्रदेश प्रवक्ता चंदन पंडित ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री सुक्खू ने आर्थिक आपदा घोषित कर रखी है। प्रदेश की जनता को दिखाने के लिए अपना व अपने मंत्रियों का दो महीनों का वेतन विलंबित किया जा रहा है, ताकि जनता में सहानुभूति बटोरी जा सके। दूसरी ओर सरकार में एक चेयरमैन की तनख्वाह में एक लाख की वृद्धि की गई है। ऐसी सरकार को सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है अतः प्रदेश के मुख्यमंत्री को अपने पद से त्यागपत्र दे देना चाहिए।

### लोक अदालत में 108 इंतकाल मामलों का हुआ निपटारा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट उपमंडल में 30 व 31 अगस्त को आयोजित राजस्व लोक अदालतों में 108 इंतकाल (म्यूटेशन) इंतकाल के मामले निपटाए गए। एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा ने बताया कि राजस्व लोक अदालत के पहले दिन यानी कि 30 अगस्त को चोलथरा और गोपालपुर जबकि दूसरे दिन 31 अगस्त को पटवारखाना, जमसाई (सरकाघाट) व बरच्छवाड़ में इंतकाल सत्यापन किया गया। पटवार वृत्तों के लंबित इंतकाल के मामलों का संबंधित क्षेत्रों के तहसीलदार व नायब तहसीलदार द्वारा निपटारा किया गया।

### जोनल स्तरीय प्रतियोगिता में भराड़ी स्कूल का रहा दबदबा



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** अंडर-14 (बालिका) धर्मपुर-प्रथम की जोनल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय उच्च विद्यालय हुक्कल में हुआ जिसमें 15 पाठशालाओं की खिलाड़ी छात्राओं ने भाग लिया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भराड़ी (सजाओ पीपलू) की खिलाड़ी छात्राओं ने कबड्डी में प्रथम स्थान, भाषण में प्रथम, मार्च पास्ट में प्रथम व चैस में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य बीडी कश्यप ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

### जोगिंद्रनगर में 5 व 17 को होगी वाहनों की पासिंग

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** 5 व 17 सितंबर को वाहनों की पासिंग होगी जबकि 6 व 18 सितंबर को ड्राइविंग टेस्ट लिया जाएगा। ड्राईविंग टेस्ट में भाग लेने के लिए ऑनलाइन स्लॉट बुक करवाना अनिवार्य होगा। एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीष चौधरी ने बताया कि ड्राइविंग टेस्ट में भाग लेने वालों को ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग करानी होगी। 6 सितंबर को होने वाले ड्राइविंग टेस्ट में भाग लेने वाले इच्छुक अभ्यर्थी 4 सितंबर को प्रातः 10 बजे से ऑनलाइन स्लॉट बुक करवा सकते हैं।

# चंदेश-पटड़ीघाट सड़क खुलने के नहीं आसार

**रितेश चौहान, सरकाघाट**



चंदेश-ज्वाली-पटड़ीघाट सड़क की हालत पर चिंतन करते ग्रामीण।

पिछले दो माह से बंद पड़ी चंदेश - ज्वाली-पटड़ीघाट सड़क के अब भविष्य में जल्द खुलने के कोई भी आसार नजर नहीं आ रहे हैं। सड़क खोलने के लिए भारी बरसात के बीच सोमवार को अधिशाषी अभियंता सरकाघाट चुनी लाल शर्मा, सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता के साथ सड़क को खोलने के लिए मझेड़ गांव पहुंचे, जहां उन्होंने पटड़ीघाट पंचायत के प्रधान विधि चंद व स्थानीय लोगों से सड़क खोलने के लिए सहयोग की अपील की, परंतु कुछ लोग सड़क को ऊपर व कुछ लोग सड़क को नीचे से निकलने के लिए अड़े रहे अधिशासी अभियंता द्वारा दोनों पक्षों को समझाने का काफी प्रयास किया, परंतु दोनों पक्षों में सड़क निकालने के लिए कोई भी सहमति नहीं बन पाई। अधिशासी अभियंता ने ग्रामीणों को दो टूक शब्दों में कह दिया कि विभाग बार-बार डिस्प्यूट को लेकर साइट पर नहीं पहुंच सकता है अगर यहां की जनता ने विभाग के नाम जमीन गिफ्ट डीड के रूप में नहीं दी तो भविष्य में इस सड़क का विभाग एक इंच भी काम नहीं करेगा।

गौरतलब है कि पिछली बरसात में यह सड़क पूरा पहाड़ बैठ जाने के कारण पूर्णतया खत्म हो गई थी। विभाग ने काफी मेहनत करके नए सिरे से इस सड़क को निकलना शुरू किया था, ताकि लोगों को परिवहन और यातायात की सेवाएं मिल सके परंतु लोगों ने सड़क निकालने का काम बंद करवा दिया।

स्थानीय लोगों में सड़क नीचे और ऊपर से निकालने को लेकर न सिर्फ विवाद चला है बल्कि लोग अपनी निजी जमीनी से किसी भी हाल में सड़क नहीं निकलने दे रहे हैं। अधिशासी अभियंता ने स्थानीय जनता से आग्रह किया है कि दोनों पक्ष आपस में एक हफ्ते के भीतर बातचीत कर के सहमति बनाई जाए, ताकि सड़क को खोला जा सके।

#### जमीन नहीं मिली तो नहीं बनेगी सड़क : चुन्नीलाल

अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सरकाघाट चुन्नीलाल शर्मा ने कहा कि लोग सड़क निकालने को लेकर बार-बार हंगामा कर रहे हैं। पुरानी सड़क बह चुकी है नई सड़क निकालने को लेकर विभाग तमाम मशीनरियां वहां भेजता है, तो लोगों द्वारा काम बंद करवा दिया जाता है, वह खुद दो बार मौका पर जा चुके हैं। साफ कह दिया है कि अगर गिफ्ट डीड जमीन मिलती है, तो सड़क बनाई जाएगी अगर यही हाल रहा, तो यहां पर सड़क किसी भी हाल में नहीं बनाई जा सकती है।

### नौ मील में चार घंटे बंद रहा एनएच

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** चंडीगढ़ मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग मंडी पडोह के नो मील के पास पहाड़ी से मलवा गाद आने से प्रात: 5 बजे से बंद है। गाद और कीचड़ की चपेट में 3 वाहन भी फंस गए। जिन्हें सुरक्षित निकालने में ज्यादा समय लगा। अन्यथा सड़क मार्ग 1 घंटे में पुन: सुचारू हो जाता। इस बार के एमसी निर्माण कंपनी ने सक्रियता के साथ काम करते हुए मात्र 3 घंटे में ही सड़क बहाल कर दी। मगर सड़क के दोनों ओर लगे जाम ने एक घंटे तक वाहनों को जाम कर रखा था। पुलिस ने बड़ी मशक्कत के बाद चार घंटे में एन एच को पुन: बहाल कर दिया। इस दौरान सड़क में फंसी कार जो ब्यास नदी में गिरने की कगार पर थी, सुरक्षित बचाने में कामयाबी मिली।

### ठेकेदार पेमेंट न मिलने पर करेंगे प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** सरकारी ठेकेदारों ने एसडीएम कार्यालय में जा कर एसडीएम मनीष चौधरी को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता पर गंभीर आरोप लगाए हैं, जिसमें कार्यों के पूरा होने के बावजूद भुगतान में अनुचित देरी और भाई-भतीजावाद का आरोप शामिल है। ठेकेदारों का कहना है कि उनके द्वारा समय पर और नियमबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने के बाद भी उन्हें भुगतान नहीं किया जा रहा। ठेकेदारों ने इस मामले में उच्च अधिकारियों से न्याय की मांग की है और विभाग में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने का आह्वान किया। पेमेंट नहीं होती है 3 सितंबर को लोक निर्माण विभाग के परिसर में प्रदर्शन करेंगे।

# मूक-बधिर संस्थान सुंदरनगर में बच्ची के साथ की मारपीट

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सुंदरनगर शहर के महामाया मंदिर के समीप स्थित मूक-बधिर संस्थान एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। मामले में संस्थान में तैनात महिला स्टाफ पर अनुसूचित जाति से संबंधित एक विशेष बच्ची के साथ मारपीट करने के गंभीर आरोप लगे हैं।

पुलिस थाना सुंदरनगर ने आरोपी महिला स्टाफ के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। पीड़ित पक्ष ने जिला कुल्लू में आरोपी के खिलाफ जीरो एफआईआर दर्ज कराने के बाद ऑनलाइन प्राप्त होने पर पुलिस थाना सुंदरनगर ने एफआईआर दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार जिला कुल्लू के शिशामाटी क्षेत्र के शिकायतकर्ता ने शिकायत दर्ज कराई है कि उनकी मूक-बधिर बेटी बीते 12-13 वर्षों से इस संस्थान के छात्रावास में पढ़ रही है। वर्तमान में पीड़ित बच्ची कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा है। शिकायतकर्ता पिता अनुसार बीते 18 अगस्त को वह अपनी बेटी को छात्रावास से घर कुल्लू लेकर आए। इस दौरान बच्ची ने अपनी दादी को बताया कि बीते 7 से 10 अगस्त के मध्य छात्रावास की महिला स्टाफ ने उसे बालों से पकड़ कर जोर-जोर से घुमाया और सिर पर हाथों से मारपीट की। इसके अलावा आरोपी महिला ने पीड़ित बच्ची को इस घटना को लेकर छात्रावास के किसी भी व्यक्ति और घर पर बताने पर छात्रावास से बाहर निकालने की धमकी दी। पीड़िता के पिता ने बताया कि उनका परिवार अनुसूचित जाति से संबंध रखता है और उनकी बच्ची की जाति को लेकर प्रताड़ित किया जा रहा है। पीड़ित बच्ची के पिता की शिकायत के आधार पर जिला कुल्लू पुलिस में जीरो एफआईआर दर्ज करने के बाद पुलिस थाना सुंदरनगर ने एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

#### मामले पर क्या बोले डीएसपी सुंदरनगर

**डीएसपी** सुंदरनगर भारत भूषण ने कहा कि जिला कुल्लू पुलिस से ऑनलाइन माध्यम से जीरो एफआईआर प्राप्त होने पर पुलिस थाना सुंदरनगर में एफआईआर दर्ज किया गया है।

पीड़ित बच्ची अभी अपने घर कुल्लू में मौजूद है। भारत भूषण ने कहा कि पुलिस द्वारा छात्रावास में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी खंगाला जा रहा है। मामले में पुलिस की आगामी जांच जारी है।

### मतदान केंद्रों की ड्राफ्ट सूचियां प्रकाशित : डीसी

**अनंत ज्ञान, मंडी**



जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिला मंडी की सभी 10 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों 26-करसोग, 27-सुंदरनगर, 28-नाचन, 29-सिराज, 30-द्रंग, 31-जोगिंद्रनगर, 32-धर्मपुर, 33-मंडी, 34-बल्ह और 35-सरकाघाट की मतदान केन्द्रों की प्रारूप सूचियां लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की घारा 25 के प्रावधानों के अनुसार तैयार कर दी गई हैं।

यह सूचियां जनसाधारण के नि:शुल्क निरीक्षण के लिए 2 सितम्बर से लेकर 8 सितम्बर तक उपायुक्त कार्यालय, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एसडीएम करसोग, सुंदरनगर, गोहर, थुनाग, पधर, जोगिंद्रनगर, धर्मपुर, मंडी, बल्ह और सरकाघाट, जिला की सभी तहसीलों व उप तहसीलों उपलब्ध रहेंगी।

उन्होंने कहा कि इन मतदान केंद्रों की सूची के संबंध में कोई आपत्ति या सुझाव को उपायुक्त कार्यालय या संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एसडीएम के कार्यालय में 8 सितम्बर, 2024 तक प्रस्तुत किया जा सकता है। आपत्तियों और सुझावों का निपटारा जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा 12 सितंबर, 2024 तक किया जाएगा।

### डीसी मंडी ने की माता हाटेश्वरी मंदिर के विकास कार्यों की समीक्षा

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



मंदिर में दर्शन के दौरान उपायुक्त अपूर्व देवगन।

जिला मंडी के डीसी अपूर्व देवगन ने सोमवार को प्रसिद्ध शक्तिपीठ हाटेश्वरी माता के मंदिर का दौरा किया। इस मौके पर मंदिर प्रबंधन कमेटी ने उन्हें सम्मानित करते हुए माता की चुनरी भेंट की।

इस मौके पर डीसी मंडी ने माता हाटेश्वरी पूजा-अर्चना भी की। उन्होंने मंदिर कमेटी से विकास कार्यों की भी समीक्षा की। वहीं मंदिर कमेटी ने डीसी मंडी से कमेटी ने सुलभ शौचालय बनाने की बात कही। इस पर डीसी मंडी ने इस काम के लिए फंड देने का आश्वासन दिया है। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष नंद लाल ठाकुर ने बताया कि डीसी मंडी ने मंदिर के विकास कार्यों के लिए 15 लाख देने का आश्वासन दिया है। इसके अलावा डीसी मंडी ने पंचायत के द्वारा शौचालय के निर्माण में तेजी लाने के भी आदेश दिए।

### बागाचनोगी स्कूल रहा ऑल राउंड बेस्ट

**नूतन प्रकाश ठाकुर, बालीचौकी**



विजेताओं को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि।

सराज जोन अंडर 14 गर्ल्स की खेलकूद प्रतियोगिता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बागाचनोगी में संपन्न हुई। इस खेल प्रतियोगिता में स्थानीय पाठशाला की टीम को ऑल राउंड बेस्ट का खिताब दिया गया। प्रतियोगिता का समापन प्रदेश कांग्रेस कमेटी के विचार विभाग के चेयरमैन विजयपाल सिंह ने किया।

खेल प्रतियोगिता के वॉलीबाल मुकाबले में बागाचनोगी को प्रथम व धरवारथाच को द्वितीय, कबड्डी में धरवारथाच को प्रथम व भाटकीधार को द्वितीय, बैडमिंटन में बागाचनोगी प्रथम, व हेलन को द्वितीय, खो खो में जंजैहली प्रथम व बागाचनोगी द्वितीय, लोकनृत्य में, बागाचनोगी व संगलवाड़ा को संयुक्त विजेता वह हेलन को उपविजेता चुना गया।

### महिला व रिश्तेदारों की फोटो एडिट कर सोशल मीडिया पर पोस्ट करने पर केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

महिला और उसके रिश्तेदारों की फोटो को अज्ञात आरोपी द्वारा गलत तरीके से एडिट और अभद्र भाषा का प्रयोग कर फेसबुक और इंस्टाग्राम पर पोस्ट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला मंडी जिला के सुंदरनगर के चांबी क्षेत्र की रहने वाली है। शिकायतकर्ता महिला की शिकायत के आधार पर महिला पुलिस थाना मंडी स्थित भ्यूली ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है। जानकारी अनुसार पीड़ित महिला ने महिला पुलिस थाना मंडी में शिकायत दर्ज कराई है कि किसी अज्ञात आरोपी ने उसकी और उसके रिश्तेदारों की तस्वीरों को गलत तरीके से एडिट कर और अभद्र भाषा का प्रयोग करके फेसबुक और इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है।

शिकायतकर्ता महिला की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। पुष्टि करते हुए एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि पीड़िता के बयान के आधार पर एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि आरोपी की शिनाख्त को लेकर जांच की जा रही है।

### एमजेसीएम स्कूल लेदा ने अंडर-14 में किया शानदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, लेदा**



प्रतियोगिता के दौरान सामूहिक चित्र में छात्राएं।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरसवान में तीन दिवसीय अंडर-14 कन्या खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत रिवालसर जोन के स्कूलों ने भाग लिया। वहीं सोमवार को संपन्न हुई खेलकूद प्रतियोगिता में एमजेसीएम पब्लिक स्कूल लेदा का प्रदर्शन सराहनीय रहा है। जानकारी देते हुए स्कूल प्रिंसिपल हंसराज शर्मा ने बताया कि इस खेलकूद प्रतियोगिता में स्कूल की बेटियों ने खो-खो में पहला, शतरंज में पहला व दूसरा, डेक्लेमेशन में पहला, एकल गायन तथा लोक नृत्य में पहला स्थान, वन एक्ट प्ले में दूसरा स्थान व सांस्कृतिक कार्यक्रम में ऑलराउंडर ट्रॉफी पर कब्जा किया। हंसराज शर्मा ने बताया कि इस खेलकूद प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विभिन्न खेलों व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में से 6 छात्राओं का चयन जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए भी हुआ है। इस शानदार प्रदर्शन के लिए एमजेसीएम स्कूल के प्रिंसिपल ने सभी बच्चों, अध्यापकों, अभिभावकों व मैनेजमेंट को शुभकामनाएं दी है।

### प्रशिक्षु डॉक्टर पर जानलेवा हमला चिंतनीय : पंकज



**अनंत ज्ञान, मंडी।** नेरचौक मेडिकल कॉलेज में प्रशिक्षु डॉक्टर पर हुए हमले पर चिंता व्यक्त करते हुए भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पंकज जमवाल ने प्रदेश में लगातार बिगड़ रही कानून व्यवस्था पर कहा कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए लगता है कि प्रदेश पुलिस ने माफियाओं और अपराधियों के आगे अपने हथियार डाल दिए हैं और हिमाचल में सभी प्रकार के अपराधियों को अपराध करने की खुली छूट दे रखी है। कानून व्यवस्था की ऐसी चिंताजनक स्थिति कभी नहीं बनी।

## टेक चंद भंडारी को मिलेगा 'वैश्विक शिक्षक रत्न अवार्ड'

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



जोगिंद्रनगर की भराडू पंचायत के गड्डही गांव के राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता टेक चंद भंडारी को 8 सितंबर अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में वैश्विक शिक्षक रत्न अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

यह सम्मान अंतरराष्ट्रीय समरसता मंच और राष्ट्रीय समता मंच द्वारा प्रदान किया जाएगा। राष्ट्रीय समता मंच के सचिव विवेक स्वामी ने बताया कि भंडारी को इस अवार्ड के लिए चयनित किया गया है। इस अवसर पर वैश्विक समरसता सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि नेपाल के प्रथम उपराष्ट्रपति न्यायमूर्ति परमानंद झा और नेपाल सरकार की उपाध्यक्ष लोकसभा इंदिरा राणा होंगी।

भंडारी ने कहा कि इस पुरस्कार के मिलने के बाद उनके अवार्ड्स की संख्या सात हो जाएगी।

## लाभ सिंह बने किसान यूनियन के प्रधान

**कविता, पधर**



कार्यकारिणी सदस्य सामूहिक चित्र में।

हिमाचल किसान यूनियन अराजनैतिक दरंग ब्लाक के चुनावों में लाभ सिंह ठाकुर को लगातार चौथी बार सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया। वहीं भड़वाहन से दया राम को वरिष्ठ उप प्रधान, विमला देवी भड़वाहन उप प्रधान, माया देवी नारला सचिव, बह पंचायत से शिव राम को मुख्य सलाहकार, दुनी चंद चेली को कोषाध्यक्ष चुना गया। कचौटधार पंचायत से लाल सिंह ठाकुर, अच्छरू राम ठाकुर, धर्म सिंह कुन्नू, रोशन लाल चेली, इंद्र सिंह रिटायर डिप्टी रेंजर बड़ीधार, बालक राम पाली, शिव राम रिटायर अधीक्षक बह पंचायत, कर्म सिंह टूहीधार, निलमा देवी भड़वाहन, सुनील कुमार चुक्कू, देवी सिंह नौहली, लक्ष्मण सिंह पालसरा उरला, दुनी चंद डलाह, मंघरू राम सियुन, ओंकार चंद डलाह, शंकु राम गवाली, हरदेव सिंह बड़ीधार, शेर सिंह कुफरी को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया।

## चरस रखने के दोषी को 10 वर्ष का कठोर कारावास

**अनंत ज्ञान, मंडी**

माननीय विशेष न्यायाधीश मंडी की अदालत ने एक अहम मामले में आरोपी सुजीत भगवान कामले को 1.036 किलोग्राम चरस रखने का अपराध सिद्ध होने पर 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा के साथ एक लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना अदा न करने की सूरत में अदालत ने दोषी को एक वर्ष के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई है।

जिला न्यायवादी मंडी विनोद भारद्वाज ने बताया कि इस मामले में 24 नवंबर 2022 को सुजीत भगवान कामले के खिलाफ पुलिस थाना सदर में मामला दर्ज हुआ था। इस मामले में अभियोजन पक्ष ने अदालत में 10 गवाहों के बयान कलमबद्ध करवाए थे। अभियोजन एवं बचाव पक्ष की दलीलें सुनने के बाद अदालत द्वारा सुजीत भगवान कामले पुत्र भगवान कामले निवासी संकल्प वसहत चाल महाराष्ट्र बताया द्वारा 1.036 ग्राम चरस रखने का अपराध, संदेह की छाया से परे सिद्ध पाया गया और दोषी को सजा सुनाई गई।

**आयुर्वेदिक** — दाड़ु का तुड़ान शुरू : करसोग में दाड़ू कर रहा लोगों की आर्थिकी सुदृढ़

# अनेक रोगों की दवा है दाड़ू का अनारदाना

**अनंत ज्ञान, करसोग**

जंगली अनार जिसे स्थानीय भाषा में 'दाड़ू' कहते हैं उसका पांगणा उप तहसील क्षेत्र में तुड़ान शुरू हो गया है। पज्याणु निवासी रमेश शास्त्री व सुभाष पालेकर प्राकृतिक खेती की जिला मंडी की सलाहकार लीना शर्मा का कहना है कि दाड़ू पूर्णत: प्राकृतिक और जैविक फल है।

इसमें किसी भी प्रकार के कीटनाशक छिड़काव व रासायनिक खाद का प्रयोग नहीं होता। दाड़ु के बीजों का धूप में सुखाया बीज ही अनारदाना कहलाता है। अनारदाना खट्टा मीठा वात, पित्त, कफ रोग नाशक है। अनारदाना तृप्तिदायक, वीर्यवर्द्धक, बुद्धिवर्धक तथा बल दायक माना गया है। दाड़ु का कंटीला वृक्ष मध्य आकार का होता है। दाड़ू का यह वृक्ष पांगणा, सुईं-कुफरीधार, मशोग, गलयोग सीणी, परेसी, धार-बेलर, बलिंडी, काण्ढा, बगसाड़, साहज, नान्ज, तत्तापानी, बसंतपुर पंचायतों सहित सभी स्थानों पर पाए जाते है। दाड़ू के फल के भीतर मणियों के समान लाल कांति वाले दाने ही अधिकतर प्रयोग में लाए जाते है।

दाड़ू के फल की बाहर की छाल निकालकर इन दानों को धूप में सूखा लिया जाता है। कच्चा अनारदाना सफेद रंग का तथा कसैला और पक्का अनारदाना लाल व खट्टा मीठा होता है।



दाड़ू के दानों को सुखाते हुए डॉक्टर जगदीश शर्मा।

दाड़ू लोगों की आर्थिकी के लिए प्रकृति का वरदान है। डॉक्टर जगदीश शर्मा का कहना है अनारदाना अनेक रोगों की औषधि भी है। प्रत्येक घर में अनारदाने की चटनी का प्रयोग होता है। इसके सेवन से पाचन संबंधित रोगों का नाश तो होता ही है, शरीर में दिन भर स्फूर्ति भी बनी रहती है। अनारदाना बलकारक पित्तनाशक, वात विनाशक हल्का शीतल होता है।

#### अनारदाना का दाडिमाष्टक चूर्ण

**अनारदाना** से दाडिमाष्टक चूर्ण बनाया जाता है। यह चूर्ण आमातिसार, अग्निमान्द्य, अरुचि खांसी, हृदय की पीड़ा, पसली के दर्द, ग्रहणी और गुल्म नाशक है। दाड़िमावलेहका प्रयोग पित्तविकार दाह, अम्लपित्त, रक्त पित, क्षय, प्यास, अतिसार संग्रहणी, कमजोरी नेत्र रोग आदि विकारों में किया जाता है। यह मस्तक और हृदय को बल देता है। अनारदाना के वरिष्ठ व्यवसायी धर्मपाल गुप्ता का कहना है कि आजकल अनारदाना का मूल्य 300 रुपए से 500 रुपए प्रति किलोग्राम है।

## रोबोटिक सर्जरी करने वाला हिमाचल का पहला अस्पताल बना आस्था



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

आस्था मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सेंटर चक्कर मंडी द्वारा रोबोटिक मशीन के अनावरण के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में श्री लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. डीके वर्मा बतौर विशेष अतिथि उपस्थित रहे। डॉक्टर संदीप कालिया द्वारा रोबोटिक मशीन पर जानकारी दी।

वहीं डॉक्टर डीके वर्मा ने बताया कि हिमाचल में लाई गई अत्याधुनिक मशीन मील का पत्थर साबित होगी। इंडियन मेडिकल एसो. के प्रेसिडेंट डॉ. करणबीर सिंह, सेक्रेटरी डॉ. मंजुल शर्मा के साथ मंडी, बिलासपुर के अन्य डॉक्टर मौजूद रहे। बता दें कि कांता शर्मा के घुटने का प्रत्यारोपण किया गया था। यह आस्था मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल चक्कर मंडी में वर्ष 2010 में किया गया पूरे हिमाचल में घुटने प्रत्यारोपण का पहला मामला था।

शांति देवी, रामस्वरूप अपने घुटने के प्रत्यारोपण के बाद केदारनाथ यात्रा पूरी करके आए थे, उनको भी सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर हरीश बहाल द्वारा की गई।

### पेंशनर्स का 5 को विधानसभा में होगा प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पथ पेंशनर कल्याण संगठन, मंडी इकाई की विशेष आम सभा सोमवार को केडी अवस्थी की अध्यक्षता में वरिष्ठ नागरिक भवन मंडी में आयोजित की गई। इस दौरान 5 सितंबर को विधानसभा के बाहर होने वाले धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए रणनीति बनाई गई।

पथ पैशनर कल्याण संगठन मंडी इकाई के प्रधान अनूप कपूर ने बताया कि मांगों को लेकर सरकार व परिवहन मंत्री को जगाने के लिए 5 सितंबर को एचआरटीसी मुख्यालय, शिमला पुराने बस अड्डा पर धरना व विधानसभा मार्च का फैसला लिया है।

उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शन में मंडी से लगभग 180 पैशनर भाग लेंगे। सरकार के पास दो दिन का समय है।

# जय मणिमहेश, मिटें क्लेश









## केदारनाथ की तर्ज पर मिले मणिमहेश श्रद्धालुओं को सुविधाएं

**भरमौर।** मणिमहेश यात्रा के दौरान लोगों ने यहां पर केदारनाथ की तर्ज पर सुविधा मुहैया करवाने की मांग की है। मणिमहेश यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं का कहना है कि सरकार व प्रशासन को मिलकर यहां पर केदारनाथ धाम की तर्ज पर सड़क बनाने का प्रारूप तैयार करना चाहिए। जिसमें घोड़े व खच्चरों के लिए अलग ट्रैक बनाया जाए और एक अलग ट्रैक चौड़ा आदमियों के आने-जाने के लिए बनाया जाए।

गौरतलब है इस बार उम्मीद से अधिक श्रद्धालुओं के यहां पहुंचने पर प्रशासन को इस यात्रा को सही तरीके से चलाने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा है। तो वहीं पर पैदल चलने वाला रास्ता ठीक न होने के कारण यहां आने जाने वाले श्रद्धालुओं व स्थानीय लोगों ने भी कई सवालियां निशान खड़े किए हैं। जिस कारण मणिमहेश यात्रा के दौरान पुख्ता प्रबंध को लेकर प्रशासन की भी खूब किरकिरी हुई है। हालांकि जानकारों की माने तो यहां पर इस बार उम्मीद से कई गुना अधिक श्रद्धालुओं ने मणिमहेश की यात्रा की है जिसके कारण रास्ता तंग होने के चलते श्रद्धालुओं को इस यात्रा के दौरान कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा है। यहां पर मणिमहेश यात्रा को लेकर कुछ वर्ष पहले ट्रस्ट का गठन भी कर दिया गया है। जानकारों की माने तो हर वर्ष यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं की तादाद बढ़ सकती है। लिहाजा प्रशासन व सरकार को अभी से ही इस यात्रा को सुचारू रूप से चलाने के लिए नए तरीके से सोचना होगा। जिसमें सबसे पहले यहां पर आने व जाने के लिए अलग-अलग चौड़े रास्ते का निर्माण करना होगा जो 4 से 6 फीट तक चौड़ा हो। इसी तरह केदारनाथ धाम की तर्ज पर घोड़े व खच्चरों के लिए अलग सा रास्ता बनाया जाए ताकि यात्रा के दौरान कोई भी अनहोनी घटना न हो।

मणिमहेश यात्रा के दौरान रास्ता तंग होने के चलते कई बार श्रद्धालुओं की यात्रा को एक तरफ रोकना भी पड़ा है। तो वहीं पर हर किसी बारिश होने पर रास्ता तंग होने के चलते दुर्घटनाओं का अंदेशा यहां पर हर समय बन रहा है। हालांकि प्रशासन की ओर से हर वर्ष इस यात्रा के सफल आयोजन के लिए करोड़ों रुपए खर्च किया जाता है।





## न्यूज ब्रीफ

### गरोला स्कूल में कबड्डी व खो-खो मुकाबले करवाए



**अनंत ज्ञान, चंबा।** जेएसडब्ल्यू विद्युत परियोजना 240 मेगावाट गरोला द्वारा सोमवार को गरोला सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कबड्डी व खो-खोमैच खेले गए। जानकारी देते हुए जेएसडब्ल्यू विद्युत परियोजना की प्रमुख संजीव महाजन व एचआर एंड एडमिन हेड गुलशन राणा सीएसआर के जितेंद्र कुमार ने कहा कि इसके अतिरिक्त यह विद्युत परियोजना इस तरह की खेलकूद किट ग्राम पंचायत लांमू में भी वितरित करेगी, ताकि जनजातिय क्षेत्र की दूरदराज पंचायत के लोगों को बाहर नहीं जाना पड़े वह आने वाले युवा पीढ़ी घर द्वार खेलकूद प्रतियोगिता के लिए प्रैक्टिस कर सकें। विद्युत परियोजना के अधिकारियों ने कहा कि इस तरह के कार्यों के लिए विद्युत कंपनियां हमेशा आगे रहती है।

### तीसा अस्पताल में बढ़ा डायरिया के मरीजों का आंकड़ा

**आजम डार, चुराह।** मानसून में बारिश के कारण पीने के पानी में गंदगी फैलने के ज्यादा आसार रहते हैं वही गंदा पानी पीने से बीमारियों के फैलने की भी आशंकाएं बढ़ जाती है ऐसी कड़ी में चंबा से लेकर तहत तीसा के नागरिक अस्पताल में गंदा पानी पीने से डायरिया के मामले बढ़ रहे हैं अस्पताल में हर रोज 120 से लेकर 150 तक के लोग अपना उपचार करवाने के लिए आ रहे हैं नागरिक अस्पताल के बीएमओ डॉक्टर ऋषि पुरी ने लोगों से पानी उबाल कर पीना चाहिए। बीएमओ ऋषि पूरी नागरिक अस्पताल तीसा का कहना है की लोग पानी उबाल कर पिएं।

### पुरानी मंडी के काली मंदिर में आग पर नाचे गूर



**अनंत ज्ञान, मंडी।** पुरानी मंडी के काली मंदिर में वार्षिक जाग का आयोजन किया गया। इसमें तीनों देवियों ने शिरकत कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। जलती हुई आग के अंगारों पर गुरों ने नृत्य किया और अंत में काली मंदिर में प्राचीन परंपरा निभाई गई। श्रद्धालुओं ने काली माता के जयकारे कर सारा वातावरण गुंजायमान कर दिया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। जाग पूर्ण होने पर लोगों ने होम की विभूति का तिलक कर उसे घर ले गए। इसके साथ ही काली मंदिर में सभी देवियों के गुरों ने पूरी रात प्राचीन परंपरा का निर्वहन किया।

## इनडोर खेल स्टेडियम में बने स्विमिंग पूल : डीसी

**ओपी शर्मा, चंबा**

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने कहा कि जिला मुख्यालय के समीप निर्मित होने वाले इनडोर खेल स्टेडियम में स्विमिंग पूल की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी संबंधित एजेंसी के साथ समन्वय स्थापित कर जल्द प्रारूप (डिजाइन) को अंतिम रूप प्रदान करवाएं। उपायुक्त ने यह निर्देश आज जिला में जारी विभिन्न विकासात्मक कार्यों तथा योजनाओं के तहत प्रगति की समीक्षा को लेकर आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक (मंडे मीटिंग) की अध्यक्षता करते हुए दिए।



अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए उपायुक्त।

जिला मुख्यालय के समीप निर्मित होने वाले इनडोर खेल स्टेडियम के निर्माण कार्यों को शुरू करने के लिए विभिन्न विषयों पर समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने स्विमिंग पूल के डिजाइन को जल्द अंतिम रूप प्रदान करने के लिए जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी को संबंधित एजेंसी के साथ समन्वय स्थापित करने को कहा ताकि कार्य को जल्द शुरू किया जा सके। मुकेश रेपसवाल ने बैठक में नगर परिषद चंबा के तहत गीले कचरे तथा निर्माण अपशिष्ट प्रबंधन के लिए अतिरिक्त स्थलों के निर्माण को लेकर सभी संबंधित अधिकारियों को विभागीय प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा।

डीसी ने निर्माणाधीन गौ सदन मंजीर के तहत कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। विभागीय अधिकारी ने बैठक में अवगत किया कि एक माह की अवधि के भीतर निर्माण कार्यों को पूर्ण कर लिया जाएगा। मुकेश रेपसवाल ने जिला के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में होर्डिंग, साइन बोर्ड इत्यादि लगाने को लेकर सहायक आयुक्त तथा ज़िला पर्यटन विकास अधिकारी को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

### स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 15 से शुरू

**उपायुक्त** मुकेश रेपसवाल ने कहा कि जिला में 'स्वभाव स्वच्छता- संस्कार स्वच्छता' थीम पर आधारित स्वच्छता ही सेवा-2024 पखवाड़े का आयोजन 15 सितंबर से 1 अक्तूबर तक किया जाएगा। वह आज स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त कार्यालय के राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के वीडियो कॉन्फ्रेंस कक्ष में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। उपायुक्त ने ज़िला में स्वच्छता पखवाड़े के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जन सहभागिता के आधार पर गतिविधियों का आयोजन करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपमंडल स्तर पर सभी एसडीएम को समीक्षा बैठक करने को निर्देशित किया।

## लंगर समिति के पानी बंद करने के सभी आरोप निराधार : विवेक

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

भरमौर में पिछले दिनों लंगर समिति के चेयर पर्सन द्वारा पानी बंद करने के आरोपो को जल शक्ति विभाग ने पूरी तरह से निराधार बताया है। सहायक अभियंता जल शक्ति विभाग उपमंडल भरमौर विवेक चंदेल ने कहा है कि उन्हें लंगर समितियां द्वारा कोई भी पानी की सप्लाई देने का प्रार्थना पत्र नहीं मिला है।



विवेक चंदेल व पानी आने की जानकारी देती महिला।

सहायक अभियंता विवेक चंदेल ने कहा कि यहां जल आपूर्ति का मुख्य उद्देश्य मूलरूप से पीने के पानी के उपयोग के लिए निर्धारित है। इस जल आपूर्ति का प्राथमिक उद्देश्य स्थानीय निवासीयों के लिए पीने का पानी, खाना पकाने और साफ-सफाई जैसी बुनियादी आवश्यक्तों को पूरा करना है।

गौरतलब है पिछले दिनों अपने आप को मणिमहेश लंगर समिति की चेयरपर्सन बताती हुई एक महिला ने अपना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया था। जबकि इस विषय में सहायक अभियंता विवेक चंदेल ने कहा कि उनकी जानकारी में ऐसा कोई भी लंगर नहीं था। जिसके लिए पानी की सप्लाई लेने हेतु प्रार्थना पत्र आया हो जैसे ही उन्हें जानकारी मिली है पानी की सप्लाई बहाल कर दी गई है। इसके अतिरिक्त इस महिला ने यहां पर भरमौर व्यापार मंडल पर भी कई तरह के आरोप लगाए थे।

## चंबा-तीसा मार्ग को सुधारने के आदेश जारी

**आजम डार, चुराह**

चंबा जिला के अंतर्गत आने वाले चंबा तीसा मुख्य मार्ग पर जगह-जगह ब्लैक स्पॉट को सुधारने के लिए चुराह उप मंडल प्रशासन ने पीडब्ल्यूडी विभाग को सख्त दिशा निर्देश दिए हैं ताकि आने वाले समय में लोगों को परेशानियों का सामना न करना पड़े।

एसडीएम चुराह शर्मा ने कहा है कि यह मार्ग पहाड़ी इलाकों में स्थित है और यहां काफी संख्या में वाहनों की आवाजाही रहती है ऐसे में इस मार्ग पर किसी तरह का कोई सड़क हादसा न हो इसके लिए पीडब्ल्यूडी विभाग को समय रहते ब्लैक स्पॉट पर कार्य करने की आवश्यकता है। वहीं चुराह एसडीएम शशि पाल शर्मा का कहना है की विभाग को इसके बारे कड़े निर्देश कर दिए गए हैं की जहां भी क्रैश बैरियल या पैराफिट लगाने की आवश्यकता है तो वहां पर वह कार्य जल्द से जल्द शुरू किया जाए।

**ब्लैक स्पॉट पर कार्य करने की आवश्यकता**

## सोशल मीडिया पर लंगर न लगाने के आरोप लगाना गलत : रंजीत

**अनंत ज्ञान, भरमौर (चंबा)**

व्यापार मंडल भरमौर की कार्यकारिणी की आपातकालीन बैठक सोमवार को लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में आयोजित की गई जिसमें गत दिनों से सोशल मीडिया माध्यम से एक महिला द्वारा जोकि खुद को लंगर संस्था की चेयरपर्सन बता रही है द्वारा आरोप लगाया जा रहा है कि व्यापार मंडल भरमौर हमारा लंगर नही लगने दे रहा है।

व्यापार मंडल के प्रधान रंजीत शर्मा ने बताया कि यह सरासर गलत व निराधार है उन्होंने बताया कि लंगर की अनुमति प्रशासन देता किसे कहां पर लंगर लगाना है वह खुद तय करता है। इस मामले को लेकर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी भरमौर कुलवीर सिंह राणा को लिखित शिकायत की गई है जिसमें उक्त महिला द्वारा जो आरोप लगाया जा रहा है इसकी गहनता से छानबीन की जाए। महिला द्वारा भरमौर मे 60 रुपए परौंठा व 40 रुपए चाय कौन दुकानदार बेच रहा है।

उसका नाम सार्वजनिक करे अन्यथा माफी मांगे। व्यापार मंडल भरमौर उक्त महिला के खिलाफ कानूनी जानकारों से बात करने बाद कानूनी कार्रवाई करने जा रहा है। पवित्र मणिमेहश यात्रा के दौरान लूणा से लेकर डल के बीच 60 के आस पास लंगर लगे है। व्यापार मंडल के प्रधान रंजीत शर्मा ने बताया कि महिला के खिलाफ अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी भरमौर से व्यापार मंडल के कोर कमेठी, कार्यकारिणी सदस्य, जोन प्रभारी की मौजूदगी में शिकायत की गई है, इसकी प्रतिलिपि उपायुक्त चंबा व पुलिस अधीक्षक चंबा को भी दी गई है। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी कुलवीर सिंह राणा ने व्यापार मंडल के सदस्य को बताया कि जिस लंगर की बात की जा रही उसे अभी तक अनुमति नहीं दी गई है।



## बड़ी जातर में दिखी पौराणिक संस्कृति

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

भरमौर के चौरासी मंदिर परिसर में चल रहे 9 दिवसीय स्थानीय जातर मेलों की आज बड़ी जातर का आयोजन हुआ। इस में भरमौर जनजातीय उपमंडल की पौराणिक संस्कृति का प्रदर्शन स्थानीय पंचायतों के विभिन्न गावों के युवक युवतियों ने अपने पौराणिक भेष भूषा में सामूहिक नृत्य करते हुए दिया। वर्षों से चली आ रही परंपरा का निर्वहन करते हुए भरमौर, सहनू मौहल्ला, गोरपटा, गोसन, धरकोटा, पंसेई, सेरी, गोठडू, सवानपुर, सचुई, बाड़ी तथा आसपास की घरेड, ग्रीमा, खनी आदि पंचायतों के सैंकड़ों लोगों ने अपनी भेष भूषा में सामूहिक नृत्य किया।



विजयी टीमों को पंचायत प्रधान सम्मानित करते हुए व (नीचे)नृत्य करते युवक।

चौरासी मंदिर के मुख्य पंडाल में बकायदा रस्सी लगाकर, पुलिस की मौजूदगी में ये नृत्य पिछले कई वर्षों से होता रहा है। आधुनिकता की दौड़ को छोड़ कर स्थानीय युवक युवतियां जमकर इसमें भाग लेने लगे हैं। भरमौर के प्रधान अनिल कुमार, सचू ई के प्रधान संजीव ठाकुर, हाल ही में सेवानिवृत्त हुए उपनिदेशक उच्च शिक्षा प्यार सिंह चढ़ाक, पूर्व प्रिंसिपल प्रकाश भारद्वाज, प्रवक्ता कृष्ण पखरेटीया आदि ने बताया कि युवाओं द्वारा अपनी संस्कृति को बढ़ाने का ये प्रयास सराहनीय है।

उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे अधिक से अधिक लोक संस्कृति को बढ़ाने में अपना बहुमूल्य सहयोग दें ताकि इतनी रिच संस्कृति को विश्व प्रसिद्धि मिले। वैसे भी भरमौर का पुरुषों का चोला, डोरा तथा महिलाओं की लुआंचड़ी, चिड़ी, चंदरहार आदि काफी विख्यात हो चुकी हैं तथा अधिकतर कार्यक्रमों में इनकी धूम है। जो आधुनिकता की दौड़ में बहुत बड़ी उपलब्धि है।

## पड़ोसी ने की गोली मारकर कुत्ते की हत्या

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पारिवारिक विवाद के चलते कोर्टमोर्स गांव में एक व्यक्ति ने पड़ोसी के कुत्ते को गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार बताया जा रहा है।

पीड़ित परिवार ने पड़ोसी के खिलाफ सदर थाना में शिकायत दर्ज करवा कर निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है। परिजनों में अंजू देवी ने बताया कि गांव के साथ लगते जंगल में हमारे कुत्ते को गोली मारी गई है। हमें आशंका है कि आरोपी हमारे परिजनों के ऊपर भी हमला कर सकता है, इसलिए आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। एएसपी सागर चंद्र ने बताया कि मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

## बनीखेत का नेचर पार्क बहा रहा बदहाली के आंसू

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

हिमाचल प्रदेश वन विभाग मंडल डलहौजी द्वारा बनीखेत नर्सरी में एक नेचर पार्क तैयार करने का बीड़ा उठाया था जिसकी कुल लागत लगभग 6 करोड़ के आसपास थी जिसमें कि उस समय की भाजपा की जयराम सरकार ने इस कार्य को मंजूरी देते हुए 25 लाख रुपए की पहली किस्त भी जारी की थी, जिस किस्त में वनमंडल डलहौजी द्वारा खूबसूरत छोटे-छोटे हट्स, पक्के रास्ते, चारों तरफ पक्की फेंसिंग, छोटे नालों पर पुलियां, स्वागत के लिए बड़ा गेट, कमरों एवं शौचायलयों का निर्माण करवाया गया था।

निर्माण कार्य जोरों पर था कि अचानक भारत में कोरोना ने दस्तक दी और निर्माण कार्य पर अंकुश



लग गया इस दौरान सरकार भी बदली लेकिन निर्माण कार्य चालू नहो सका।

जहां इन लोगों द्वारा चारों तरफ गंदगी फैलाई गई है भारी तोड़फोड़ की गई है जिससे ऐसा प्रतीत होता है जैसे कई वर्षों से इसकी कोई गौर ही नहीं की गई हो। इस बारे में जब डीएफओ डलहौजी रजनीश महाजन से बात की गई तो उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि बड़े ही दुख की बात है कि लोगों के लिए बनाई जा रही धरोहर का स्थानीय लोगों द्वारा ही चोरी कर सामान को अपना निशाना बनाना, नशा करने के उपरांत चारों तरफ गंदगी फैलाना, निर्माणकार्यों में तोड़फोड़ करना यह हैरानी का विषय है। उन्होंने यह भी बताया कि वन मंडल डलहौजी नेचर पार्क को लेकर राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार को अपनी रूपरेखा तैयार कर भेज चुका है और वन विभाग को पूर्ण उम्मीद है कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार कार्य को लेकर जरूर संजीदगी जाहिर करेंगे और इस निर्माण कार्य को जल्द ही पूरा करने हेतु अगली किस्त जारी होगी जिससे वन विभाग इस कार्य को आगे बढ़ते हुए जल्द ही इस कार्य को पूरा कर इलाके के लिए एक मिसाल पेश करेगा। लोगों ने केंद्र एवं राज्य सरकार से गुहार लगाई है कि जल्द से जल्द इस कार्य को पूरा किया जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### मतदान केंद्रों की सूचियों का प्रारूप प्रकाशित

**कुल्लू।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने कहा कि लाहौल-स्पीति के मतदान केंद्रों की सूचियों का प्रारूप प्रकाशित कर दिया है। लाहौल-स्पीति के 21-लाहौल-स्पीति विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्रों की सूचियों का लोक प्रतिनिधित्य अधिनियम-1951 की धारा 25 के प्रावधानानुसार प्रारूप में प्रकाशित (ड्राफ्ट पब्लिकेशन) कर दी गई है। लिहाजा प्रारूप में प्रकाशित मतदान केंद्रों की सूचियां जिला निर्वाचन कार्यालय लाहौल-स्पीति स्थित केलंग तथा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एसडीएम केलंग एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उदयपुर, काजा के कार्यालयों में 8 तक जनसाधारण के निरीक्षणार्थ के लिए उपलब्ध रहेंगी। वहीं, जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कुल्लू के चारों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों 22- मनाली, 23-कुल्लू, 24-बंजार, और 25-आनी के मतदान केंद्रों की प्रारूप सूचियां लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 25 के प्रावधानानुसार तैयार की गई हैं, जिनकी एक प्रति कार्यालय समय के दौरान डीसी कार्यालय, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एसडीएम मनाली, कुल्लू, बंजार तथा आनी व जिले की समस्त तहसीलों/उप-तहसीलों के कार्यालयों में आठ सितंबर तक जनसाधारण के निशुल्क निरीक्षण के लिए उपलब्ध हैं। यदि उपरोक्त वर्णित मतदान केंद्रों की सूचियों के संदर्भ में कोई आपत्ति / सुझाव हो तो अधोहस्ताक्षरी तथा संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में 8 तक प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

### जांच शिविर के बारे में जानकारी प्रदान की



**आनी।** एसडीएम आनी नरेश वर्मा की अध्यक्षता में उपमंडल स्तरीय रेडक्रॉस की बैठक का आयोजन एसडीएम सभागार में किया गया। इस दौरान उन्होंने बीते साल का रेडक्रॉस का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया और दिव्यांगता जांच शिविर के बारे में जानकारी प्रदान की। इसके अलावा उन्होंने आय और व्यय का लेखा-जोखा भी प्रस्तुत किया। विभिन्न बीमारियों से पीड़ित लोगों और उनके ईलाज पर सोसायटी द्वारा किए गए खर्च का ब्यौरा भी बैठक में प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात उन्होंने इस साल आयोजित होने वाले दिव्यांगता जांच शिविर के बारे में बैठक में अधिकारियों और सदस्यों के साथ चर्चा की। जल्द ही आनी में दिव्यांगता जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम दिव्यांगजनों की पहचान करेगी। शिविर के आयोजन के लिए एसडीएम ने सभी सदस्यों और अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करने की अपील की।

### ईशान को रूपी घाटी छात्र संगठन की कमान



**कुल्लू।** छात्र संगठन रूपी घाटी की नई कार्यकारिणी का सोमवार को गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष ईशान ठाकुर व सचिव राहुल डढ़वाल को बनाया गया। इसी के साथ उपाध्यक्ष प्रतिक ठाकुर, चिराग शर्मा व सच सचिव अभय गुलेरिया, धीरज ठाकुर, चैयरमैन प्रियांशु शर्मा, अंशु सिंह कैशियर आदित्य नेगी, मेहुल धामी, मीडिया प्रभारी अभी ठाकुर, ललित, चंदन व कल्चरल सेक्रेटरी चुना गया। कार्यकारिणी की अध्यक्षता पूर्व में रहे अध्यक्ष व सचिव आशुतोष ठाकुर, भानु नेगी की अध्यक्षता में पूर्ण की गई। ईशान ठाकुर ने सभी छात्र साथियों का आभार जताते हुए कहा कि वह पूरे मन व लग्न से रूपी घाटी छात्र संगठन के हित के लिए कार्य करेंगे।

### पेंशनर की सभी लंबित मांगें जल्द पूरी की जाएं

**पतलीकूहल।** हिमाचल पेंशनर महासंघ नग्गर खंड की मासिक बैठक शुभम कैफे कटराईं में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान लालचंद ठाकुर ने की। इस बैठक में हिमाचल पेंशनर महासंघ के वरिष्ठ उपप्रधान पूर्ण देव शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में पेंशनर संघ के लगभग 32 सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में पेंशनर से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में पेंशनर महासंघ नग्गर खंड के प्रधान ने सरकार से आग्रह किया कि पेंशनर की सभी लंबित मांगें तुरंत प्रदान की जाएं। सरकार ने 75 वर्ष पूरे कर चुके 50 फीसदी एरियर देने की घोषणा की है, लेकिन 75 वर्ष से नीचे कम आयु वाले पेंशनरों को भी इसी तर्ज सरकार द्वारा घोषणा की जाए। अगस्त 2024 की पेंशन 2 सितंबर 2024 को भी न मिलने से पेंशनर वर्ग मे भारी रोष है।

### जीत राम बने समाजसेवा संस्था के उपाध्यक्ष



**कुल्लू।** कुल्लू जिला समाज सेवा संस्था की बैठक नव नियुक्त अध्यक्ष हेमा ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें हेमा ठाकुर ने सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का गठन किया और जीतराम सचवाल को उपाध्यक्ष मनोनीत किया। यज्ञ चंद भूमासी महासचिव, तेजस्वी सिंघानिया सह सचिव तथा दिनेश पहल कोषाध्यक्ष और नरेंद्र कुमार को प्रभारी नियुक्त किया गया। वहीं, जिला समाज सेवा की अध्यक्ष हेमा ठाकुर ने कहा कि अब हमारी कार्यकारिणी बन गई है और पूरी कार्यकारिणी एकजुट होकर कुल्लू के विकास कार्य और सामाजिक कार्य में कोई कमी नहीं आने देगी। वहीं, उपाध्यक्ष जीतराम सचवाल ने कहा कि उनको जो संस्था ने उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी है, उसे वह बखूबी निभाएंगे और पूरी टीम के साथ कंधा से कंधा मिलाकर कुल्लू के विकास और सामाजिक कार्य में कोई कमी नहीं आने देंगे व नशे के विरुद्ध कार्य करेंगे, जिसमें स्कूलों में शिविर लगाकर और महिला मंडलों के साथ मिलजुलकर इस अभियान को जोर देंगे।

### डीसी ने पोषण रैली को किया रवाना



**कुल्लू।** महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वाधान में कुल्लू में 7वें राष्ट्रीय पोषण माह का सोमवार से शुभारंभ हुआ। डीसी कुल्लू तोरूल एस रवीश ने जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की निकाली गई पोषण आहार जागरूकता रैली को हरी झंडी देकर रवाना किया व कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जागरूकता रैली डीसी कार्यालय मार्ग से होते हुए प्रदर्शनी मैदान तक निकाली गई। डीसी ने बताया कि एक माह तक चलने वाले इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनीमिया, बृद्धि निगरानी, पूरक आहार, समग्र पोषण की थीम पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। पूरक पोषाहार के प्रमुख विषयों पर ध्यान केंद्रित करने के साथ-साथ पोषण, स्वस्थ व स्तनपान के महत्व आदि के बारे में लोगों को जागरूक किया जाएगा।

### फीस जमा न करवाने पर सदस्यता होगी रद्द



**कुल्लू।** एसएसबी प्रशिक्षित गुरिल्ला संगठन की मासिक बैठक ढालपुर मैदान में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता महिला अध्यक्ष धनवंती ठाकुर ने की, जबकि ऑल इंडिया गुरिल्ला संगठन के चेयरमैन प्रीतम सिंह ठाकुर विशेष तौर पर उपस्थित रहे। एसएसबी प्रशिक्षित गुरिल्ला संगठन की महिला अध्यक्ष धनवंती ने कहा कि फीस जमा न करवाने पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में लगे मामले में फीस जमा न करवाने पर एसएसबी प्रशिक्षित गुरिल्ला संगठन के सदस्यों की सदस्यता रद्द कर दी जाएगी। अभी तक 400 सदस्यों ने फीस जमा नहीं करवाई है। आगामी बैठक तक फीस जमा करवाने की सख्त हिदायत दी गई है। आगामी माह तक कोर्ट की फीस जमा नहीं करवाई, तो सूची से नाम काट दिया जाएगा। अब हर बैठक में हर एक सदस्य की ओर से 50 रुपए जमा किए जाएंगे। प्रीतम ने बैठक में सदस्यों की संख्या कम रहने पर चिंता जताई।

# टांकरी लिपि से पहाड़ी संस्कृति के प्रति जागरूकता फैला रहे यतिन पंडित

**कुल्लू के सुल्तानपुर से संबंध रखने वाले टांकरी विशेषज्ञ यतिन पंडित आज प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन चुके हैं। यतिन पंडित पहाड़ी संस्कृति, पहाड़ी इतिहास, देव संस्कृति और हिमाचल की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के लिए लगातार प्रयारत हैं और उनके ये प्रयास धीरे-धीरे रंग भी ला रहे हैं। यतिन युवाओं सहित अन्य लोगों को ऑनलाइन व कार्यशालाओं के माध्यम से टांकरी लिपि सीखा रहे हैं। यतिन पंडित से अनंत ज्ञान के प्रतिनिधि सुरेंद्र तिबोगपा ने विशेष बातचीत की, जहां पर टांकरी लिपि व हिमाचल के इतिहास, संस्कृति और देव संस्कृति में इसके महत्व के बारे में चर्चा की गई। पेश हैं उनसे हुई बातचीत के कुछ अंश:-**

**सवाल: यतिन जी सबसे पहले तो हम आपसे आपका परिचय जानना चाहेंगे?**

**जवाब:** नमस्कार मेरा नाम यतिन पंडित है और मैं कुल्लू के सुल्तानपुर का निवासी हूं। वर्तमान में मेरा परिचय टांकरी सिखाने वाले के रूप में है। मैं लिपियों के ऊपर कार्य कर रहा हूं और न सिर्फ टांकरी, बल्कि हिमाचल प्रदेश की सभी लिपियों के प्रति भी रुचि रखता हूं। मुख्य रूप से पाबूची, चंडवानी भट्ठाक्षरी और पंडवानी शामिल हैं। इसके साथ ही मुझे भोटी लिपि में भी बहुत रुचि है। मूल रूप से मैं इतिहास का विद्यार्थी हूं और मैं अक्सर अपनी संस्कृति के मूल तत्वों को ढूंढने की कोशिश करता हूं, विशेष रूप से देव संस्कृति को क्योंकि देव संस्कृति के इर्द-गिर्द ही हमारा इतिहास जुड़ा हुआ है।

**सवाल: यतिन टांकरी लिपि विशेषज्ञ कहलाना और टांकरी विशेषज्ञ बनने तक का सफर कैसा रहा?**

**जवाब:** देखिए, टांकरी लिपि विशेषज्ञ कहलाना फिलहाल इसे मैं उचित नहीं समझता क्योंकि मैं मानता हूं कि मुझे अभी भी बहुत कुछ सीखना बाकी है, मगर हां उस स्तर को छूने का प्रयास जरूर है। यह सत्य है कि मैं टांकरी लिपि की जानकारी रखता हूं और लोगों को सिखाने का भी प्रयास करता हूं। मैं अपनी हर कार्यशाला में एक बात जरूर कहता हूं कि लिपि को सिखना एक बात है, जबकि लिपि को समझना दूसरी बात है क्योंकि लिपि को सीखने में समय नहीं लगता, बल्कि समझने में ज्यादा समय लगता है। मैंने भी लिपि को सीखने से लेकर समझने तक का सफर तय किया है और फिलहाल अपने सफर से में बहुत संतुष्ट हूं।



**सवाल: विलुप्त होती टांकरी लिपि को सहेजना और उस पर कार्य करना कितना मुश्किल और चुनौतीपूर्ण?**

**जवाब:** ये बात तो सही है कि टांकरी लिपि विलुप्त होने की कगार पर खड़ी है। इसे सहेजना और इस पर काम करना चुनौतीपूर्ण सफर रहा है। पहली चुनौती तो टांकरी लिपि को सीखना और समझना था। यह तो भला हो भाषा अकादमी का कि उन्होंने एक वर्कशॉप लगाई, जिसमें लोक कवि हरि कृष्ण मुरारी, जो कि कांगड़ा से थे। उन्होंने हमें पहली बार टांकरी वर्णमाला से परिचय करवाया। इसके बाद हमने उस कार्य को आगे भी जारी रखा। इसको सहेजने का सफर काफी चुनौतीपूर्ण था।

**सवाल: टांकरी लिपि के बारे में आपको कैसे पता चला और किस तरह से लिपि के प्रति आपकी रुचि बढ़ी?**

**जवाब:** मैं मूल रूप से इतिहास का विद्यार्थी रहा हूं और मुझे इतिहास हमेशा आकर्षित करता है, जब में कुल्लू का इतिहास पढ़ रहा था, तो सहज रूप से टांकरी लिपि के बारे में पता चला। मुझे पता चला कि हमारे बहुत से ऐसे अभिलेख, पुराने कागज हैं, वो टांकरी लिपि में अंकित थे, तो वहां से लिपि के प्रति मेरी रुचि बढ़ती गई। टांकरी के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानकारी जुटाने लगा, मगर जब तक मैंने टांकरी कार्यशाला में हिस्सा नहीं लिया था और लिपि का अभ्यास नहीं किया था, तब तक मैं सीखने के स्तर तक भी नहीं पहुंच पाया था। तो यही मेरी यात्रा रही है मैंने कुल्लू सहित अन्य जिलों के इतिहास को समझने के लिए इस लिपि को सीखा और सही मायनों में 2016 के बाद ही मेरी ये यात्रा शुरू हुई है।

**सवाल: कितनी महत्वपूर्ण है टांकरी लिपि और सहेजना कितना जरूरी?**

**जवाब:** देखिए, टांकरी लिपि पहाड़ी संस्कृति और पहाड़ी इतिहास के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण लिपि है। मध्यकाल के इतिहास का बहुत बड़ा हिस्सा टांकरी लिपि में ही अंकित है। उस समय के राजाओं के आपसी संधि पत्र, ताम्रपत्र, यहां तक की राजस्व विभाग के बहुत से पुराने कागज टांकरी लिपि में ही लिखे गए थे। इसके साथ ही देवी-देवताओं के मोहरों पर, मंदिरों में, भंडारगृह में बहुत से अभिलेख टांकरी लिपि में अंकित मिलेंगे। इन्हीं सभी अभिलेखों को पढ़ने और लिखने वाले लोगों की आवश्यकता है।

**सवाल: क्या टांकरी के प्रति लोगों के नजरिए में बदलाव आ रहा है?**

**जवाब:** देखिए टांकरी लिपि के प्रति लोगों का नजरिया तो बदला है। वर्ष 2019 में जो स्थिति थी और आज जो स्थिति है, वो अब परिवर्तित हो चुकी है। मैंने वर्ष 2019 में टांकरी लिपि को सीखने के बाद वर्ष 2020 में लोगों को सिखाने के लिए कार्यशालाएं लगाना आरंभ कर दिया था, जिसमें मेरी पहली कार्यशाला अकादमी के साथ थी, जहां पर करीब 60 से 70 लोगों को लिपि का प्रशिक्षण दिया गया और इनमें से बहुत से प्रशिक्षु कॉलेज प्रोफेसर ओर पीएचडी के छात्र थे। जब बहुत से शिक्षण संस्थानों में कार्यशाला लगी, तो ऐसे में लोगों के अंदर भी इस लिपि के प्रति जागरूकता आई।

**सवाल: टांकरी के अलावा कौन-कौन से ऐसे विषय हैं, जिनमें आपकी रुचि है?**

**जवाब:** टांकरी लिपि के अलावा बहुत से ऐसे विषय हैं जिनमें मेरी रुचि है, जैसे वर्तमान में मैं ज्योतिष शास्त्र का भी विद्यार्थी हूं और भारतीय ज्योतिष के अलावा वेस्टर्न एस्ट्रोनॉमी, अंतरिक्ष विज्ञान में भी बेहद रुचि रखता हूं। इसके अलावा व्यंग्य विद्या और यंत्र विद्या में मेरी विशेष रुचि है। मेरा आरंभ ही व्यंग्य विद्या से हुआ है।

**सवाल: भविष्य में कौन-कौन सी योजनाएं जिस पर काम करना चाहते हैं?**

**जवाब:** भविष्य में हम आशियां कला मंडल के साथ जुड़ कर भाषा विभाग, भाषा अकादमी और अन्य वरिष्ठ जन जो भी हमें अब तक सहयोग करते आए हैं, उन सबके साथ जुड़ कर कार्य शुरू करेंगे। फिलहाल भाषा और लिपि को लेकर ही हमारी बहुत सी योजनाएं हैं कि किस तरह से लिपियों का ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार हो और किस तरह से पुरातन लिपियों को और बोलियों को सहेज कर संरक्षित किया जाए। दूसरा ये कि हम विभिन्न शिक्षण संस्थानों में जाकर और कार्यशालाएं लगाएंगे, जहां पर प्रशिक्षु बच्चों के अंदर लिपि और भाषा के प्रति समझ को पैदा करेंगे।

**सवाल: नई युवा पीढ़ी को टांकरी लिपि या फिर किसी अन्य विषय को लेकर क्या कुछ सलाह देना चाहेंगे?**

**जवाब:** मैं आज की युवा पीढ़ी को यही सलाह देना चाहूंगा कि टांकरी लिपि और शारदा लिपि में एक मंगलाचरण आता है, जिसका मतलब होता है कि 'एक साधे सब सधे और सब साधे सब जाए' इसलिए वर्तमान में आप जिस भी विधा को साध रहे हैं उस पर ही समय देकर कार्य करें, बाकी अन्य चीजों को छोड़ दें क्योंकि एक साथ बहुत से कार्य करने से अच्छा है कि एक समय पर एक ही काम पकड़ें और उस पर पूरी मेहनत कर उस विधा को साधने से ज्यादा अच्छे परिणाम मिल सकते हैं और आप विशेषज्ञ के स्तर को छू सकते हैं।

# चिट्टे व चरस के साथ दो गिरफ्तार

## पंजाब के युवक के कब्जे से 10 ग्राम चिट्टा व गधेरनी में व्यक्ति से 32 ग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**

मनाली व पतलीकूहल में दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने चरस व चिट्टे के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस की जानकारी के अनुसार पुलिस थाना मनाली में एनडीपीएस एक्ट के तहत दो मामले पंजीकृत हुए हैं, जिसमें पहले मामले में पुलिस थाना मनाली की टीम ने गश्त के दौरान ठाकुर ढाबा मोडी (गधेरनी) के समीप एक व्यक्ति के कब्जे से 32 ग्राम चरस बरामद की।



व्यक्ति की पहचान महेंद्र सिंह (33 वर्ष) पुत्र पूर्ण सिंह निवासी गांव सचान डाकघर वोचिंग तहसील पधर जिला मंडी के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना मनाली में धारा 20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ है। वहीं, दूसरे मामले में पुलिस थाना मनाली की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर मॉडल टॉउन मनाली के एक निजी होटल में चैकिंग के दौरान कमरा नंबर-103 से जॉनसन (36 वर्ष) पुत्र बूटा राम निवासी गांव व डाकघर हैरन तहसील नकोदर जिला जालंधर (पंजाब) के कब्जे से 10 ग्राम चिट्टा बरामद किया। आरोपी के खिलाफ थाना मनाली में धारा-21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ है। उधर, डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि उक्त दोनों मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

### रुद्रा दी अल्टीमेटम ने आयोजित की सौंदर्य प्रतियोगिता

# अन्वेशा जंबाल बनी कुल्लू क्वीन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**



रुद्रा दी अल्टीमेटम द्वारा आयोजित सौंदर्य प्रतियोगिता में केरायसन की अन्वेशा जंबाल कुल्लू क्वीन बनी हैं। जंबाल के सिर 8वां मिस कुल्लू का ताज सजा।

मनाली की अदिति नेगी फर्स्ट रनरअप, जबकि मनाली की अंकिता शर्मा सेकेंड रनरअप रहीं। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे समाजसेवी डॉक्टर विनायक ने विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से बेटियों को अपनी कला व प्रतिभा को सामने लाने के लिए अवसर मिलता है। निश्चित ही रुद्रा द अल्टीमेट का आयोजन प्रशंसनीय है। समाजसेवी एवं सेवानिवृत्त शिक्षक सतीश सूद ने निर्णायक मंडल में अहम भूमिका निभाई। आयोजक सूरज नेगी ने कहा कि वह पिछले आठ साल से लगातार मिस कुल्लू प्रतियोगिता का आयोजन करते आ रहे हैं। उन्होंने प्रतियोगिता में सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार जताया।

### गांव में आज भी दूध के दाम काफी कम: मोती राम

**कुल्लू।** हिमाचल दुग्ध उत्पादक संघ कुल्लू के प्रतिनिधिमंडल द्वारा संयोजक मोती राम कटवाल की अध्यक्षता में दुग्ध उत्पादकों की समस्याओं व मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को दुग्ध खरीद सहायक, दुग्ध अभिशितन केंद्र मौहल के माध्यम से ज्ञापन दिया। प्रतिनिधिमंडल में हिमाचल किसान सभा के राज्य कमेटी सदस्य नारायण सिंह चौहान, महेंद्र सिंह राणा, दुग्ध उत्पादक संघ कुल्लू के सदस्य राजेश ठाकुर आदि उपस्थित रहे। हिमाचल दुग्ध उत्पादक संघ के संयोजक मोती राम कटवाल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की 90 प्रतिशत आबादी गांव में रहती है। आज प्रदेश में जो किसान पशु पालन से जुड़े हैं और दूध बेचते हैं, उन्हें दूध का सही दाम नहीं मिल रहा है। गांव में आज भी दूध के दाम 22 रुपए से 35 रुपए प्रति लीटर तक मिल रहे हैं, जो कि लागत मूल्य से काफी कम है।

# विधायक ने सरकार को बदनाम करने का किया काम : केहर

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

हिमाचल प्रदेश वन विकास निगम के वाइस चेयरमैन केहर सिंह खाची ने कहा कि बंजार के शील सुराग में हरे पेड़ों को काटने का मामला मात्र एक छलावा है।

यह बात उन्होंने कुल्लू के परिधि गृह में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने बंजार में वनों के अवैध कटान पर स्थानीय विधायक सुरेंद्र शौरी द्वारा लगाए गए आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि विधायक शौरी की ओर से वन कटान को लेकर जो आरोप लगाए गए हैं। वह पूरी तरह निराधार हैं। विधायक का आरोप है कि वहां पर देवदार के पेड़ों का कटान हुआ है, लेकिन न तो उस क्षेत्र में देवदार का कोई पेड़ है और न ही जो स्लीपर वहां हैं, उनमें कोई देवदार का स्लीपर है, बल्कि तोष व रई के पेड़ ही वहां पर हैं। विधायक ने सरकार को बदनाम करने का काम किया है। वह स्वयं उस जगह का दौरा कर आए हैं और वहां पर फॉरेस्ट कॉरपोरेशन के द्वारा 836 पेड़ों को काटने के लिए ठेका दिया गया है। हालांकि वहां पर 16 हरे पेड़ों को काटने पर वन विभाग के द्वारा एफआईआर दर्ज की गई है, जिसको लेकर जांच जारी है, लेकिन जिस तरह से स्थानीय विधायक के द्वारा 400 देवदार के हरे पेड़ों को काटने की बात कही गई है वह झूठी है। वन निगम के द्वारा पूरे मामले की छानबीन की गई, तो पता चला कि यहां पर कोई भी देवदार का पेड़ नहीं काटा गया है। (अनंत ज्ञान)



वन विकास निगम के वाइस चेयरमैन केहर सिंह खाची प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए।

### पहली बार हुआ करोड़ों रुपए का मुनाफा

**हिमाचल** में बैलेंस शीट तैयार की गई है, जिसमें फॉरेस्ट कारपोरेशन को पहली बार करोड़ों रुपए का मुनाफा हुआ है। प्रदेश में अलग-अलग फॉरेस्ट कारपोरेशन में जगह-जगह सरकार को करोड़ों रुपए फायदा हुआ है। फॉरेस्ट कारपोरेशन निरंतर जंगलों में संपदा जो सूखी है और गिरे हुए पेड़ हैं, उनको कारपोरेशन के माध्यम से समय पर इमारती लकड़ी के लिए इकट्ठा कर सेल की जा रही है, जिससे सरकार को करोड़ों का फायदा हो रहा है। पर्यावरण संरक्षण के लिए आमजनमानस व सभी पार्टियों के नेताओं कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों को पौधरोपण अभियान में अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण करना चाहिए, ताकि भविष्य में हिमाचल प्रदेश हरा-भरा हरियाली और सुंदरता बनी रहे।

### जंगल का ड्रोन से किया सर्वेक्षण

**विभाग** के अधिकारियों ने ड्रोन के माध्यम से भी जंगल का सर्वेक्षण किया, जिसमें पता चला की मात्रा 16 हरे पेड़ ही इसमें काटे गए हैं। बंजार के विधायक के द्वारा इस मामले को बेवजह तूल दिया गया और सरकार को बदनाम करने का काम किया गया।

### कुल्लू व लाहौल की चोटियों में बर्फबारी

**केलांग।** कुल्लू व जनजातीय क्षेत्र लाहौल-स्पीति की ऊंची चोटियों पर हो रही बर्फबारी से मौसम कूल-कूल हो गया है। हालांकि लाहौल-स्पीति व कुल्लू के निचले क्षेत्रों में अभी भी दिन के समय गर्मी है, लेकिन दोनों जिलों के अधिक ऊंचाई वाले कुछ क्षेत्रों व चोटियों में हो रही बर्फबारी से मौसम में ठंडक महसूस की जा रही है। वहीं, सोमवार को निचले क्षेत्रों में जहां बारिश की हल्की बौछारों से मौसम ठंडा हुआ। वहीं, ऊंचे क्षेत्रों में बर्फ के फाहे गिरे, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई। रोहतांग सहित अन्य चोटियों पर बर्फबारी का दौर जारी रहा। बारालाचा दर्रे सहित रोहतांग व कुंजुम दर्रे ने बर्फ की हल्की चादर ओढ़ ली है। पर्यटन नगरी मनाली में सुबह से ही बारिश का क्रम शुरू हो गया, जो दिन भर जारी रहा। रोहतांग सहित शिंकुला, कुंजुम, बारालाचा दर्रों में बर्फ की सफेद परत बिछ गई। हालांकि मनाली-लेह, मनाली काजा, मनाली जंस्कर मार्ग पर वाहनों की आवाजाही सुचारु है, लेकिन मौसम के तेवर ऐसे ही रहे तो राहगीरों की दिक्कत बढ़ सकती है।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने निकाली रैली

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

सोमवार को पतलीकूहल में सातवां राष्ट्रीय पोषण अभियान शुरू किया गया। इसमें पतलीकूहल फिश फार्म से लेकर पतलीकूहल चौक होते हुए नग्गर पुल तक जागरूकता रैली निकाली गई।

सीडीपीओ ने बाकायदा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया, जिसमें सही पोषण करेगा देश रोशन जैसे नारे लगाए गए। बालविकास परियोजना अधिकारी धनीराम ने कहा कि सीडीपीओ नग्गर-कटराईं के मुख्यालय से पोषण सप्ताह की शुरुआत की गई, जिसमें ब्लॉक की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा एक जागरूकता रैली निकाली गई। सभी आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से इस वर्ष का विषय पोषण बढ़ाकर खून की कमी को दूर करना है। वहीं, एक व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें हिमाचल की कोई भी महिला भाग ले सकती है।



## एनएच 305 पर जलोड़ा के समीप पलटी जीप, एक व्यक्ति को आई मामूली चोटें

**अनंत ज्ञान बंजार**

सोमवार को सैंज-आनी-ओट नेशनल हाईवे 305 पर आनी कुल्लू के बीच सोझा के समीप जलोड़ा में एक जीप बीच सड़क पर पलट कर दुर्घटना ग्रस्त हो गई। जीप में दो व्यक्ति सवार थे, जिनमें से एक व्यक्ति सुमित 38 निवासी पालमपुर को सर पर हल्की चोटें लगी हैं। दुर्घटना की सूचना मिलते ही बंजार के सिविल अस्पताल से एंबुलेंस सेवा व पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और घायल को प्राथमिक उपचार के लिए सिविल अस्पताल बंजार ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के पश्चात उसे छुट्टी दे दी गई है। बताया जा रहा है कि जीप काजा से जलोड़ी दर्रे होते हुए बंजार पालमपुर की ओर जा रही थी, इसी बीच सोझा और घियाघि के बीच जलोड़ा के समीप चालक जीप पर से नियंत्रण खो बैठा और जीप सड़क पर ही पलट गई।



**दीक्षा** लाहौल-स्पीति की तोद घाटी में जांस्कर के पदुम निवासी लामा नावंग पलदन सीखा रहे मंत्रोच्चारण

# चार गांवों की महिलाएं सीख रहीं 'छोद पूजा' का मंत्र

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

लाहौल-स्पीति की तोद घाटी में इन दिनों छोद पूजा के मंत्र की दीक्षा दी जा रही है।

लाहौल घाटी के तोद घाटी के गांव दारचा, योचे, जिस्पा और गेमुर की महिलाएं समय निकाल कर छोद पूजा के मंत्र की दीक्षा ग्रहण कर रही हैं। छोद पूजा के मंत्र को बहुत ही पवित्र मंत्र माना जाता है। इस पवित्र मंत्र की दीक्षा तोद घाटी के ही अंतर्गत आने वाले 4 गांवों की महिलाओं को दी जा रही है। तोद घाटी की महिलाओं को लोक ज्योति बोद्ध विहार गेमुर में लामा नवांग पलदन के द्वारा छोद पूजा मंत्र की दीक्षा दी जा रही है। जांस्कर के पदुम निवासी लामा नावंग पलदन इस पुनीत कार्य में सभी महिलाओं को छोद पूजा मंत्र की दीक्षा देने के साथ-साथ इस पवित्र मंत्र के बारे में विस्तार के साथ जानकारी साझा कर रहे हैं। लामा नवांग पलदन के अनुसार अभी घाटी की महिलाओं को मंत्रोच्चारण कैसे और किस तरह से करना है इस बारे जानकारी दी जा रही और इस मंत्र उच्चारण के क्या लाभ हैं और किस तरह इस मंत्र का उच्चारण करना है इस बारे में भी जानकारी दी।



घाटी की महिलाएं जब तक इन पवित्र मंत्रों का सही से उच्चारण सिख नहीं जातीं, तब तक सभी इच्छुक महिलाओं को दीक्षा दी जाएगी। लोक ज्योति बोद्ध विहार गेमुर में दीक्षा के लिए आने वाली महिलाएं, जहां कामकाज को निपटा कर बचने वाले समय का सदुपयोग पवित्र बौद्धमंत्रों को सीखने में इस्तेमाल कर रही हैं वो सराहनीय है। तोद घाटी में बौद्ध धर्म की मान्यता है और स्थानीय लोग बौद्ध धर्म का ही अनुसरण करते हैं। लामा नवांग पलदन ने घाटी के लोगों से अपील करते हुए कहा कि सब मिलकर बौद्ध धर्म, दर्शन व संस्कृति के लिए अपना यथासंभव सहयोग दें।

**PUBLIC NOTICE**

Dated: 02.09.2024

It is hereby informed to General Public at large that Sh. Parvinder Singh Chawla son of Sh. Mahinder Singh R/o Mohal Shamshi, Hadbast Number-35/85, Patwar Circle-Khokan, Tehsil Bhunter, and District Kullu (H.P.) Property Situated on Khata/Khatauni No. 1300/1582, Khasra No. 2674/1220, 2678/2502/1221 kitta-02 as per Jambandi for the year 2014-2015, Land Measuring 00-03-00 Bigha Situated at Mohal Shamshi, Hadbast Number 35/85, Patwar Circle-Khokan, Tehsil Bhunter, and District Kullu (H.P.) One Original Sale Executed by Smt. Tara Devi W/o Sh. Baldev Singh sale deed vide Reg. No. 805/1991 Dated 30.04.1991 as in favour of Smt. Gur Charan Kaur W/o Sh. Mahinder Singh, has been Lost/Misplaced. A Police report has also been registered in this regard vide Complaint No. 033, Dated 02/09/2024 at PS Bhunter. If anybody found the said lost documents, then may contact to undersigned and anybody having claim or claiming any prior rights or interest in any manner in this property or has raised Objection by depositing the aforesaid document to any person/bank/ corporation/ financial institution any approach the undersigned and submit objection within 7 days from the date of this public notice. After the expiry of period of this no claim shall be entertained and such claim shall be deemed to be false, fake, frivolous, fraudulent and baseless claim and shall have no value in the eyes of law.

Mohit Bali, Advocate District Court Kullu distt. Kullu (H.P.)
Mob. 70184-00078

## न्यूज ब्रीफ

### नाटक के माध्यम से केरल की संस्कृति को दर्शाया



**पांवटा साहिब।** विकास खंड पांवटा साहिब के माजरा राजकीय उच्च विद्यालय कानसर में एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत केरल राज्य की संस्कृति को प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों द्वारा नृत्य और नाटक के माध्यम से केरल की संस्कृति को दर्शाया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रभारी अनिल शर्मा, एक भारत श्रेष्ठ भारत प्रभारी नेहा शर्मा, बबीजा शर्मा, कल्पना देवी आदि मौजूद थे। विद्यार्थियों ने केरल के पारंपरिक नृत्य और नाटक के माध्यम से केरल की संस्कृति को प्रस्तुत किया, जिसमें केरल के पारंपरिक वेशभूषा, संगीत और नृत्य का प्रदर्शन किया।

### आईटी की आवश्यकताओं को लेकर दी जानकारी



**सोलन।** इंफोसिस कंपनी की तरफ से पुणे में इंडिया को-ऑपरेटिव बैंकिंग कनेक्ट का आयोजन किया। इसमें को-ऑपरेटिव बैंक में इंफोसिस के बैंकिंग सॉफ्टवेयर फिनेकल को लेकर देश भर से आए लगभग 120 अर्बन और ग्रामीण को-ऑपरेटिव बैंक के टॉप मैनेजमेंट ने हिस्सा लिया। इसमें जोगिंद्रा बैंक सोलन के प्रबंधन ने भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम में इंफोसिस की दस सहयोगी कंपनी के उच्च अधिकारियों ने देश में सहकारी बैंकों में लेटेस्ट आईटी की आवश्यकताओं को लेकर जरूरी जानकारी दी। जोगिंद्रा बैंक, ग्रामीण को-ऑपरेटिव बैंक के तहत पहला बैंक है, जो नाबॉर्ड के अंतर्गत आता है। जोगिंद्रा बैंक साल 2012 से इंफोसिस फिनैकल 7.0.29 सोफ्टवेयर का इस्तेमाल कर रहा है। अपने ग्राहकों को और बैंक कर्मियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से अब फिनेकल का लेटेस्ट सॉफ्टवेयर 10 एक्स बैंक में इस्तेमाल किया जाएगा।

### पाइन ग्रोव स्कूल सुबाथू द क्राउन प्लाजा से सम्मानित




**सोलन।** उत्तर भारत के स्कूल द क्राउन प्लाजा-गुरुग्राम में मेरिट पुरस्कार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें पाइन ग्रोव स्कूल सुबाथू को द क्राउन प्लाजा से सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय मानक स्थापित करने के लिए कार्यकारी निदेशक कैप्टन एजे सिंह को सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस लीजेंड्स इन एजुकेशन और सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस एजुकेशन स्टालवार्ट्स से सम्मानित किया। हिमाचल में पाइनग्रोव स्कूल, सुबाथू को अधिकतम 653 वोट प्राप्त करने के लिए पेरेंट्स च्वाइस अवॉर्ड के लिए चुना गया और इस श्रेणी में पूरे हिमाचल में पाइनग्रोव स्कूल, सुबाथू नंबर एक पर रहा। इस सम्मान को प्राप्त करने के लिए पाइन ग्रोव स्कूल, सुबाथू के निर्देशक कैप्टन एजे सिंह की अनुपस्थिति में पाइन ग्रोव स्कूल, सुबाथू के हेड टीचर पंकज शर्मा को उत्तर भारत के स्कूल द क्राउन प्लाजा-गुरुग्राम में सम्मानित किया गया।

### सिरमौर उत्सव का 13 से 22 तक होगा आयोजन

**नाहन।** स्टेपको संस्था के सौजन्य से नाहन चौगान मैदान में 13 से 22 सितंबर तक नृत्य सिरमौर उत्सव का आयोजन किया जाएगा। सांस्कृतिक संध्या 18 से 21 तक रहेगी। पिछले आयोजन की सफलता को देखते हुए इस साल का आयोजन और भी भव्य करवाया जा रहा है, जिसमें हर साल की तरह इस साल भी नृत्य, संगीत, मॉडलिंग, बेबी शो, बॉडी बिल्डिंग जैसी प्रतियोगिताएं होंगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 7, 8, 9 को चौगान मैदान के पास ट्रेंड्स मॉल की बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर में ऑडिशन होगा। स्टेपको उत्सव में सिरमौर के कलाकारों को अपनी कला का प्रदर्शन करने का मौका दिया जाएगा, जिससे उनका मनोबल बढ़ेगा और हमारी लोक संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। एसी भारद्वाज की स्टार नाइट 21 को रहेगी।

### फिलफोट फोरम ने कोठो क्षेत्र में रोपे पौधे



**सोलन।** सांस्कृतिक, साहित्यक एवं समाजिक सरोकार से जुड़ी संस्था फिलफोट फोरम ने पर्यावरण के संरक्षण के लिए रचनात्मक कदम उठाते हुए सोलन से 8 किमी दूर पंचायत कोठो (शामती) के साथ मिल कर पौधरोपण अभियान चलाया। इस संबंध में जानकारी देते हुए संस्था के सचिव राजीव उप्पल ने बताया कि संस्था कृतसंकल्पित है। सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ-साथ समाजिक कार्यक्रम में भी बढ़-चढ़कर भाग लेगी। इसी अनुक्रम में संस्था के सदस्यों ने सामूहिक रुप से वर्षा ऋतु में लगने वाले पोधों का रोपण किया व राजकीय प्राथमिक विद्यालय कोठो में 80 से ऊपर औषधीय पौधे रोपे। इस अवसर पर पंचायत कोठो के जयावंती, उपप्रधान सुनील ठाकुर, समाज सेवी एवं पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका सोलन कुलराकेश पंत तथा संस्था के सदस्यों में विपुल गोयल, विजय पुरी आदि ने भाग लिया।

### बिल जमा नहीं किया, तो कटेगी बिजली

**अर्की।** बिजली उपमंडल अर्की के सहायक अभियंता नीरज कतना ने बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक बिजली बिल जमा नहीं करवाया है वह छह सितंबर तक अपने बिल जमा करवा दें। अन्यथा 6 के पश्चात बिना कोई सूचना दिए उनकी बिजली काट दी जाएगी।

### मतदान केंद्रों की सूचियों के प्रारूप प्रकाशित

**सोलन।** भारत के निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सोलन के 50-अर्की, 51-नालागढ़, 52-दून, 53-सोलन तथा 54-कसौली विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों की सूचियों का प्रारूप प्रकाशित कर दिया गया है। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने दी। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों की सूचियों का प्रारूप लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 25 के अनुरूप तैयार किया गया है। निर्वाचन केंद्रों की प्रति जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय सोलन के साथ-साथ निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी एवं एसडीएम कार्यालय अर्की, नालागढ़, सोलन तथा कसौली के कार्यालयों में 8 तक जन साधरण के निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेंगी।

### निरंकारी भवन शाखा में सत्संग का आयोजन

**दाड़लाघाट।** गुरु की कृपा से ही हरि के नाम की दात प्राप्त होती है और यह तभी संभव है, जब गुरु निहाल हो। यह विचार ज्ञान प्रचारक बहन उषा कालिया ने एक सप्ताह से सयोजक स्तर पर चल रही प्रचार यात्रा के दौरान निरंकारी भवन शाखा दाड़लाघाट मे सत्संग में प्रकट किए। उन्होंने कहा कि जिस के पास नाम रुपी धन होता है, उसके पास किसी तरह की कमी नही होती, वह सच्चे शाह होते हैं, जिनको सतगुरु की कृपा से निराकार (प्रभु) की जानकारी हो जाती है। फिर वह नाम रुपी मालामाल हो जाते हैं तभी उन्हें सच्चे शाह भी कहा जाता है। प्रभु की प्राप्ति के लिए पूर्ण सतगुरु के चरणों में नतमस्तक होना पड़ेगा, जो अपने आप को झुकाकर नतमस्तक हो जाते हैं, तब जाकर उन्हें परम पिता परमेश्वर की जानकारी होती है। प्रभु की जानकारी मानुष योनि में रह कर ही की जा सकती है, जिन्होंने समय रहते इस रमे राम को जान लिया वह मुबारक के पात्र हैं और जिन्होंने अभी परमात्मा को नहीं जाना, वह अपने आप को समर्पित कर गुरु चरणों में आ जाएं, फिर उनका इस मनुष्य योनि मे आना सफल है।

### एसडीएम की सूझबूझ से बची महिला की जान

**सोलन।** एसडीएम सोलन पूनम बंसल की सूझबूझ से एक महिला की जान बच गई। दरअसल इंदिरा नाम की महिला एसडीएम कार्यालय में कुछ काम के सिलसिले में पहुंची थी, लेकिन अचानक वह वहां बेहोश हो गई, जैसे ही इस बात का पता एसडीएम को चला, तो वह तुरंत बाहर आई और उन्होंने सबसे पहले महिला को गद्दे पर लेटा दिया। कुछ देर तक जब महिला बेहोश रही तो एसडीएम ने डॉक्टर की भूमिका निभाते हुए महिला को सांस देने की भी कोशिश की। साथ ही तुरंत प्रभाव से महिला के लिए अस्पताल से एंबुलेंस बुलाई। इसके बाद महिला अस्पताल पहुंची। बताया जा रहा है कि अब महिला पूरे तरीके से ठीक है। हालांकि जब महिला अस्पताल पहुंची, तो उसके बाद एसडीएम फोन पर इस पूरे मामले की डॉक्टर से फीडबैक लेती रहीं। वहीं, इस बारे में जानकारी देते हुए एसडीएम ने कहा कि एक महिला की तबीयत उनके ऑफिस के पास खराब हो गई थी, जिन्हें तुरंत प्रभाव से अस्पताल भेज दिया गया है।

## सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर सोलन अस्पताल में सिक्योरिटी कमेटी का हुआ गठन

# पांच सदस्य सिक्योरिटी के लिए करेंगे काम

**आर मोहन चौहान, सोलन**

डॉक्टरों की सुरक्षा को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर सोलन अस्पताल में एक कमेटी का गठन किया गया है।

कोर्ट ने कोलकाता में महिला ट्रेनी डॉक्टर से बलात्कार और मर्डर के बाद मेडिकल काउंसिल की तरफ से डॉक्टरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दायर के बाद सभी अस्पतालों में सिक्योरिटी कमेटी का गठन किया जा रहा है। इसी के दृष्टिगत सोलन हॉस्पिटल में सिक्योरिटी कमेटी का गठन किया गया।

यह कमेटी अब सोलन अस्पताल में आने वाले दिनों में डॉक्टर सहित अन्य सुरक्षा इंतजाम को पुख्ता करने का काम करेगी। इस कमेटी में पांच सदस्य हं, जिसमें डॉक्टर, नर्स, होम गार्ड और पैरामेडिकल स्टाफ शामिल किया गया है, ताकि अस्पताल के प्रत्येक पहलू पर गौर किया जा सके। कोर्ट के आदेश की पालना करते हुए सोलन अस्पताल मैनेजमेंट ने हॉस्पिटल सिक्योरिटी कमेटी का गठन किया है। (अनंत ज्ञान)




सोलन का अस्पताल।

### अस्पताल में मिलेगा सुरक्षित माहौल

कमेटी के गठन से अस्पताल में कार्यरत डॉक्टरों और अन्य पैरा मेडिकल स्टाफ को सुरक्षित माहौल मिलेगा। इससे जहां डॉक्टरों ने राहत की सांस ली है, तो वहीं दूसरी तरफ इससे आने वाले दिनों में अस्पताल का सुरक्षा चक्र भी मजबूत होने वाला है। अस्पतालों में अक्सर उपचार को लेकर मेडिकल स्टाफ और तीमारदारों में नोकझोंक हो जाती है। कई बार मामला मारपीट तक पहुंच जाता है। वहीं, रात के समय अस्पतालों में सुरक्षा के इंतजाम नहीं होने से डॉक्टरों और अन्य स्टाफ खुद को सुरक्षित नहीं समझता।

> कोर्ट के आदेश के मुताबिक हॉस्पिटल सिक्योरिटी कमेटी का गठन किया गया है। इस कमेटी में पांच सदस्यों को शामिल किया गया। यह कमेटी आने वाले दिनों में अस्पताल में सुरक्षा के इंतजाम का पूरा ख्याल रखेगी।
>
> **डॉ. संदीप जैन, अतिरिक्त कार्यभार एमएस सोलन अस्पताल।**

### अस्पताल में रहता है खासा रश

पश्चिम बंगाल के कोलकाता में महिला ट्रेनी डॉक्टर के साथ रेप और बाद में मर्डर की घटना सामने आने से मामला गंभीर हो गया। इसको लेकर मेडिकल एसोसिएशन में खासा रोष देखने को मिला है। मामले की गंभीरता देख सुप्रीम कोर्ट ने मामले में हस्तक्षेप किया और तुरंत प्रभाव से सभी अस्पतालों में इसके लिए एक कमेटी बनाने का फैसला किया, ताकि आने वाले दिनों में कभी भी इस प्रकार की कोई भी घटना सामने न आ सके। बता दें कि सोलन अस्पताल में उपचार के लिए जिले के अलावा सिरमौर और शिमला के मरीज भी बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। ऐसे में यहां डॉक्टर के साथ कभी भी बड़ी घटना हो सकती है। लिहाजा अस्पताल सिक्योरिटी कमेटी का गठन होने से इसका सीधा फायदा डॉक्टरों को होने वाला है।

# सोलन में पंचायतीराज संस्था के उपनिर्वाचन की अधिसूचना जारी

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सोलन के कुनिहार तथा कंडाघाट विकास खंड में होने वाले उपचुनाव की समय-सारणी की अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना के अनुसार सोलन के कुनिहार विकास खंड की पंचायत बनोह खरड़हट्टी के वार्ड नंबर-7, ज्यावला तथा पंचायत पट्टा के वार्ड नंबर-4, काथला-1 और कंडाघाट विकास की पंचायत मही के वार्ड नंबर 5, हाथों में उपचुनाव होना है।

अधिसूचना के अनुसार इस उपचुनाव के लिए नामांकन 11, 12 व 13 को प्रस्तुत किए जा सकेंगे। नामांकन संबंधित पंचायत कार्यालय में प्रात: 11 से सायं 3 बजे तक सहायक रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे। नामांकन पत्र का प्रारुप संबंधित पंचायत कार्यालय में उपलब्ध होगा। अधिसूचना के अनुसार नामांकन पत्रों की छंटनी 16 सितंबर को प्रात: 10 बजे से की जाएगी। 18 को प्रात: 10 से सायं 3 बजे तक नामांकन पत्र वापस लिए जा सकेंगे। प्रतिनियुक्त अधिकारी की ओर से उम्मीदवारों को प्रतीक चिन्ह 18 को आवंटित किए जाएंगे। निर्वाचन की स्थिति में 29 को संबंधित पंचायत कार्यालय में प्रात: 8 से सायं 4 बजे तक मतदान होगा। मतदान संपूर्ण होने के पश्चात इसी दिन परिणाम घोषित किया जाएगा।

### आदर्श आचार संहिता लागू

**सोलन।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सोलन के विभिन्न विकास खंडों की पचांयतों में होने वाले उपनिर्वाचन के दृष्टिगत आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। आदर्श आचार संहिता निर्वाचन प्रक्रिया समाप्त होने तक लागू रहेगी। इस संबंध में डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने आदेश जारी किए हैं। इन आदेशों के अनुसार विकास खंड कुनिहार की पंचायत बनोह खरड़हट्टी तथा पंचायत पट्टा, कंडाघाट विकास खंड की पंचायत मही व नालागढ़ की पंचायत बधोखरी में उपनिर्वाचन के दृष्टिगत तुरंत प्रभाव से आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई है।

## मानपुरा पुलिस ने खेड़ा से पकड़ा अवैध शराब का जखीरा, आरोपी चालक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**



रविवार देर रात्रि मानपुरा पुलिस ने नाके के दौरान भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद कर एक व्यक्ति को गाड़ी समेत गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी श्याम लाल की अगुवाई वाली टीम ने अवैध शराब पर बड़ी कार्रवाई अमल में लाई है।

मिली जानकारी के अनुसार थाना मानपुर के तहत बद्दी-नालागढ़ मार्ग पर खेड़ा में थाना प्रभारी श्याम लाल के नेतृत्व में पुलिस देर रात्रि नाका लगाकर गाड़ियां चेक कर रही थी कि नालागढ़ से बद्दी की तरफ आ रहा एक छोटा हाथी, जिसे उसके चालक ने पुलिस देखकर भगाने की कोशिश की। इस पर जब गाड़ी को पकड़ा, तो उसमें भारी मात्रा में देशी शराब संतरा मार्का पड़ी थी, जिसके वह मौके पर कोई कागजात पेश नहीं कर पाया। इस सिलसिले में गुरविंद्र सिंह निवासी किरतपुर पंजाब को आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया, जिसमें 6 पेटी में पूरी बोतल, 624 आधे और 3 हजार पऊए बरामद किए। थाना प्रभारी के साथ टीम में जगजीत सिंह, राजेश आदि मौजूद रहे। थाना मानपुरा में हिमाचल प्रदेश एक्ससाइज एक्ट एंड 207, 181 एमवी एक्ट के तहत मामला पंजीकृत किया गया। बद्दी पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा ने मामले की पुष्टि की।

## नेहा शर्मा सेना में बनी नर्सिंग ऑफिसर

**सोलन।** जिला सोलन मुख्यालय के साथ लगती पंचायत भोजनगर के गांव



धार बनाड़ की नेहा शर्मा ने मिलिट्री नर्सिंग ऑफिसर की परीक्षा पास कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने यह परीक्षा अपने पहले ही प्रयास में उत्तीर्ण की। अपने क्षेत्र से यह परीक्षा पास करने वाली नेहा पहली युवती है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, परिवार जनों व अध्यापकों को दिया है। नेहा अपने जन्मदिवस 16 सितंबर को 158 बेस हॉस्पिटल बागडोगरा, पश्चिम बंगाल में अपनी ज्वाइनिंग देंगी। नेहा की प्रारंभिक परीक्षा राजकीय प्राथमिक विद्यालय भोजनगर से हुई। दसवीं तथा जमा दो की परीक्षा गीता ने आदर्श विद्यालय सोलन से उत्तीर्ण करने के पश्चात उन्होंने मुरारी लाल मेमोरियल स्कूल व कॉलेज ऑफ नर्सिंग ओच्छघाट, सोलन से बीएससी नर्सिंग की परीक्षा पास की।

## पूर्व ग्राम राजस्व अधिकारी व कानूनगो पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

# धोखे से फोरलेन मुआवजे के 40 लाख डकारे

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सदर थाना सोलन में धोखाधड़ी कर किसी दूसरे व्यक्ति की जमीन पर किसी अन्य को सह स्वामी दिखाकर एनएचआई से मिलने वाला मुआवजा डकारने के आरोप में पुलिस ने सोलन तहसील में पूर्व में कार्यरत ग्राम राजस्व अधिकारी व कानूनगो समेत चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

चंबाघाट के बेर गांव निवासी दो बुजुर्ग भाईयों की शिकायत पर अदालत के आदेश पर यह मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बेर गांव निवासी 76 व 74 वर्षीय दो बुजुर्ग भाइयों राम स्वरूप और महेंद्र शर्मा के साथ गांव के ही गणेश दत्त की भूमि को लेकर विवाद चल रहा था। राम स्वरूप व मोहिंद्र शर्मा निचली कोर्ट में केस हारे, तो उन्होंने मामले की अपील जिला न्यायाधीश सोलन के सामने की। वहां से इस प्रकरण को सुनवाई के लिए

**पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की शुरू**




अतिरिक्त जिला जज की अदालत में पेश किया गया, जहां से निचली अदालत के फैसले को रद्द करते हुए दोनों भाइयों के पक्ष में निर्णय दिया। इसके बाद प्रतिपक्ष ने अदालत के इस निर्णय के खिलाफ किसी उच्च अदालत में अपील नहीं की। यानी अदालत का यह फैसला शब्दश: लागू किया जाना अनिवार्य हो गया था, लेकिन अदालती फैसला आने के पूरे आठ साल बाद राम स्वरूप और मोहिंद्र शर्मा को पता चला कि उनकी जमीन में तो गणेश दत्त भी सह स्वामी के रूप में अधिकार रखता है। कार्यालय में पड़ताल करने पर मालूम हुआ कि गणेश दत्त का नाम तो उनकी जमीन में सह स्वामी के रूप में दर्ज किया जा चुका है। दोनों भाइयों को यह जानकर हैरानी हुई कि अदालत के आदेश के बावजूद बिना उन्हें किसी प्रकार की सूचना दिए राजस्व अधिकारियों ने यह कार्रवाई कैसे कर दी। पता चला कि इन्हीं दस्तावेजों के आधार पर गणेश दत्त ने राष्ट्रीय राजमार्ग के तहत आने वाली उनकी जमीन का लगभग चालीस लाख रुपए का मुआवजा भी ले लिया है।

इस पर दोनों भाई फिर अदालत की शरण में पहुंचे और अब इस मामले में अदालत ने पुलिस को गणेश दत्त, तत्कालीन ग्राम राजस्व अधिकारी महेश्वर दत्त शर्मा और कानूनगो सुधीर ठाकुर के खिलाफ धोखाधड़ी व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए। सोमवार सुबह पुलिस ने इस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## कमला चौहान बनीं अध्यक्ष



नाहन कॉलेज में पीटीए की आम सभा के दौरान चुने हुए प्रतिनिधि।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नाहन में अभिभावक शिक्षक संघ की आमसभा आयोजित की गई। इस सभा में सत्र 2024-25 के लिए पीटीए कार्यकारिणी का गठन किया गया। प्राचार्य डॉ. प्रेमराज भारद्वाज की अध्यक्षता में आयोजित इस आमसभा में कॉलेज के विद्यार्थियों के हितों संबंधित कार्यों पर विस्तृत चर्चा की।

इस दौरान स्टूडेंट्स की समस्याओं और उनके समाधान पर विशेष ध्यान दिया गया। इस कार्यकारिणी में कमला चौहान को अध्यक्ष, डॉ. गोपाल भारद्वाज को सचिव, महबूब अली को उपाध्यक्ष, शमिना को संयुक्त सचिव, निशा को कोषाध्यक्ष, कुदंन सिंह को मुख्य सलाहकार और प्रो. मनोज, डॉ. सरिता कुमारी, डॉ. प्रवेश, टिविंकल तथा सरोज बाला को सदस्यों के रूप में चुना गया। इस आमसभा में सर्वसम्मति से इस सत्र की आगामी गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की गई।

# अर्की का संतुलित विकास बनाया जा रहा सुनिश्चित : संजय अवस्थी

**अनंत ज्ञान, अर्की**

सीपीएस संजय अवस्थी ने कहा कि अर्की विधानसभा क्षेत्र का संतुलित विकास करना उनकी प्राथमिकता है।

संजय अवस्थी ने अर्की की पंचायत चाइयां स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला के प्रांगण में बेलपत्र और नीम का पौधा रोपित करने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अर्की का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित बनाया जा रहा है। अर्की विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए नागरिक अस्पताल अर्की में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति कर दी गई



है। क्षेत्र में विकास की गति में तेजी लाने के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। प्रदेश सरकार शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है। इस दिशा में राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूलों की स्थापना एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि डे-बोर्डिंग स्कूलों में प्रदेश के विद्यार्थी विश्व स्तरीय गुणात्मक शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने महिला मंडल भवन चइयां की मरम्मत के लिए एक लाख रुपए, महिला मंडल परोही के सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए एक लाख तथा महिला मंडल भवन पलकड़ी की मरम्मत के लिए 75 हजार रुपए देने की घोषणा की।

उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को 1100 रुपए तथा नशा मुक्ति पर भाषण प्रस्तुत करने वाली श्रुति ठाकुर को अपनी ओर से 500 रुपए देने की घोषणा की। मुख्य संसदीय सचिव ने इस अवसर पर लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को इनके शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए।

## बस-ट्रक में टक्कर 6 यात्री घायल




**नाहन।** नाहन-रेणुकाजी एमडीआर सड़क मार्ग पर क्रेंची मोड़ पर निजी बस व ट्रक में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बस सवार करीब 6 यात्री घायल हुए हैं। दोनों वाहनों की तेज रफ्तार और तंग मोड हादसे का कारण साबित हुआ है। यहां बस व ट्रक की जोरदार टक्कर में बस सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई और देखते ही देखते मार्ग पर यातायात प्रभावित हो गया। घायल यात्रियों को यहां से अस्पताल ईलाज के लिए पहुंचाया गया। दूसरी और आमने-सामने जोरदार टक्कर में बस व ट्रक भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए हैं।

## बीएसएनएल सिम को 30 तक करें अपग्रेड

**दाड़लाघाट।** बीएसएनएल ने अपने उपभोक्ताओं को 3जी की सिम को 4जी या 5जी में अपग्रेड करने की अवधि 30 सितंबर तक निर्धारित की है। यह जानकारी देते हुए दाड़लाघाट बीएसएनएल के जेटीओ दिनेश ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक अपनी 3जी सिम को 4जी या 5जी में अपग्रेड नहीं करवाया है, वे 30 तक निशुल्क अपनी सिम अपग्रेड करवा सकते हैं। 30 के बाद 3जी सिम बंद हो जाएंगी और उपभोक्ताओं को शुल्क देकर अपग्रेड करवानी होगी इसलिए सभी उपभोक्ताओं से आग्रह है कि वे समय रहते 3जी सिम को अपग्रेड करवा लें।

## मंडियाघाट स्कूल के चार विद्यार्थी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में लेंगे भाग



जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता जीत कर लौटे मंडिया घाट स्कूल में छात्र।

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

राजगढ़ ब्लॉक के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंडिया घाट के चार विद्यार्थियों ने जिला स्तर की कुश्ती प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा किया। इससे पहले जोनल स्तर पर विजेता ट्रॉफी जीती थी, अब यह चार विद्यार्थी रोहित, ईशान, चिराग कुश्ती प्रतियोगिता में राज्य स्तर की खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेंगे तथा साथ ही ईशान बॉक्सिंग में राज्यस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। स्कूल प्रबंधन समिति ने प्रधानाचार्य भाग सिंह तथा सभी अध्यापकों को इस सफलता पर बधाई दी।

# पेयजल पाइपों के ऊपर कूड़ा-कचरा फेंकने से बीमारियों के फैलने का अंदेशा

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**

रिकांगपिओ स्थित आईटीआई भवन के पीछे पैदल मार्ग के साथ बिछाई गई पेयजल पाइपों के ऊपर घरों से निकलने वाला कूड़ा-कचरा फेंकने से बीमारियों के फैलने का अंदेशा बना हुआ है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि रिकांगपिओ स्थित आईटीआई के पीछे घरों से निकलने वाला कचरा फेंके जाने से गंदगी का खासा आलम बना हुआ है। इस स्थान से गुजर रही पेयजल की मुख्य पाइप लाइन पर ही



कूड़ा-कचरा फैलाया जा रहा है। आए दिन इस कूड़े-कचरे के ढेर से दुर्गंध भरी हवा निकलने के कारण क्षेत्र में बीमारियां फैलने का भी अंदेशा बना हुआ है। इस पेयजल की मुख्य ब्रांच की पाइप लाइन से सैकड़ों ग्रामीणों सहित प्राथमिक पाठशाला खवांगी एवं आईटीआई केंद्र व इसके छात्रावास के लिए भी पेयजल की सप्लाई होती है। इस पेयजल की मुख्य ब्रांच की पाइप लाइन पर कूड़े-कचरे की गंदगी फेंकने से इस पेयजल पाइप लाइन में कूड़े-कचरे की गंदगी का रिसाव होने का भी खतरा बना हुआ है। बता दे इसी तरह रिकांगपिओ क्षेत्र के और भी कई स्थानों पर घरों से निकलने वाले कचरे को सार्वजनिक स्थानों पर फेंके जाने की कई घटनाएं सामने आ रही हैं। (अनंत ज्ञान)

**परेशानी** बद्दी से नालागढ़ का कनेक्शन टूट सकता है, उद्योगों को होगी भारी परेशानी

# मलकू माजरा पुल का निचला हिस्सा डैमेज

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

इंडस्ट्रियल एरिया बद्दी व नालागढ़ को जोड़ने वाले मलकू माजरा पुल का निचला हिस्सा डैमेज हो गया है और हालत यह है कि पुल कभी भी गिर सकता है। पुल की खस्ता हालत को लेकर नालागढ़ उद्योग संघ ने चिंता जताई है। उद्योग एसोसिएशन ने कहा कि न तो प्रदेश व केंद्र सरकारें समय पर जागती है और न ही संबंधित विभाग नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया अपनी जिम्मेदारी समझता है।

नालागढ़ उद्योग संघ की अध्यक्ष अर्चना त्यागी, महासचिव अनिल शर्मा व संरक्षक राम गोपाल अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान में बीबीएन का कोई भी मार्ग सही हालत में नहीं है। उन्होंने कहा कि इस बारिश ने बद्दी के मल्कुमाजरा स्थित रत्ता नदी पर बने पुराने पुल की जर्जर हालत को और भी खराब कर दिया है। मलपुर पंचायत के तहत बनाया गया रत्ता पुल परसों बाढ़ के दौरान पानी के तेज बहाव के कारण रिटेनिंग वॉल का पूरी तरह से टूट जाना निसंदेह एक बड़ा चिंता का विषय है। नालागढ़ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की अध्यक्ष अर्चना त्यागी ने कहा कि प्रदेश सरकार को इस ओर ध्यान देने और पुल की वैकल्पिक व्यवस्था पर जल्द काम करने की जरूरत है। यदि यह ढह गया तो औद्योगिक हब बद्दी व इंडस्ट्रियल एरिया नालागढ़ का संपर्क पूरी तरह से कट जाएगा और यह औद्योगिक क्षेत्र फिर से टापू बनकर रह जाएगा।

नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के हिमाचल विंग की ओर से समय रहते उचित कार्रवाई करना अति आवश्यक है, अन्यथा उद्योगों का परिवहन पूर्णत: अवरुद्ध हो जाएगा। यह काफी आश्चर्य की बात है कि बीबीएन हिमाचल प्रदेश के लिए करोड़ों रुपए का राजस्व उत्पन्न करता है, लेकिन कोई भी इस क्षेत्र के विकास की ओर ध्यान नहीं देता है।



बद्दी के भुड्ड बैरियर पुल की हालत खस्ता।

## विद्यार्थी जीवन ही हमारे जीवन की दिशा और दशा करता है तय : एसडीएम

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

शिक्षा खंड राजगढ़ की छात्राओं की अंडर-19 आयु वर्ग की चार दिवसीय खेलकूद व सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आगाज पीएम श्री वैद्य सुरत सिंह स्मारक वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला राजगढ़ में हुआ।

प्रतियोगिता का शुभारंभ एसडीएम राजगढ़ राजकुमार ठाकुर ने किया। इस मौके पर शहरी कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम ठाकुर विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर छात्रों ने मुख्यातिथि के समक्ष आकर्षक मार्च पास्ट सलामी दी। एसडीएम ने कहा कि विद्यार्थी जीवन तपस्या का जीवन है और यही समय हमारे जीवन की दिशा और दशा तय करता है। इसलिए छात्रों को अपने



विद्यार्थी जीवन में कठिन परिश्रम करना चाहिए, ताकि जीवन सफल हो सके। हमें सबसे पहले अनुशासन को अपनाना चाहिए और अनुशासन की शुरुआत हमें खुद से करनी चाहिए। खेलों से जहां स्टूडेंट्स का शारिरिक व मानसिक विकास होता है। वहीं, इससे स्टूडेंट्स का बौद्धिक विकास भी होता है और खेलों से छात्रों में नेतृत्व क्षमता भी बढ़ती है। इस प्रतियोगिता में राजगढ़ शिक्षा खंड के 21 स्कूलों की 301 छात्राएं भाग ले रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### एनुअल फोटोग्राफी एग्जीबिशन में 200 तस्वीरें प्रदर्शित



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** तीन दिवसीय छात्रों की एनुअल फोटोग्राफी एग्जीबिशन रविवार को सेक्टर 34 स्थित मॉर्क अकादमी में संपन्न हुई। एग्जीबिशन के दौरान फैशन फोटोग्राफी, मोबाइल फोटोग्राफी, सोशल मीडिया, वन्य जीवन, वनस्पति और जीव, परिदृश्य, प्रकृति और ऐतिहासिक विरासत सहित विभिन्न शैलियों में 200 से अधिक तस्वीरें प्रदर्शित की गई। एग्जीबिशन ने एक शैक्षिक अनुभव के रूप में भी काम किया। इस कार्यक्रम ने न केवल प्रत्येक छात्र की छिपी प्रतिभा को प्रदर्शित किया, बल्कि उन्हें अपने भविष्य के उद्यमों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित और प्रेरित भी किया, जो इसमें शामिल सभी लोगों के लिए एक यादगार अवसर था। सेंटर हेड गौरिका राणा ने कहा कि यह एग्जीबिशन अकादमी के उभरते फोटोग्राफरों की रचनात्मक क्षमता का प्रमाण है। (अनंत ज्ञान)

### पंजाब विधानसभा का तीन दिवसीय सत्र शुरू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंजाब विधानसभा का तीन दिवसीय सत्र शुरू हो गया है। सत्र के दौरान कई महत्वपूर्ण फैसले लिए जाने हैं। इनमें अवैध कॉलोनियों के लिए एनओसी की शर्त खत्म करने पर फैसला होना है। साथ ही पार्टी चिह्न पर पंचायत चुनाव न कराने के लिए द पंजाब पंचायत इलेक्शन रूल-1994 में संशोधन किया जाना है। सत्र के पहले दिन पूर्व स्पीकर, मंत्रियों, सांसदों और विधायक समेत पंजाबी कवि सुरजीत पातर को श्रद्धांजलि दी गई। वहीं सत्र शुरू होने से पहले विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने मांग की कि विधानसभा का सत्र 10 दिन के लिए बढ़ाया जाना चाहिए। उन्होंने बिजनेस एडवाइजरी कमेटी में भी ये मामला उठाया है। बाजवा ने कहा कि स्पीकर ने कहा कि वह इस पर विचार करेंगे, लेकिन उनको नहीं लगता कि सरकार की तरह से सत्र में बढ़ोतरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था समेत नशे जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने के लिए सत्र को बढ़ाने की जरूरत है, तीन दिन काफी नहीं है।



### सीपीआर तकनीक के बारे में किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारतीय रेड क्रॉस समिति एवं सेंट जॉन एंबुलेंस (भारत) हरियाणा राज्य शाखा के राज्य महासचिव डॉ. मुकेश अग्रवाल ने सेंट जॉन एंबुलेंस (भारत), हरियाणा राज्य केंद्र द्वारा 29 से 31 अगस्त 2024 तक पंजाबी धर्मशाला, कुरुक्षेत्र के प्रांगण में आयोजित 3 दिवसीय प्राथमिक सहायता एवं गृह परिचर्या मूल्यांकन शिविर के समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। डॉ. मुकेश अग्रवाल ने रैड क्रॉस के संस्थापक सर जीन हेनरी डुनान्ट के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित किए। उन्होंने कहा कि हरियाणा रेड क्रॉस द्वारा 25 जुलाई से 9 सितंबर 2023 तक सीपीआर जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें हरियाणा प्रदेश के विश्वविद्यालयों, हाविद्यालयों,विद्यालयों तथा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के 66,124 लोगों को सीपीआर तकनीक के बारे में जागरूक किया गया। इस अभियान के दौरान लोगों को यह जानकारी दी गई कि दिल का दौरा पड़ने पर यदि किसी भी व्यक्ति की सांस और दिल की धड़कन बंद हो जाती है तो उस व्यक्ति को सीपीआर देकर किस प्रकार बचाया जा सकता है।




### भाजपा नेता नीतेश पर 2 एफआईआर दर्ज



**महाराष्ट्र।** महाराष्ट्र के भाजपा विधायक नीतेश राणे पर अहमदनगर पुलिस ने 2 एफआईआर दर्ज की है। नीतेश राणे पर रविवार को अहमदनगर में सकल हिंदी समाज आंदोलन के दौरान भड़काऊ भाषण देने का आरोप है। अहमदनगर में महंत रामगिरी महाराज के समर्थन में नीतेश राणे ने कहा था कि उनके बारे में कोई कुछ बोलेगा तो मस्जिद में घुसकर चुन-चुन कर मारेंगे।

### भाजपा में शामिल हुए जजपा विधायक देवेंद्र



**नई दिल्ली।** हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले जननायक जनता पार्टी (जजपा) के विधायक व पूर्व मंत्री देवेंद्र बबली, पार्टी के झज्जर के जिला प्रधान संजय कबलाना व पुलिस सेवा से हाल ही इस्तीफा देने वाले सुनील सांगवान ने सोमवार को भाजपा का दामन थाम लिया। पार्टी महासचिव अरुण सिंह, हरियाणा के सह प्रभारी विप्लब देव, प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ की मौजूदगी में इन नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर यह नेता भाजपा में शामिल हुए हैं।

### असम में 30 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त

**गुवाहाटी।** असम के कछार जिले में मादक पदार्थ की एक बड़ी खेप में करीब 30 करोड़ रुपए की कीमत की 'याबा' गोलियां जब्त की गईं और तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया। करीमगंज पुलिस अधीक्षक पार्थ प्रोतिम दास के बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी के संबंध में सूचना मिलने के बाद पुलिस ने रविवार रात बदरपुर थाना क्षेत्र के जलापुर इलाके में अभियान चलाया। इस दौरान एक वाहन को रोका गया और वाहन में बनी एक गुप्त जगह से 'याबा' की एक लाख गोलियां बरामद की गईं, इन्हें मिजोरम से लाया जा रहा था।

### कांस्टेबल भर्ती: अब तक 12 कैंडिडेट की मौत

**रांची।** झारखंड में उत्पाद सिपाही भर्ती के लिए चल रही शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल एक और अभ्यर्थी की मौत हो गई। मौत का आंकड़ा 12 हो गया है। रांची के मेदांता में एक्साइड कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा के कैंडिडेट दीपक पासवान की इलाज के दौरान मौत हो गई। वो 30 अगस्त से अस्पताल में भर्ती थे। इससे पहले रांची के नामकुम निवासी विकास लिंडा साहिबगंज के जैप-9 परिसर में दौड़ के दौरान बेहोश हो गए थे। उन्हें साहिबगंज सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रविवार को उनकी मौत हो गई थी। फिजिकल फटनेस टेस्ट पैनल के अध्यक्ष एसपी अमित कुमार सिंह ने बताया कि रातभर विकास की स्थिति सामान्य थी, लेकिन रविवार सुबह उन्होंने दम तोड़ दिया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं 100 से ज्यादा कैंडिडेट्स बीमार हैं।

### रूस का बैलिस्टिक मिसाइल से कीव पर हमला

**कीव।** रूस ने कीव और संभवतः अन्य शहरों को निशाना बनाकर ड्रोन, क्रूज और बैलिस्टिक मिसाइल से बड़े पैमाने पर हमले किए हैं। सोमवार को तड़के यूक्रेन की राजधानी कई विस्फोटों से दहल उठी, जिससे निवासियों को बम रोधी आश्रयों में शरण लेनी पड़ी। कीव के मेयर विताली क्लित्स्को ने कहा कि कीव के होलोसिव्स्की और सोलोमिंस्की जिले में आपातकालीन सेवाओं को बुलाया गया। उन्होंने बताया कि शेवशेनकिव्स्की जिले में मलबे के नीचे दबने से एक व्यक्ति के जख्मी होने की सूचना है।

### शिवसेना सांसद दाखिल करें हलफनामा : हाईकोर्ट

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय के एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के सदस्य रविंद्र वायकर को उस याचिका पर जवाबी हलफनामा दायर करने का सोमवार को निर्देश दिया, जिसमें हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में उनकी जीत को चुनौती दी गई है। मुंबई उत्तर-पश्चिम सीट पर वायकर से महज 48 मतों के अंतर से चुनाव हारने वाले शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) विधायक अमोल कीर्तिकर ने उनके निर्वाचन को अमान्य घोषित करने के अनुरोध के साथ जुलाई में उच्च न्यायालय का रुख किया था।

### सिद्धरमैया के खिलाफ कार्यवाही पर रोक बढ़ाई

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने सोमवार को मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) मामले में मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के खिलाफ निचली अदालत की कार्यवाही पर अंतरिम रोक नौ सितंबर तक बढ़ा दी। उच्च न्यायालय ने मामले में मुख्यमंत्री के खिलाफ अभियोजन के लिए राज्यपाल थावरचंद गहलोत की मंजूरी की वैधता को चुनौती देने वाली सिद्धरमैया की याचिका पर सुनवाई एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दी।

# मांगों को लेकर किसानों ने मेला ग्राउंड में लगाया पक्का मोर्चा

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

पंजाब के किसानों ने अपनी मांगों को लेकर रविवार को चंडीगढ़ सेक्टर 34 के मेला ग्राउंड में पक्का मोर्चा लगा लिया था। किसान अपने साथ तीन माह का राशन भी लेकर आए हैं।

चंडीगढ़ में सेक्टर-34 के मेला ग्राउंड में पक्का लगाकर बैठे किसानों ने सोमवार को महापंचायत का आयोजन किया। सेक्टर 34 गुरुद्वारा के सामने किसानों ने महापंचायत में भारी भीड़ थी। मेला ग्राउंड से किसानों द्वारा पंजाब विधानसभा की ओर कूच किया गया। किसानों के साथ-साथ काफी संख्या में पुलिस बल भी रहा।

इस दौरान किसान परिवारों की महिलाएं अपने दिवंगत बच्चों और परिजनों की फोटो लेकर पहुंचीं। पुलिस प्रशासन ने किसानों को केवल चार दिन के मोर्चे की अनुमति दी है, लेकिन वे पूरी तैयारी के साथ तीन महीने का राशन-पानी लेकर आए हैं। ऐसे में पुलिस-प्रशासन के साथ आम जनता की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। फिलहाल पुलिस पूरी तरह अलर्ट है।



धरने पर दिवंगत बच्चों और परिजनों की फोटो लेकर पहुंचीं महिलाएं।

किसानों का कहना है कि अब तो उनका पक्का मोर्चा इस ग्राउंड से तभी उठेगा जब पंजाब सरकार उनकी सारी मांगें मान लेगी। अगर किसानों को पंजाब सरकार की ओर से उनकी मांगों को लेकर बातचीत के लिए बुलाया जाता है तो इसके लिए भी केवल 5-7 किसानों का शिष्टमंडल ही सरकार के साथ बातचीत के लिए जा सकेगा और उसकी जिम्मेदारी पुलिस की होगी।

किसान नेताओं ने कहा कि पहले चंडीगढ़ पंजाब का ही हिस्सा था और यहां से हजारों किसानों को उजाड़कर इस शहर को बसाया गया था, लेकिन आज जब किसानों ने चंडीगढ़ में अपनी ही जमीन पर धरना देने के लिए पंजाब सीएम आवास के पास या फिर सेक्टर-17 में जगह मांगी तो चंडीगढ़ प्रशासन ने जगह देने से इंकार कर दिया। प्रशासन ने कहा कि अगर पक्का मोर्चा लगाना है तो चंडीगढ़ के बजाय मोहाली शहर में लगाएं, लेकिन किसान अपनी बात पर अड़े रहे और उन्हें अब सेक्टर-34 के मेला ग्राउंड में जगह दी गई है जो किसानों की पहली जीत है।

चंडीगढ़ पुलिस द्वारा सेक्टर 22-23 के चौक से सेक्टर-17 की डिवाइडिंग रोड से होते हुए मटका चौक व मध्य मार्ग की ओर से जाने वाले सभी सड़कों को बंद कर दिया गया है। सेक्टर-17 बस स्टैंड चौक पर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई है। जाम में फंसे वाहन चालकों का गर्मी के चलते भी बुरा हाल हो रहा है। (अनंत ज्ञान)

## जसदीप सिंह गिल होंगे राधास्वामी सत्संग ब्यास के अगले प्रमुख

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

जसदीप सिंह गिल को सोमवार को तत्काल प्रभाव से डेरा राधास्वामी सत्संग ब्यास (आरएसएसबी) का आध्यात्मिक प्रमुख नामित किया गया। डेरा प्रमुख गुरिंद्र सिंह ढिल्लों ने इस आशय की घोषणा की। देश-विदेश में बड़ी संख्या में डेरा राधास्वामी के अनुयायी हैं। समय-समय पर देश के शीर्ष राजनेता भी डेरा ब्यास जाते रहते हैं। इसकी पुष्टि करते हुए डेरा के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया, "कुछ समय से शहर से बाहर रहे बाबाजी कल डेरा ब्यास लौटे। आज सुबह उन्होंने डेरा सचिव एवं क्षेत्रीय प्रमुखों समेत सभी वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक बुलाई जहां उनके उत्तराधिकारी के नाम की घोषणा की गई।" ढिल्लों के स्वास्थ्य के संबंध खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि वह 'बिलकुल ठीक' हैं।



गिल (45) ने कैम्ब्रिज से रासायनिक अभियांत्रिकी में 'डॉक्टरेट' कर रखी है। वह दिल्ली के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के छात्र रह चुके हैं। वह सिपला (इंडिया) में मुख्य रणनीति अधिकारी एवं वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिक भी रहे हैं। उन्होंने इसी साल के प्रारंभ में अपने इस पद से इस्तीफा दिया था।

इस बीच, आरएसएसबी सचिव देवेंद्र कुमार सिकरी ने सोमवार को एक बयान में कहा, "बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों ने सुखदेव सिंह गिल के पुत्र जसदीप सिंह गिल को दो सितंबर, 2024 से तत्काल प्रभाव से राधास्वामी सत्संग ब्यास सोसायटी का संरक्षक मनोनीत किया है।" सिकरी ने कहा, "जसदीप सिंह गिल राधास्वामी सत्संग ब्यास सोसायटी के संत सतगुरु के रूप में बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों का स्थान लेंगे और उन्हें नाम दीक्षा देने का अधिकार होगा।" सीकरी ने कहा, "बाबा जी ने कहा है कि जिस प्रकार हुजूर महाराज जी के बाद उन्हें संगत का भरपूर सहयोग एवं प्यार मिला है, उसी प्रकार उनकी इच्छा एवं अनुरोध है कि जसदीप सिंह गिल को भी संरक्षक एवं संत सतगुरु के रूप में अपनी सेवा निभाने में वही प्यार एवं स्नेह दिया जाए।" (अनंत ज्ञान)

## पीएम मोदी ने शुरू किया भाजपा का सदस्यता अभियान



**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सदस्यता के नवीनीकरण के साथ ही सोमवार को केंद्र की इस सत्तारूढ़ पार्टी के साल 2024 के सदस्यता अभियान की शुरुआत हो गई।

पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक समारोह में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित तमाम केंद्रीय मंत्रियों, पदाधिकारियों ओर नेताओं की मौजूदगी में इस अभियान की शुरुआत की गई।

प्रधानमंत्री के बाद शाह, नड्डा और राजनाथ सिंह ने भी पार्टी द्वारा जारी किये गए मोबाइल नंबर पर मिस्ड कॉल देकर भाजपा में अपनी सदस्यता का नवीनीकरण किया।

पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि भाजपा का सदस्यता अभियान फिर से 'भारत विजय' और 'भाजपा विजय' अभियान की शुरुआत करेगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम से संगठन में नई जान फूंकी जाएगी।

## 8.2 किमी नहर कवरिंग के निर्माण कार्य को स्वीकृति

**देहरादून।** उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने नैनीताल के कालाढूंगी के तहत पनचक्की चौराहे से कमलुवागांजा तक 8.2 किमी लंबी नहर कवरिंग के निर्माण कार्य के प्रस्ताव को सचिवालय में आयोजित व्यय वित्त समिति की बैठक में अनुमोदन दिया।

इस नहर के कवरिंग व सुदृढ़ीकरण से मार्ग की चौड़ाई बढ़ने से चौफला, कठघरिया, कमलुवागांजा, घुनी, भगवानपुर एवं रामणी की आबादी लाभान्वित होगी। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने इस योजना को निर्माण की गुणवत्ता बनाए रखते हुए समयबद्धता से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। योजना के निर्माण की अवधि 12 माह प्रस्तावित की गयी है। योजना की लागत 1245.64 लाख रुपए है।

## धामी ने शहीद आंदोलनकारियों को किया नमन

**जगदीश शर्मा, देहरादून,**

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मसूरी गोलीकांड की 30वीं बरसी के अवसर पर मसूरी के शहीद स्मारक पहुंचकर शहीद आंदोलनकारियों को नमन किया एवं उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था लागू किये जाने पर राज्य आंदोलनकारियों की ओर से मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे राज्य आंदोलनकारियों ने अपनी जान की परवाह किए बिना अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया।



उन्होंने कहा कि शहीद आंदोलनकारियों ने जो सपने उत्तराखंड के लिए देखे थे, उन्हें पूरा करने का कार्य राज्य सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि 1 सितंबर को खटीमा कांड, 2 सितंबर को मसूरी और 2 अक्तूबर को रामपुर तिराहा कांड हुआ, ये तीनों दिन हमारे राज्य के इतिहास में एक काले अध्याय के रूप में दर्ज हैं। उन्होंने कहा कि हम अपने अमर शहीदों के सर्वोच्च बलिदान को कभी भूला नहीं सकते। मुख्यमंत्री ने कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से चल रहे आंदोलन को बर्बरतापूर्ण कुचलने का काम तत्कालीन सरकार ने किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद आंदोलनकारियों का सपना था कि एक ऐसा उत्तराखंड बने, जहां सबको समान अधिकार मिले। इसी लक्ष्य को लेकर राज्य सरकार आगे बढ़ रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल में जारी नीति आयोग की सतत विकास लक्ष्यों की रैंकिंग में उत्तराखंड ने नंबर एक स्थान प्राप्त किया है। राज्य में विकास के साथ पर्यावरण संतुलन पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। राज्य में जीईपी की शुरूआत की गई है। (अनंत ज्ञान)

## देश-विदेश

## कंधार हाइजैक पर बनी वेब सीरीज पर छिड़ा विवाद सरकार ने नेटफ्लिक्स के कंटेंट प्रमुख को किया तलब

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सरकार ने वेबसीरीज 'आईसी-814 द कंधार हाइजैक' में अपहर्ताओं के चित्रण को लेकर उठे विवाद के बाद ओटीटी मंच नेटफ्लिक्स के कंटेंट प्रमुख को तलब किया है।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने नेटफ्लिक्स इंडिया के कंटेंट प्रमुख को मंगलवार को बुलाया है और वेबसीरीज के कथित विवादास्पद पहलुओं पर स्पष्टीकरण देने को कहा है। काठमांडू से दिल्ली की उड़ान भरने वाले इंडियन एयरलाइंस के विमान के अपहर्ताओं के चित्रण से विवाद खड़ा हो गया है और कई दर्शकों ने इस पर आपत्ति जताई है।

### कंगना बोलीं- सेंसरशिप हम जैसों के लिए

**सांसद** कंगना रनौत ने भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय की 'एक्स' पोस्ट को साझा करते हुए अपनी प्रतिक्रिया दी है। एक्ट्रेस ने कहा कि ऐसा लगता है कि सेंसरशिप केवल हममें से कुछ लोगों के लिए है, जो इस देश के टुकड़े नहीं चाहते हैं और ऐतिहासिक तथ्यों पर फिल्में बनाते हैं। सोशल मीडिया पर भी सीरीज को लेकर यूजर्स का गुस्सा फूट रहा है और इसे बायकॉट करने की मांग की जा रही है।

### फिल्म 'इमरजेंसी' को प्रमाण पत्र न मिलना निराशाजनक

**फिल्म** 'इमरजेंसी' को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से प्रमाणपत्र नहीं मिलने और छह सितंबर को प्रस्तावित इसका प्रदर्शन अधर में लटकने के बीच अभिनेत्री कंगना रनौत ने कहा कि यह बहुत निराशाजनक और अन्यायपूर्ण है कि सेंसरशिप केवल उनकी फिल्म के लिए है।

भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि आईसी-814 के अपहर्ता खूंखार आतंकवादी थे जिन्होंने अपनी मुस्लिम पहचान बदलने के लिए दूसरे नाम रख रखे थे।

## शिक्षक भर्ती मामले में प्रदर्शनकारियों ने घेरा केशव प्रसाद का घर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सोमवार को 69,000 शिक्षक भर्ती मामले को लेकर प्रदर्शनकारियों ने यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के आवास के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों की पुलिस से भी झड़प हुई। सोमवार सुबह प्रदर्शनकारी यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के आवास का घेराव करने पहुंचे थे। इस दौरान पुलिस ने उन्हें डिप्टी सीएम के आवास से पहले ही रोक दिया। पुलिस द्वारा रोके जाने के बाद हंगामा किया और केशव प्रसाद के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी।

## मणिपुर में हिंसा : गोलीबारी में 2 की मौत, 9 लोग घायल

### पुलिस का दावा- उग्रवादियों ने ड्रोन से बम गिराए

**एजेंसी, इंफाल**

मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में रविवार को उग्रवादियों के हमले में एक महिला सहित दो लोगों की मौत हो गई। महिला की 13 साल की बेटी और एक पुलिस अधिकारी समेत 9 लोग घायल हुए हैं।

पुलिस के मुताबिक, उग्रवादियों ने पहाड़ी के ऊपरी इलाके से कोत्रुक और कडांगबांड घाटी के निचले इलाकों में फायरिंग की और ड्रोन से भी हमला किया। अचानक हुए इस हमले की वजह से महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों सहित कई लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भागने के लिए मजबूर होना पड़ा। गोलीबारी में घायल 9 लोगों में से 5 को गोली लगी है, जबकि बाकी को बम के छर्रे लगे हैं। स्थानीय लोगों ने दावा किया है कि हमले में ड्रोन बम का इस्तेमाल हुआ है। हमले में घायल सुरबाला की मौत हो गई, जबकि 13 साल की बेटी एनजी रोजिया के दाहिने हाथ में चोट आई हैं। हमले में घायल सुरबाला की मौत हो गई, जबकि 13 साल की बेटी एनजी रोजिया के दाहिने हाथ में चोट आई हैं। घटना स्थल से मिला होल्डर, जिसे लेकर दावा किया गया है कि इसमें बम अटैच किया था।

## इसराइल ने गाजा में किए कई हवाई हमले, 10 लोगों की मौत

**एजेंसी, गाजा**

**इसराइली** सेना ने गाजा पट्टी के कई ठिकानों पर हवाई हमले किए। इन हमलों में 10 लोग मारे गए हैं, जबकि कई लोगों के घायल होने की खबर है।

फिलिस्तीनी चिकित्सा सूत्रों ने इसराइली हमलों की पुष्टि की है। गाजा शहर के सफद स्कूल पर हवाई हमला किया गया था। इस स्कूल को विस्थापितों के शेल्टर के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा था। इसराइली हमले में छह फिलिस्तीनी मारे गए और दर्जनों लोग घायल हो गए। फिलिस्तीनी सिविल डिफेंस एजेंसी ने बताया कि इसराइल की चेतावनी के बाद स्कूल को खाली करा लिया गया था।

## ऑस्ट्रेलिया में तूफान से एक महिला की मौत, हजारों घरों की बिजली गुल

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया में सोमवार को आए शक्तिशाली तूफान की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया दक्षिण-पूर्वी हिस्से में तेज हवाओं के कारण विद्युत आपूर्ति भी ठप रही। सोमवार की सुबह खराब मौसम के कारण पेड़ गिरने से एक महिला की मौत हो गई। एक अन्य व्यक्ति मामूली रूप से घायल हो गया जिसे पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। रविवार की रात तेज हवाओं और भारी बारिश के कारण पूरे दक्षिण-पूर्वी ऑस्ट्रेलिया में काफी नुकसान हुआ।

## सपा नेता नवाब सिंह यादव का दुष्कर्म पीड़िता बच्ची के साथ डीएनए सैंपल मैच

**एजेंसी, कन्नौज**

**सपा** नेता और पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव का नाबालिग रेप पीड़िता के साथ डीएनए सैंपल मैच हुआ है। इसके साथ ही पीड़िता के साथ बलात्कार की पुष्टि हो गई है।

फॉरेंसिक टेस्ट रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। डीएनए सैंपल मैच होने के बाद अब नवाब सिंह की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। रेप के साथ-साथ पुलिस पॉक्सो एक्ट के तहत चार्जशीट दाखिल करेगी। बीते 11 अगस्त की रात को कन्नौज में पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव ने नाबालिग लड़की के साथ रेप की घटना को अंजाम दिया था। इस दौरान पीड़िता ने 112 नंबर डायल कर पुलिस को कॉल किया था और मामले की जानकारी दी थी, जिसके बाद 112 और कोतवाली पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। पुलिस ने बुआ को कस्टडी में लेकर पूछताछ की थी।

## शेयर बाजार

### निफ्टी इंडेक्स ने लगातार 13 दिन चढ़कर बंद होने का बनाया रिकॉर्ड

## सेंसेक्स 194 अंक चढ़ा, निफ्टी नए शिखर पर

**एजेंसी, मुंबई**

निफ्टी इंडेक्स ने लगातार 13 दिन चढ़कर बंद होने का रिकॉर्ड बनाया। इससे पहले 2007 में निफ्टी में लगातार 11 दिन की तेजी दिखी थी। वहीं, जनवरी 2015 और अप्रैल 2014 में लगातार 10 दिन की तेजी आई थी।

2 सितंबर सेंसेक्स ने 82,725 और निफ्टी ने 25,333 का ऑल टाइम हाई बनाया। हालांकि, इसके बाद सेंसेक्स थोड़ा नीचे आया और 194 अंक की तेजी के साथ 82,559 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 42 अंक की तेजी रही, ये 25,278 पर बंद हुआ। एशियाई बाजार में आज मिला-जुला कारोबार देखने को मिल रहा है। जापान के निक्केई इंडेक्स में 0.14 फीसदी की तेजी रही। हॉन्गकॉन्ग के हैंगसेंग में 1.65 फीसदी और चीन के शंघाई कंपोजिट में 1.10 फीसदी की गिरावट रही। 30 अगस्त को अमेरिकी बाजार का डाओ जोंस 0.55 फीसदी चढ़कर 41,563 के स्तर पर बंद हुआ। नैस्डैक 1.13 फीसदी चढ़ा, ये 17,713 के स्तर पर बंद हुआ।




### इन शेयर्स का इंट्राडे में रहा जलवा

**टीसीएस,** इंफोसिस, आईटीसी, एचसीएल टेक, भारती एयरटेल, सन फार्मा और बजाज फिनसर्व जैसे कुछ दिग्गज शेयरों सहित 320 से अधिक शेयरों ने बीएसई पर इंट्राडे ट्रेड में अपने 52 सप्ताह के नए उच्चतम स्तर को छुआ टीसीएस और भारती एयरटेल ने सर्वकालिक उच्चतम स्तर को छुआ। बड़े शेयरों में बजाज ऑटो, बीपीसीएल, अपोलो हॉस्पिटल्स, सिप्ला, डिवीज लैब्स, एचडीएफसी लाइफ, एसबीआई लाइफ, आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी, ल्यूपिन, नौकरी, पर्सिस्टेंट सिस्टम्स और पीआई इंडस्ट्रीज शामिल हैं।

## यूपी में भेड़ियों ने फिर किए हमले अढ़ाई साल की बच्ची की मौत

**एजेंसी, बहराइच**

**बहराइच** की महसी तहसील में आतंक का पर्याय बने भेड़ियों के हमले जारी हैं। रविवार रात को भेड़िये हमले में अढ़ाई साल की एक बच्ची की मौत हो गयी और एक बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि भेड़िये के हमले में ढाई वर्षीय अंजली (पुत्री कमल कश्यप) की मौत हो गई है और एक महिला घायल हुई है।

**बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल**

जुलाई से अब तक हिंसक वन्य जीव के हमलों से मौत की यह आठवीं घटना है। ग्रामीणों ने बताया कि महसी तहसील क्षेत्र के हरदी थाना इलाके में गरेठी गुरुदत्त सिंह के नव्वन गरेठी मजरे में रविवार रात घर में मां के साथ सो रही ढाई साल की बच्ची अंजलि को भेड़िया उठा गया। चीख सुनने पर परिजन उसके पीछे भागे, लेकिन कोई पता नहीं चल सका। तलाश करने पर गांव से एक किलोमीटर की दूरी पर अंजलि का क्षत-विक्षत शव पाया गया। भेड़िया बच्ची के दोनों हाथ खा गया।



# पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी कुमार नितेश ने पैरालंपिक में जीता स्वर्ण

## पदक तालिक (टॉप-10)

| क्रम | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | चीन | 36 | 28 | 12 | 76 |
| 02. | ग्रेट ब्रिटेन | 23 | 12 | 08 | 43 |
| 03. | अमेरिका | 09 | 14 | 10 | 33 |
| 04. | ब्राजील | 09 | 04 | 15 | 28 |
| 05. | फ्रांस | 08 | 09 | 12 | 29 |
| 06. | ऑस्ट्रेलिया | 07 | 06 | 10 | 23 |
| 07. | नीदरलैंड | 07 | 02 | 04 | 13 |
| 08. | इटली | 05 | 05 | 10 | 29 |
| 09. | उज्बेकिस्तान | 05 | 04 | 03 | 12 |
| 10. | स्पेन | 04 | 03 | 09 | 16 |
| 22. | भारत | 02 | 03 | 04 | 09 |

**एजेंसी, पेरिस**

पेरिस पैरालिंपिक में भारत ने दूसरा गोल्ड मेडल जीत लिया है। बैडमिंटन मेंस सिंगल्स की एसएल 3 कैटेगरी में नितेश कुमार ने फाइनल जीता। उन्होंने ग्रेट ब्रिटेन के डैनियल बेथेल को 21–14, 18–21, 23–21 से हराया। पैरालंपिक में भारत अब तक 2 गोल्ड, 3 सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज जीत चुका है। नितेश ने पहला गेम 21–14 से जीता, दूसरा गेम बेथेल 18–21 से जीत गए।

तीसरे गेम में मामला 21–21 की बराबरी पर पहुंच गया, यहां नितेश ने लगातार 2 पॉइंट्स लिए और गोल्ड जीत लिया। नितेश से पहले अवनी लेखरा ने शूटिंग में गोल्ड जीता था। नितेश एसएल 3 कैटेगरी में खेलते हैं। इस कैटेगरी में वे एथलीट्स आते हैं, जिन्हें चलने में दिक्कत होती है।



## योगेश कथुनिया ने चक्का फेंक स्पर्धा में जीता रजत पदक

**भारत** के योगेश कथुनिया ने पेरिस पैरालंपिक में पुरुषों के एफ56 चक्का फेंक स्पर्धा में 42.22 मीटर के सत्र के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ सोमवार को यहां रजत पदक जीता। इस 27 साल के खिलाड़ी ने अपने पहले प्रयास में मौजूदा सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 42.22 मीटर की दूरी तय की। ब्राजील के क्लॉडनी बतिस्ता डॉस सैंटोस ने अपने पांचवें प्रयास में 46.86 मीटर की दूरी के साथ इन खेलों का नया रिकॉर्ड कायम करते हुए पैरालंपिक में स्वर्ण पदक की हैट्रिक पूरी की।

PARIS 2024



## बैडमिंटन खिलाड़ी थुलासिमथी मुरुगेसन फाइनल में

**भारतीय** बैडमिंटन खिलाड़ी थुलासिमथी मुरुगेसन ने हमवतन मनीषा रामदास को हराकर पैरालंपिक खेलों में महिला एकल एसयू5 वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया। तमिलनाडु की रहने वाली शीर्ष वरीयता प्राप्त मुरुगेसन ने सेमीफाइनल में मनीषा को 23-21, 21-17 से हराया। मुरुगेसन ने मैच के बाद कहा, ''यह सपना सच होने जैसा है। मैं खुश हूं लेकिन मुझे फाइनल के लिए तैयारी करनी होगी। मैंने इस मैच के लिए मानसिक रूप से तैयारी की है। मेरे और मनीषा के बीच हमेशा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होती है।''



एसयू5 श्रेणी में उन खिलाड़ियों को रखा जाता है जिनके ऊपर के अंगों में विकलांगता है। मनीषा के बाएं हाथ में जन्मजात विकार था। मुरुगेसन ने कम से कम रजत पदक पक्का कर लिया है। इस 22 वर्षीय खिलाड़ी को फाइनल में चीन की यांग क्यूक्सिया की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

## प्रीति पाल को 200 मीटर रेस टी-35 श्रेणी में कांस्य

**भारत** की प्रीति पाल ने 30.01 सेकंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ महिलाओं की 200 मीटर टी-35 श्रेणी में कांस्य पदक जीता जो पेरिस पैरालंपिक का उनका दूसरा पदक है। प्रीति (23 वर्ष) का कांस्य पेरिस में भारत का दूसरा पैरा एथलेटिक्स पदक भी है। टी35 में वो खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं जिनमें हाइपरटोनिया, अटैक्सिया और एथेटोसिस जैसी समन्वय संबंधी विकार होते हैं।

## राकेश कांस्य पदक के लिए भिड़ेंगे

**भारतीय** तीरंदाज राकेश कुमार पैरालंपिक के कंपाउंड पुरुष ओपन तीरंदाजी सेमीफाइनल में चीन के प्रतिद्वंद्वी एन शिनलियांग के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाने में विफल रहे और दो अंक से हार गए। दुनिया के नंबर-1 तीरंदाज राकेश अब कांस्य पदक के लिए खेलेंगे।

शिनलियांग ने सेमीफाइनल में राकेश को 145-143 से शिकस्त दी। यह चीन के खिलाड़ी की भारतीय खिलाड़ी पर लगातार तीसरी जीत है। राकेश का अभियान टोक्यो पैरालंपिक में शिनलियांग से क्वार्टर में इसी समान स्कोर से हार से समाप्त हुआ था। इससे पहले राकेश ने अपनी विश्व नंबर-1 रैंकिंग को सही साबित करते हुए लगातार शूट-ऑफ जीतते हुए पहली बार सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

## स्पोर्ट्स विंडो

### सीएम सुक्खू ने निषाद कुमार को रजत पदक जीतने पर दी बधाई

**गायत्री गर्ग, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पेरिस पैरालंपिक में जिला ऊना से संबंधित निषाद कुमार को ऊंची कूद में रजत पदक जीतने पर बधाई दी।



मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के लोगों के लिए यह गर्व की बात है कि प्रदेश के युवा ने इस खेल में अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए देश के लिए पदक जीता है। यह निषाद कुमार के कड़े परिश्रम, समर्पण और खेल के प्रति प्रतिबद्धता का सुखद परिणाम है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि निषाद कुमार की यह उपलब्धि प्रदेश के युवाओं को जीवन में आगे बढ़ने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करेगी। (अनंत ज्ञान)

### संन्यास पर साल के आखिर तक फैसला करेंगी साइना नेहवाल

**नई दिल्ली।** भारत की चोटी की बैडमिंटन खिलाड़ी और पूर्व ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल ने खुलासा किया है कि वह गठिया से जूझ रही हैं और उन्हें इस साल के अंत तक इस खेल में अपने भविष्य के बारे में फैसला करना होगा क्योंकि इस बीमारी के कारण उनके लिए सामान्य दिनों की तरह अभ्यास करना मुश्किल हो गया है। विश्व की पूर्व नंबर-1 खिलाड़ी 34 वर्षीय नेहवाल ने लंदन ओलंपिक-2012 में कांस्य पदक जीता था। तीन बार ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाली नेहवाल ओलंपिक में पदक जीतने वाली पहली भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी बनी थी। राष्ट्रमंडल खेल 2010 और 2018 की स्वर्ण पदक विजेता ने कहा कि वह अब इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं कर सकती हैं कि उनका करियर अपने अंतिम चरण में है। पद्मश्री पुरस्कार विजेता ने कहा कि ओलंपिक में खेलना उनका बचपन का सपना था और लगातार दो ओलंपिक खेलों में भाग नहीं ले पाना दुखद रहा है।



### धनश्री की खूबसूरती पर फैंस फिदा

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल की पत्नी धनश्री वर्मा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अपनी फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करती रहती हैं। सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर उनके 6 मिलियन से भी ज्यादा फॉलोअर्स हैं। धनश्री ने हाल ही में सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिस पर उनके फैंस खूब प्यार लुटा रहे हैं।



# यूएस ओपन : गत चैंपियन कोको गॉफ बाहर

## 19 डबल फॉल्ट का खामियाजा भुगतना पड़ा, एम्मा नवारो ने 6-3, 4-6, 6-3 से दी पटकनी

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

गत चैंपियन कोको गॉफ का अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल में अपने खिताब का बचाव करने का अभियान चौथे दौर में ही थम गया। तीसरी वरीयता प्राप्त गॉफ ने 19 डबल फॉल्ट किए, जिसका आखिर में उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा और वह एम्मा नवारो से 6-3, 4-6, 6-3 से हार गईं। गॉफ का पिछली कुछ प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। वह पेरिस ओलंपिक के तीसरे दौर में हार गई थी, जबकि अमेरिकी ओपन की तैयारी के सिलसिले में खेले गए टूर्नामेंट में भी वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थी।



### प्वाइंट कार्ड

| एम्मा नवारो | | कोको गॉफ |
|---|---|---|
| 01 | एस | 02 |
| 02 | डब्ल फॉल्ट | 19 |
| 66% | पहली सर्व | 46% |
| 67% | पहली सर्व जीती | 79% |
| 70% | दूसरी सर्व जीती | 61% |
| 4/12 | ब्रेक प्वाइंट | 2/5 |
| 00 | टाइब्रेक जीता | 00 |
| 100 | प्वाइंट जीते | 85 |

### एलेक्सी पोपिरिन का सफर भी थमा

**नोवाक** जोकोविच को हराने वाले 28 वरीयता प्राप्त एलेक्सी पोपिरिन का सफर भी लंबा नहीं चल पाया और वह फ्रांसिस टियाफो से 6-4, 7-6 (3), 2-6, 6-3 से हारकर बाहर हो गए। टियाफो का अगला मुकाबला ग्रिगोर दिमित्रोव से होगा, जिन्होंने एंड्री रुबलेव को 6-3, 7-6 (3), 1-6, 3-6, 6-3 से हराया। टेलर फ्रिट्ज ने तीन बार के ग्रैंड स्लैम फाइनलिस्ट कैस्पर रूड को 3-6, 6-4, 6-3, 6-2 से हराया। फ्रिट्ज के क्वार्टरफाइनल में प्रतिद्वंद्वी अलेक्जेंडर ज्वेरेव होंगे, जिन्होंने ब्रैंडन नकाशिमा को 3-6, 6-1, 6-2, 6-2 से पराजित किया।



नवारो का अगला मुकाबला पाउला बडोसा से होगा, जिन्होंने वांग याफान के खिलाफ 6-1, 6-2 से जीत दर्ज की। आर्यना सबालेंका भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। उन्होंने एलिस मर्टेंस को 6-2, 6-4 से हराया।

### बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी बाहर

रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन की तीसरे दौर में हार के साथ ही भारत की अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल में चुनौती समाप्त हो गई। बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी मैक्सिमो गोंजालेज और आंद्रेस मोल्टेनी की अर्जेंटीना की जोड़ी 1-6, 5-7 से हार गई। बोपन्ना और एबडेन ने इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में पुरुष युगल का खिताब जीता था। 44 वर्षीय बोपन्ना पहले ही डेविस कप से संन्यास लेने की घोषणा कर चुके हैं और यह देखना दिलचस्प होगा कि वह जनवरी 2025 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अपने खिताब का बचाव करने के लिए कोर्ट पर उतरेंगे या नहीं।

सुमित नागल शुरुआती दौर में हार के साथ पुरुष एकल से बाहर हो गए थे, जबकि युकी भांबरी और एन श्रीराम बालाजी इससे पहले टूर्नामेंट के विभिन्न चरणों में पुरुष युगल में हार गए थे। बोपन्ना की मिश्रित युगल में चुनौती अभी बरकरार है, जहां उन्होंने इंडोनेशिया की अल्दिला सुत्जियादी के साथ जोड़ी बनाई है। दिलचस्प बात यह है कि वह और एबडेन अब एक-दूसरे के आमने-सामने होंगे। मिश्रित युगल में एबडेन और चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजिसिकोवा को चौथी वरीयता दी गई है।

## डेविस कप मुकाबले से हटे सुमित नागल



**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल पीठ की चोट के कारण स्वीडन के खिलाफ आगामी डेविस कप मुकाबले से सोमवार को हट गए।

नागल हाल ही में अमेरिकी ओपन में अपने पहले दौर के एकल मुकाबले में टालोन ग्रिक्सपुर से हार गए थे। भारत और स्वीडन के बीच स्टॉकहोम में इनडोर हार्ड-कोर्ट प्रतियोगिता 14-15 सितंबर को खेली जाएगी।

नागल ने सोशल मीडिया पर लिखा, ''मैं स्वीडन के खिलाफ आगामी डेविस कप मुकाबले में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए वास्तव में उत्सुक था। मुझे हालांकि पीठ में दर्द की समस्या पिछले कुछ सप्ताह से परेशान कर रही है। डॉक्टरों ने मुझे अगले दो सप्ताह तक आराम करने की सलाह दी है, जिससे मेरे पास तैयारी करने और स्वीडन में प्रतिस्पर्धा करने के लिए पर्याप्त समय नहीं है।''

नागल के हटने के बाद रिजर्व खिलाड़ी आर्यन शाह को मुख्य टीम में शामिल किया गया है जबकि मानस धमने को स्टैंडबाय पर रखा गया है। नागल जुलाई में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 68 पर पहुंच गए थे लेकिन नवीनतम रैंकिंग में गिरकर 82 पर आ गए हैं।

# पाकिस्तान के खिलाफ बांग्लादेश जीत से 143 रन दूर

**एजेंसी, रावलपिंडी**

युवा तेज गेंदबाजों हसन महमूद और नाहिद राणा ने आपस में 9 विकेट साझा कर के सोमवार को दूसरे टेस्ट के चौथे दिन पाकिस्तान की दूसरी पारी को 172 रन पर समेट दिया, जिससे बांग्लादेश के पास दो मैचों की सीरीज में सूपड़ा साफ करने का मौका है।

खराब रोशनी और फिर बारिश के कारण दिन के आखिरी सत्र में सिर्फ एक ओवर का खेल हो गया। बांग्लादेश ने जीत के लिए 185 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सात ओवरों में बिना किसी नुकसान के 42 रन बना लिए थे। मैच के आखिरी दिन अब टीम को जीत के लिए 143 रन की जरूरत है और उसके सभी विकेट बचे हुए है।

बांग्लादेश की टीम अगर इस मैच को जीतने या ड्रॉ कराने में सफल रही तो यह टेस्ट सीरीज में पाकिस्तान के खिलाफ उसकी पहली जबकि विदेशी सरजमीं द्विपक्षीय सीरीज में दूसरी जीत होगी। टीम इससे पहले 2009 में वेस्टइंडीज में टेस्ट सीरीज अपने नाम करने में सफल रही थी।



साझेदारी के दौरान रन लेते बांग्लादेश के ओपनर्स।

## बधिर निशानेबाजी विश्व चैंपियनशिप

# धनुष का विश्व रिकॉर्ड, भारत ने पुरुष एयर राइफल में तीनों पदक जीते

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत ने जर्मनी के हेनोवर में दूसरी विश्व बधिर निशानेबाजी चैंपियनशिप के दूसरे दिन पुरुष 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में दबदबा बनाया। धनुष ने पहले क्वालीफिकेशन दौर में 632.7 के साथ विश्व रिकॉर्ड बनाया और फिर फाइनल में भी 251.7 अंक के साथ पिछले विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा। शौर्य ने फाइनल में 249.9 अंक के साथ रजत पदक जीता। मुर्तजा वानिया ने 226.2 अंक के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। महिला वर्ग में माहित संधू और नताशा जोशी ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते।



## साहस

### लॉस एंजिल्स की मैराथन तैराक डायना न्याड ने क्यूबा से फ्लोरिडा तक स्थापित किया आयाम

# 64 की उम्र में बिना शार्क तैरकर पार की 110 मील की दूरी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कल्पना कीजिए, विशाल समुद्र के बीचों-बीच, अनजान खतरों और शार्क से घिरे हुए, बिना किसी शार्क केज के, मीलों की दूरी तैरते हुए पार करना, वह भी 64 साल की उम्र में। यह साहसिक कारनामा कर दिखाया था लॉस एंजिल्स की मैराथन तैराक डायना न्याड ने। उन्होंने क्यूबा से फ्लोरिडा तक 110 मील की दूरी तैरकर बिना शार्क केज के पार करने वाली पहली व्यक्ति बनने का गौरव हासिल किया। उनके इस साहसिक कारनामे ने न केवल तैराकी की दुनिया में, बल्कि मानव क्षमता की सीमाओं को भी एक नया आयाम दिया। क्यूबा से फ्लोरिडा तक का सफर हमेशा से ही तैराकों के लिए एक चुनौतीपूर्ण मार्ग रहा है। इस दूरी को पार करने की कोशिशें तो पहले भी हुई थीं, लेकिन ज्यादातर ने शार्क से बचने के लिए पिंजरे का इस्तेमाल किया था, डायना ने भी अपनी पहली कोशिश 28 साल की उम्र में की थी, लेकिन वह इस चुनौती को पूरा नहीं कर सकीं। यह अधूरी इच्छा उनके दिल में हमेशा बनी रही, और 60 साल की उम्र में उन्होंने इसे पूरा करने का निर्णय लिया।



फ्लोरिडा स्ट्रेट्स का पानी तापमान में गर्म और खतरनाक समुद्री जीवों से भरा होता है। शार्क के अलावा, बॉक्स जेलीफिश भी वहां पाई जाती हैं, जिनके डंक में इतना जहर होता है कि वह इंसान को अपंग कर सकता है, या मौत के घाट उतार सकता है। इसके अलावा, पानी की धाराएं भी अनिश्चित होती हैं, इसलिए एक अनुभवी नेविगेटर की जरूरत होती है। डायना के साथ भी एक टीम थी, जिसमें नेविगेटर, जेलीफिश और शार्क विशेषज्ञ और डॉक्टर शामिल थे।

### मानसिक ताकत की जीत : डायना न्याड

**इतनी** लंबी और कठिन तैराकी के बाद डायना न्याड ने अपने अनुभव के बारे में कहा, 'मैं नरक से गुजरी हूं, सांस लेना मुश्किल था। खारा पानी अपने अंदर न लेना और भी मुश्किल था, लेकिन आप कभी इतने बूढ़े नहीं होते कि अपने सपने को पूरा न कर सकें।'

स्थिति ऐसी हो गई थी कि रात में उनकी जीभ और होंठ भी सूज गए थे, उनको लगातार तैराकी के साथ अपनी उर्जा को बनाने के लिए हाई कैलोरी फूड दिया जा रहा था, लेकिन उनके जज्बे ने उम्र को महज एक संख्या साबित कर दिया। डायना के इस साहसिक कारनामे ने मानसिक ताकत की अहमियत को फिर से स्थापित किया और दिखाया कि सही ट्रेनिंग से उम्र के साथ सहन-शक्ति को भी बढ़ाया जा सकता है।

### 5वें प्रयास में सफलता

डायना ने 60 से 64 साल की उम्र के बीच पांच बार इस दूरी को पार करने की कोशिश की। तीन बार वह मौत के मुंह से बची थीं, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। आखिरकार, 2 सितंबर को अपने 5वें प्रयास में, उन्होंने 53 घंटे की लगातार तैराकी के बाद 110 मील की दूरी पार कर ली और क्यूबा से वेस्ट, फ्लोरिडा पहुंचीं।

### दुनिया के लिए प्रेरणा

डायना न्याड के इस कारनामे ने दुनिया को प्रेरित किया। उनके साहस और धैर्य ने साबित कर दिया कि अगर ठान लिया जाए, तो कुछ भी असंभव नहीं है। उनकी इस प्रेरणादायक कहानी को लेकर 2023 में नेटफ्लिक्स पर 'न्याड' नाम की एक फिल्म भी बनाई गई, जिसे आईएमडीबी पर 7.1 की रेटिंग मिली है।

# इंग्लैंड ने श्रीलंका को दूसरे टेस्ट में 190 रनों से दी मात



विकेट लेने के बाद खुशी व्यक्त करते इंग्लैंड के गेंदबाज गस एटकिंसन।

**एजेंसी, लंदन**

इंग्लैंड ने गस एटकिंसन के पांच विकेट के दम पर तीन मैचों की सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में श्रीलंका को 190 रन से शिकस्त देकर 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। जीत के लिए रिकॉर्ड 483 रन का पीछा करते हुए श्रीलंका की टीम मैच के चौथे दिन चाय के विश्राम के तुरंत बाद अपनी दूसरी पारी में 292 रन पर सिमट गई।

मैच की पहली पारी में शतक लगाने वाले एटकिंसन ने दूसरी पारी में 62 रन देकर पांच विकेट चटकाए। इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज जो रूट ने इस मैच की दोनों पारियों में शतक लगाकर टीम की बड़ी जीत की नींव रखी।